सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 04 नम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 298, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## कंपनियों की पूंजी 1.07 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,07,366 .05 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

## भारत-चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने में कुछ प्रगति की : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में कुछ प्रगति की है। उन्होंने इस घटनाक्रम को स्वागत योग्य कदम बताया। } 16



### संक्षेप

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब

नयी दिल्ली। दिल्ली में रविवार सुबह धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 369 दर्ज किया गया, जो शनिवार को दर्ज किए गए एक्यूआई 290 से काफी अधिक है। कुछ निगरानी केंद्रों में एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया जो कि गंभीर श्रेणी को दिखाता है। सीपीसीबी के समीर ऐप के आंकड़ों में दिखाया गया कि 38 निगरानी केंद्रों में से आठ केंद्र आनंद विहार, वजीरपुर, रोहिणी, पंजाबी बाग, नेहरू मार्ग, मुंडका, जहांगीरपुरी और अशोक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कार सवार ने एक पुलिस वाले को कई मीटर तक घसीटा

नई दिल्ली। दिल्ली के किशनगढ़ थाना इलाके में कार सवार ने तीन पुलिस वालों को टक्कर मारी। एक पुलिस वाले को कई मीटर तक घसीटा। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। दक्षिण पश्चिमी जिले के किशनगढ़ क्षेत्र में कार सवार ने दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी। उसके बाद बोनट पर लटके एक पुलिसकर्मी को करीब 30 से 35 मीटर तक घसीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किशनगढ़ थाना पुलिस ने घायल यातायात पुलिसकर्मियों के इलाज के बाद लिए गए बयान के आधार पर कार चालक के खिलाफ हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कार की पहचान कर ली गई है। कार नांगल देवत, वसंत कुंज निवासी जय भगवान के नाम पर रजिस्टर्ड है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है। इस वारदात की एक वीडियो भी सामने आई है जिसमें आरोपी दो ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हावड़ा मेल के डिब्बे में धमाका, 4 घायल

फतेहगढ़। पंजाब के फतेहगढ़ जिले में सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास हावड़ा मेल के एक डिब्बे में धमाका हो गया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। अमृतसर से हावड़ा जा रही गाड़ी संख्या- 13006 में एक सामान्य श्रेणी के डिब्बे में धमाका हुआ। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकारियों ने घटना की जानकारी दी। घटना शनिवार रात करीब 10:30 बजे की है। ट्रेन के डिब्बे में पटाखों से भरी एक प्लास्टिक की बाल्टी में धमाका हुआ। इस घटना में एक महिला समेत चार यात्री घायल हो गए। जीआरपी के पुलिस उपाधीक्षक जगमोहन सिंह ने बताया कि घायलों को फतेहगढ़ साहिब के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 24 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत की करारी हार

एजेंसी

मुंबई। न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हरा दिया है। कीवियों ने बंगलूरू में पहला टेस्ट आठ विकेट से जीता था। इसके बाद पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की टीम ने 113 रन से जीत हासिल की थी।

कीवी टीम ने भारत को भारत में लगातार तीन टेस्ट मैच में हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। 24 साल बाद किसी टीम ने भारतीय जमीन पर भारत का सफाया किया है। इससे पहले साल 2000 में साउथ अफ्रीका ने भारत को भारत में 2-0 से हराया था। अब मुंबई में तीसरे टेस्ट को कीवी टीम ने 25 रन से अपने नाम किया। लगातार तीन हार ने टीम इंडिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह बेहद मुश्किल कर दी है। अब भारत को फाइनल से पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भिड़ना है। हालांकि, टीम इंडिया को यह सीरीज कंगारुओं के घर पर खेलनी है। फाइनल के लिए भारतीय टीम को श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने की उम्मीद है। भारतीय टीम को लगातार तीन टेस्ट हार से नुकसान हुआ है। टीम इंडिया पहले से दूसरे स्थान पर लुढ़क गई है। भारत ने 2023-25 चक्र में अब तक 14 टेस्ट खेले हैं। इसमें से आठ में जीत हासिल की है और पांच में भारत को हार का सामना करना पड़ा है। (विस्तृत खबर खेल पेज 15 पर)

## भारत को बनायेंगे टीबी मुक्त : मोदी

### डब्ल्यूएचओ ने 2015 से 2023 तक टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ भारत की उल्लेखनीय प्रगति को मान्यता दी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत में टीबी के मामलों में आई कमी को देश के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम करार दिया तथा कहा कि एक सामूहिक भावना के माध्यम से टीबी मुक्त भारत की दिशा में प्रयास जारी रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही।

नड्डा ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से टीबी संक्रमण के खिलाफ भारत की लड़ाई पर जारी एक रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि केन्द्र सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। नड्डा ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने 2015 से 2023 तक टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ भारत की उल्लेखनीय प्रगति को मान्यता दी है और यह दर 8.3 प्रतिशत की वैश्विक गिरावट के दोगुने से भी अधिक है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सराहनीय प्रगतिउ क्षयरोग के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। एक सामूहिक भावना के माध्यम से, हम टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करते रहेंगे।

### असम के लोगों को दी भाषा गौरव सप्ताह की शुभकामना

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने की खुशी में असम में मनाये जा रहे भाषा गौरव सप्ताह की शुभकामनाएं दीं और कामना की कि यह आयोजन लोगों और असमिया संस्कृति के बीच संबंध को और गहरा करे। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाषा गौरव सप्ताह एक उल्लेखनीय प्रयास है, जो असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर लोगों के उत्साह को दर्शाता है। मेरी शुभकामनाएं। सप्ताह भर होने वाले कार्यक्रम लोगों और असमिया संस्कृति के बीच संबंध को और गहरा करें। मैं असम से बाहर के असमिया लोगों से भी इसमें भाग लेने का आग्रह करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिम्मत विश्व शर्मा के उस पोस्ट के जवाब में यह बात कही।

# प्रधानमंत्री को योगी ने दिया महाकुंभ का न्योता

### पीएम मोदी और जेपी नड्डा से की मुलाकात, यूपी उपचुनाव की रणनीति पर की चर्चा

एजेंसी



नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनाव से पहले सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ अचानक दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री के साथ योगी की एक घंटे से अधिक समय तक बैठक चली। सूत्रों ने बताया कि सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज आने का न्योता दिया। सूत्रों ने आगे बताया कि योगी और नड्डा ने राज्य में होने वाले आगामी उपचुनावों पर भी चर्चा की। इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में कयासों का बाजार गर्म हो गया है। पीएम आवास पर नरेंद्र मोदी-योगी आदित्यनाथ की इस मुलाकात को कई वजहों से काफी अहम माना जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि दिवाली के बाद सीएम राज्य से बाहर गए थे और इस दौरान उन्होंने भाजपा के एक वरिष्ठ नेता से मुलाकात की थी। सियासी हलकों में इसे दिवाली पर औपचारिक शिष्टाचार भेंट भी बताया गया। लेकिन सियासत में शिष्टाचार भेंट के भी अपने मायने होते हैं। वैसे यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होने हैं, जिसके चलते इस मुलाकात के राजनीतिक मायने भी निकलने की संभावना है। जिन नौ विधानसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, उनमें से पांच पर बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और चार पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। सपा पूरी ताकत से उपचुनाव लड़ रही है, जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री से विशेष चर्चा की। योगी आदित्यनाथ ने कुछ समय पहले चुनावी बयानबाजी के दौरान कहा था कि अगर बांटेंगे तो कटेंगे। उनका यह बयान विपक्ष के निशाने पर रहा, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण के दौरान कहा कि एक हैं तो हम सुरक्षित हैं। हालांकि, यूपी के प्रयागराज में जनवरी 2025 में होने वाले महाकुंभ के लिए नया लोगो जारी किया गया है। इसके साथ ही सीएम ने महाकुंभ की तैयारियों के बारे में पीएम को जानकारी दी है। इसके बाद सीएम योगी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। सूत्रों की मानें तो नड्डा के आवास पर मुलाकात कर योगी आदित्यनाथ ने जहां उपचुनाव की तैयारियों के संबंध में उन्हें जानकारी दी, वहीं पार्टी के सदस्यता अभियान और संगठन से जुड़ी तमाम गतिविधियों के बारे में पार्टी आलाकमान कोबताया। समझा जा रहा है कि योगी संवाद कार्यक्रमों के जरिए यूपी फतह की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

## सीएम योगी को जान से मारने की धमकी देने वाली गिरफ्तार



एजेंसी

मुंबई। मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश भेजने के आरोप में एक युवती को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी युवती की पहचान फातिमा खान (24) के रूप में की गई है, वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती है।

अधिकारी ने बताया कि उसने सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी की है। अधिकारी ने बताया कि उसके पिता का लकड़ी का कारोबार है। पुलिस ने बताया कि युवती शिक्षित है लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है। अधिकारी ने बताया कि मुंबई यातायात पुलिस के व्हॉट्सऐप पर शनिवार को किसी अज्ञात नंबर से एक संदेश आया, जिसमें धमकी दी गई कि अगर आदित्यनाथ ने 10 दिन के भीतर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया तो उन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि फातिमा ने यह संदेश भेजा था। अधिकारी ने बताया कि मुंबई आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने उल्हासनगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में युवती का पता लगाया और उसे हिरासत में ले लिया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। अधिकारी ने बताया कि आदित्यनाथ राज्य विधानसभा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संविधान की रक्षा करना ही प्रमुख लड़ाई

एजेंसी



वायनाड (केरल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि आज देश में प्रमुख लड़ाई संविधान की रक्षा और संरक्षण के लिए है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान नफरत से नहीं, बल्कि विनम्रता और प्रेम से लिखा गया था। लोकसभा सदस्य ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के लिए प्रचार के तहत यहां मनंतवडी में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा, आज मुख्य लड़ाई देश के संविधान को बचाने के लिए है।

वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए प्रियंका कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, संविधान नफरत या घृणा से नहीं लिखा गया। यह उन लोगों द्वारा लिखा गया जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, जिन्होंने पीड़ा झेली, जिन्होंने वर्षों जेल में बिताए और उन्होंने संविधान को विनम्रता, प्रेम तथा स्नेह से लिखा। उन्होंने कहा कि यह प्रेम और नफरत के बीच की लड़ाई है। गांधी ने कहा कि आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई। और अगर आप वास्तव में इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपने दिल से गुस्सा, अपने दिल से नफरत को हटाकर और इसकी जगह प्रेम, विनम्रता और करुणा को लाकर मदद करनी चाहिए। उन्होंने अपनी बहन की खूबियों का जिक्र किया और अपने बचपन की पुरानी यादें साझा कीं। राहुल गांधी ने पुरानी बातों को याद करते हुए कहा, वह (प्रियंका गांधी) वही इंसान है जिसने मेरे पिता (राजीव गांधी) की हत्या में शामिल लड़की को गले लगाया। नलिनी से मिलने के बाद वापस आने पर उसने मुझसे कहा कि वह भावुक हो गई और फिर उसने मुझसे कहा कि मुझे उसके लिए बुरा लग रहा है। उन्होंने कहा कि उसने यही सीखा है। और मेरे हिसाब से, इसी तरह की राजनीति भारत में की जानी चाहिए। नफरत की राजनीति नहीं, बल्कि प्यार और स्नेह की राजनीति की जानी चाहिए। प्रियंका ने अपने प्रचार अभियान के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ अपना हमला जारी रखा और आरोप ...शेष पृष्ठ 14 पर

## करोड़ों मतदाताओं ने समय पूर्व किया मतदान

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव : न्यूयॉर्क ने समय पूर्व वोटिंग के मामले में बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी



न्यूयॉर्क। अमेरिका में इस बार राष्ट्रपति चुनाव में न्यूयॉर्क का 42 ब्रॉडवे एक अहम गंतव्य है, जहां निर्वाचन बोर्ड का दफ्तर स्थित है।

कार्यकारी निदेशक माइकल रेयान और उनके डिप्टी विंसेंट इग्निजियो न्यूयॉर्क में मतदान तिथि से पहले पड़े वोटों की संख्या को लेकर खासे उत्साहित हैं। समय पूर्व वोटिंग व्यवस्था के तहत न्यूयॉर्क में पहले दिन करीब1,40,000 लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। रेयान ने कहा कि हम अपनी पीठ नहीं थपथपाना चाहते, लेकिन हम इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। न्यूयॉर्क ने समय पूर्व वोटिंग के मामले में पहले ही रिकॉर्ड कायम कर लिया है और मतदान अभी भी जारी है। अमेरिका के विभिन्न प्रांतों में करोड़ों मतदाताओं ने मतदान तिथि (पांच नवंबर) से पहले ही अपने वोट डाल दिए हैं। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के इलेक्शन लैब ट्रैकर के आंकड़ों के मुताबिक, 6.8 करोड़ से अधिक अमेरिकी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। पूरे अमेरिका में मतदाता समय पूर्व मतदान व्यवस्था से मिलने वाली सहूलियत का लाभ उठा रहे हैं, फिर चाहे वह डाक मतपत्रों के माध्यम से हो या फिर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालकर। समय पूर्व मतदान व्यवस्था मतदाताओं को खराब मौसम, मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने, व्यस्तताओं के कारण वोट न डालने या चुनाव के दिन व्यक्तिगत कार्यक्रमों में बदलाव करने के झंझट से मुक्ति दिलाती है। रेयान का मानना है कि समय पूर्व मतदान के प्रति सकारात्मक रुझान सुनिश्चित करने में कई कारकों ने अहम भूमिका निभाई, कम से कम न्यूयॉर्क शहर में।उन्होंने कहा कि 2020 में समय पूर्व मतदान के लिए 100 से भी कम मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस साल यह संख्या उससे लगभग 50 फीसदी अधिक है।

न्यूयॉर्क शहर के मैनहट्टन क्षेत्र में जॉन जे कॉलेज में समय पूर्व वोटिंग की सुविधा देने वाला एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- उप्र उपचुनाव से पहले राजनीतिक दलों में नारों की जंग (पृष्ठ-02)
- दुधवा राष्ट्रीय उद्यान की समृद्ध जैव विविधता को फिर किया जाहिर (पृष्ठ-02)
- कीमतें घटने से सीमेंट कंपनियों का मुनाफा प्रभावित (पृष्ठ-14)
- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से तय होगी बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** प्रयागराज महाकुंभ : जगह-जगह हुआ संतों का भव्य स्वागत, गूंजते रहे जयकारे, सुसज्जित रथों-बग्घियों पर सवार रहे साधु-संत

# राजशाही अंदाज में जूना अखाड़े के साधु-संतों का नगर प्रवेश

जिला संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज संगम तट पर होने वाले महाकुंभ महापर्व के लिए श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के साधु-संतों ने राजशाही अंदाज में नगर प्रवेश किया। ढोल-नगाड़े और बाजे-गाजे के साथ रथों पर सवार होकर साधु-संत यात्रा में शामिल हुए।

अंदावा स्थित रामापुर से शुरू हुई नगर प्रवेश यात्रा में सुसज्जित रथ, घोड़े, बग्घी आदि शामिल रहे। जगह-जगह संतों का स्वागत किया गया। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी संत भी शामिल हुए। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि के दिशा निर्देशन में नगर प्रवेश यात्रा रामापुर से शुरू होकर श्री मौजगिरि श्री पंच दशनाम तक पहुंची। जगद्गुरु शंकराचार्य गुजरात पीठाधीश्वर महेंद्रानंद गिरि महाराज, श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, पूर्व सभापति श्रीमहंत उमा भारती महाराज, श्रीमहंत पृथ्वी गिरि महाराज, श्रीमहंत केदारपुरी महाराज, श्रीमहत सिद्धेश्वर यति महाराज, श्रीमहंत प्रेम भारती महाराज, श्रीमहंत शांति गिरि महाराज, श्रीमहंत राम गिरि महाज, श्रीमहंत सिद्धेश्वर गिरि महाराज, श्रीमहंत धनंजय गिरि महाराज, श्रीमहंत मुकुंद पुरी महाराज, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, श्रीमहंत गणपत गिरि महाराज, थानापति धीरज गिरि महाराज, थानापति रवि गिरि महाराज, थानापति मनोज गिरि महाराज, थानापति मुन्ना गिरि महाराज, थानापति कुशपुरी महाराज, रमतापंच के श्रीमहंत निरजंन भारती, श्रीमहंत रामचंद्र गिरि महाराज, श्रीमहंत द्विजपुरी महाराज, श्रीमहंत मोहन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी भाजपा : शाह

एजेंसी



रांची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को घोषणा की है कि अगर भारतीय जनता पार्टी झारखंड में सत्ता में आई तो राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी।

लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। शाह ने झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र- संकल्प पत्र - जारी करते हुए घोषणा की कि राज्य में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा। शाह ने रांची में कहा, हमारी सरकार झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। (राज्य में) झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) सरकार इस झूठ का प्रचार कर रही है कि समान नागरिक संहिता से आदिवासियों के अधिकार के अलावा उनकी संस्कृति प्रभावित होगी। यह पूरी तरह निराधार है, क्योंकि उन्हें इसके दायरे से बाहर ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# सोलर और बॉयो एनर्जी की ताकत से दौड़ेगा देश का ग्रोथ इंजन यूपी

## अगले तीन साल में यूपी को ऊर्जा सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी, इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 80 हजार घरों की छत पर लगेंगे सोलर पैनल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा और बायो एनर्जी पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का निर्धारण किया है।

- **यूपी की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनेगा अक्षय ऊर्जा सेक्टर**
- **किसानों की बंजर भूमि से दो हजार मेगावॉट बिजली पैदा करने का लक्ष्य**

इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य न केवल प्रदेश में बिजली की मांग को शत प्रतिशत पूरा करना है, बल्कि राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना भी है। योगी सरकार अगले ढाई से तीन साल में यूपी को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन मोड में जुटी हुई है।

**हर घर तक सौर ऊर्जा पहुंचाने की योजना :** सौर ऊर्जा के मामले में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में योगी सरकार तेजी से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पीएम सूर्यघर योजना' के तहत योगी सरकार ने अगले ढाई से तीन वर्ष में 25 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का संकल्प लिया है। अब तक 48 हजार से अधिक घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं और वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक और 30 हजार घरों को भी सौर ऊर्जा का लाभ मिल चुका होगा। इसी साल शुरू हुई पीएम मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना में आने वाले वक्त में और भी तेज गति से वृद्धि दर्ज की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य न केवल घरों में





ऊर्जा आपूर्ति को सशक्त करना है, बल्कि बिजली बिलों में कमी लाते हुए पर्यावरण संरक्षण को भी प्रोत्साहित करना है। इसी प्रकार 'पीएम कुसुम योजना' के तहत 2027 तक 2000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे किसानों को उनकी बंजर भूमि पर सोलर पैनल लगाने के साथ ही अतिरिक्त आय का स्रोत प्राप्त हो सकेगा।

**बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा परियोजनाओं का होगा विस्तार :** योगी सरकार यूटिलिटी स्केल सौर परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही है। इसमें 4800 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्कों का निर्माण भी शामिल है, जिनकी टेंडरिंग प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, प्रदेश में सात जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट्स की स्थापना की योजना भी है, जिसे नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी), टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (टीएचडीसी) और सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2027 तक राज्य की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 14,000 मेगावाट तक पहुंचाना है।

**जैव ऊर्जा में प्रगति :** योगी सरकार का लक्ष्य जैव ऊर्जा के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है। अगले दो वर्ष में बायो कम्प्रेस्ड गैस की क्षमता को 1000 टीपीडी, बायो कोल की क्षमता को 4000 टीपीडी और बायो डीजल की क्षमता को 2000 केएलपीडी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत बायो कम्प्रेस्ड गैस के 210 टीपीडी की क्षमता वाले संयंत्र पहले से ही क्रियाशील हैं और कई अन्य परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं। इस पहल से प्रदेश में प्रदूषण कम होगा और रोजगार की नई संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

**पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही सरकार :** प्रदेश में भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। अगले 10 वर्षों के दौरान होने वाले नए उद्योगों की स्थापना को ध्यान में रखते हुए आधुनिक ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने और पुराने संयंत्रों का उन्नयन किए जाने का पूरा खाका योगी सरकार ने पहले ही खींच रखा है। इससे ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति तो सुनिश्चित होगी ही, साथ ही औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। उत्तर प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में योगी सरकार के ये प्रयास प्रदेश की आर्थिक वृद्धि, औद्योगिक विकास, और पर्यावरण संरक्षण में सहायक साबित होंगे। इन योजनाओं से उत्तर प्रदेश न केवल सौर और जैव ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल भी प्रस्तुत करेगा।

- **भविष्य की जरूरतों और खपत को ध्यान में रखकर ऊर्जा सेक्टर में तेज गति से विकास कर रहा यूपी**
- **बायो कम्प्रेस्ड गैस, बायो कोल और बायो डीजल के क्षेत्र में भी क्षमता बढ़ाने पर जोर**

# डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नही है, जल्द करें साइबर अपराध की रिपोर्ट : विशेषज्ञ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर ठगों ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक सेवानिवृत्त बैंकर और उनकी पत्नी को पांच दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। ठगों ने बुजुर्ग दंपति को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का अधिकारी बनकर एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम अंतरित करने के लिए मजबूर किया था।

इसी साल अगस्त में ऐसी ही एक अन्य घटना में लखनऊ के संजय गांधी परास्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने 2.81 करोड़ रुपये गंवा दिये थे। राज्य के नोएडा और वाराणसी समेत अन्य कई स्थानों से भी ऐसे अपराधों की कई खबरें सामने आई हैं। साइबर अपराध, विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट और निवेश या रोजगार के बहाने वित्तीय धोखाधड़ी की घटनाएं कोविड-19 महामारी के बाद से बढ़ गयी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मन की बात की अपनी हालिया कड़ी में नागरिकों को इन खतरों के बारे में आगाह किया था। विषय विशेषज्ञ बताते हैं कि डिजिटल अरेस्ट के मामले में साइबर अपराधी अक्सर फोन पर या ऑनलाइन संचार के माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का झूठा दावा करते हैं। इस तरह से ठगी करने वाले लोग खुद को विनियामक अधिकारियों के रूप में पेश करते हैं और अपने शिकार व्यक्ति को अवैध गतिविधियों में लिप्त बताकर धमकाते हैं। बाद में वे उनसे बताये गये बैंक खातों में धन डालने या व्यक्तिगत जानकारी देने के लिए मजबूर करते हैं। साइबर ठगों के शिकार हुए एसजीपीजीआई के डॉक्टर ने कहा, मुझे कॉल करने वालों ने बताया कि वे सीबीआई से हैं और मेरा नाम धन शोधन और मानव तस्करी में सामने आया है। इसके लिए मुझे गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे मुझे गिरफ्तारी से बचाने के लिए डिजिटल अरेस्ट में रखेंगे और मेरे दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच करेंगे।

धोखाधड़ी में दो करोड़ 81 लाख रुपये गंवाने वाले लखनऊ के डॉक्टर ने अपनी शिकायत में कहा, मुझे इसके बारे में किसी को भी कुछ नहीं बताने के लिए कहा गया क्योंकि उनके मुताबिक यह राष्ट्रीय महत्व का मामला था। संस्था



फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन (एफसीआरएफ) द्वारा संकलित पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2022 से अगस्त 2024 के बीच राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) द्वारा 38.85 लाख से अधिक कॉल दर्ज की गईं, जिनमें से 6.05 लाख (15.7 प्रतिशत) से अधिक उत्तर प्रदेश से आईं। इनमें से 84.53 प्रतिशत कॉल वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित थीं। यह 3,153 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़ी थीं, जबकि राष्ट्रव्यापी आंकड़ों के मुताबिक देश में 19,860 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले हो चुके हैं।

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और साइबर अपराध विशेषज्ञ त्रिवेणी सिंह ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट करने वाले अपराधी भारत, पाकिस्तान, कम्बोडिया, म्यांमा और लाओस से फर्जी कॉल सेंटर से काम करते हैं। पूर्व में प्रदेश में साइबर अपराध शाखा के अधीक्षक रहे सिंह ने कहा, गिरोह कॉल सेंटर में नौकरी देने की आड़ में अनजान व्यक्तियों की भर्ती करते हैं और उन्हें साइबर अपराध के लिए मजबूर करते हैं। ये अपराधी आमतौर पर ईडी या सीबीआई से होने का दावा करते हैं और आरोप लगाते हैं कि पीड़ित के व्यक्तिगत विवरण ड्रग तस्करी या धन शोधन जैसी अवैध गतिविधियों से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में पीड़ितों पर पोर्नोग्राफी (अश्लील वीडियो) देखने का झूठा आरोप लगाया जाता है, जिससे वे घबरा जाते हैं और ठगों के झांसे में आ जाते हैं। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत या कहीं और डिजिटल अरेस्ट का कोई कानूनी आधार नहीं है। अगर कोई किसी को स्काइप या किसी अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से गिरफ्तारी की धमकी देता है, तो उसे धोखेबाज समझें। सिंह ने चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि धोखाधड़ी वाले ज्यादातर कॉल व्हाट्सएप जैसे मैसेजिंग ऐप के जरिये वीओआईपी के माध्यम से किए जाते हैं। इससे यह पता लगाना मुश्किल होता है कि कॉल कहां से की जा रही है। ऐसा इसलिये, क्योंकि उन प्लेटफॉर्म से डेटा प्राप्त करना मुश्किल होता है जिनके सर्वर भारत के बाहर होते हैं। साइबर अपराधों की बढ़ती संख्या के कारण पुलिस के लिए त्वरित कदम उठाना मुश्किल हो जाता है और जब तक सूचना एकत्र की जाती है, तब तक पैसा अक्सर कई खातों में चला जाता है या क्रिप्टोकरेंसी में बदल जाता है। पुलिस अधीक्षक (साइबर अपराध) राजेश कुमार यादव ने जन जागरूकता की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हुई है लेकिन डिजिटल अरेस्ट की रिपोर्ट की गई घटनाएं अपेक्षाकृत कम हैं। कुल मिलाकर ऐसे लगभग 10 मामले सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की रिपोर्ट करने के लिए प्रदेश में एक मजबूत कॉल सेंटर प्रणाली है।

# दुर्लभ सांपों की खोज ने दुधवा राष्ट्रीय उद्यान की समृद्ध जैव विविधता को फिर किया जाहिर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखीमपुर खीरी/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी स्थित दुधवा राष्ट्रीय उद्यान (डीएनपी) में सांप की दो दुर्लभ प्रजातियां पायी गयी हैं। इस खोज ने इस प्राणि उद्यान की पारिस्थितिकीय समृद्धि को एक बार फिर जाहिर किया है।

अधिकारियों और वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, हाल में डीएनपी में पेंटेड कीलबैक (ज़ेनोक्रोफिस सेरासोगास्टर) प्रजाति का सांप पाया गया है, जिसे उत्तर प्रदेश में आखिरी बार एक सदी पहले देखा गया था। इसके अलावा एक भूरे रंग का बेल सांप (अहेटुल्ला प्रसीना) भी देखा गया है जिसे पार्क के जंगलों में पहले कभी नहीं देखा गया था। जीवविज्ञानी विपिन कपूर सैनी और अपूर्व गुप्ता ने कुछ हफ्ते पहले दुधवा में नकौवा नाले के पास एक पेंटेड कीलबैक प्रजाति का सांप देखा था। हालांकि इस गैर विषैले सांप को मृत अवस्था में पाया गया था। संभवतः जंगली हाथियों के कुचलने से



उसकी मौत हुई थी। मगर इसके पाये जाने से डीएनपी के जैव विविधता रिकॉर्ड में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गयी है। सैनी ने कहा, 117 वर्षों के अंतराल के बाद दुधवा में इस सांप की मौजूदगी वास्तव में चकित कर देने वाली थी। इस प्रजाति का सांप आखिरी बार साल 1907 में फैजाबाद क्षेत्र में देखा गया था। उन्होंने बताया कि हल्का विषैला माना जाने वाला भूरे रंग का बेल सांप कुछ महीने पहले सोनारीपुर रेंज में बांके ताल में कुछ नमूने एकत्र करते समय झाड़ियों के बीच में मिला था। सैनी ने बताया, मैंने उस पतले और भूरे सांप की तस्वीर खींची। निरीक्षण के लिए उसे अपनी गोद में ले लिया और दस्तावेजीकरण के बाद उसे छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के विशेषज्ञ रोहित रवि के साथ किये गये परामर्श में इसकी पुष्टि हुई कि वह अहेटुल्ला प्रसीना प्रजाति का भूरा सांप है। दुधवा में पहली बार इसे देखा गया है। अधिकारियों ने दुधवा की पारिस्थितिकी विविधता के बारे में जानकारी बढ़ाने के लिए इन खोजों की सराहना की है। दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) के क्षेत्र निदेशक ललित कुमार वर्मा ने कहा, दुधवा बार-बार नए वन्यजीवों की मौजूदगी के लिहाज से हॉटस्पॉट साबित हुआ है। यह इसके पारिस्थितिकीय महत्व को दिखाता है।

# यूपी में वंदेभारत ट्रेन पर फेंका गया पत्थर : चन्द्रशेखर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी-कांशीराम के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को दावा किया कि वह जिस वंदे भारत ट्रेन में यात्रा कर रहे थे, उस पर पत्थर फेंके गए और उन्होंने रेल मंत्री और प्रशासन से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का आग्रह किया।

आजाद ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अभिभावकों और स्कूल शिक्षकों का बच्चों को इस विषय पर जागरूक करने का भी आह्वान किया। आजाद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज सुबह मैं वंदेभारत ट्रेन से दिल्ली से कानपुर की यात्रा कर रहा था। सुबह सात बजकर 12 मिनट पर जैसे ही बुलंदशहर जिले के कमालपुर स्टेशन को पार किया, तभी बाहर से किसी असामाजिक तत्व ने पत्थर फेंके, जिससे मेरे से दो सीट आगे बैठे यात्री के पास का शीशा चकनाचूर हो गया। उन्होंने कहा, इस घटना से मैं हतप्रभ और स्तब्ध रह गया। इस घटना से न केवल सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंची, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा हुआ है। ऐसी घटनाएं निंदनीय हैं



और किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकतीं।

आजाद ने कहा, एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में ऐसी घटनाओं का आंकड़ा 1503 तक पहुंच गया, जिससे रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। यह आंकड़ा सोचने पर मजबूर करता है कि आखिर इस तरह की घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। ट्रेन पर पथराव से न केवल संपत्ति को क्षति होती है, बल्कि यह यात्रियों के लिए जानलेवा भी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, यह समझने की जरूरत है कि रेलवे देश की एक अमूल्य संपत्ति है और इसका संरक्षण देश के हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। समाज में इस तरह की हरकतें न केवल असुरक्षा की भावना पैदा करती हैं बल्कि हमारे देश की छवि को भी नुकसान पहुंचाती हैं। सांसद ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री, रेलवे पुलिस और प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए तथा समाज में जागरुकता भी फैलनी चाहिए। आजाद ने कहा यह देश हमारा है, और देश की संपत्ति की सुरक्षा केवल सरकार की ही नहीं बल्कि हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी और संवैधानिक मूल कर्तव्य है।

# भगवान श्रीरामजी पर एक म्यूजिक एलबम बनकर तैयार

विशेष संवाददाता (vol)

**अयोध्या/लखनऊ।** को अयोध्या में भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर का लोकार्पण हो चुका है। करोड़ों देशवासी इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अभी तक विभिन्न व्यक्तियों/संस्थाओं ने अपने-अपने स्तर पर अयोध्या और भगवान श्रीरामजी के लिए भावपूर्ण तरीके से अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए हैं। ऐसा ही एक प्रयास अयोध्या सरंक्षण एवं विकास समिति द्वारा भी भगवान श्रीरामजी पर एक म्यूजिक एलबम बनाकर किया गया है।

- **म्यूजिक एलबम में गाने शास्त्रीय भारतीय संगीत एवं नवीनतम संगीत प्रवृत्तियों का मिश्रण होंगे : गौरव दयाल**

इस म्यूजिक एलबम का उद्देश्य जहाँ एक तरफ भगवान श्रीरामजी को एक संगीतमय श्रद्धांजलि देना है वहीं





आने वाले अनेक वर्षों तक युवाओं को भगवान श्रीराम जी के जीवन के बारे में संगीत के माध्यम से जोड़ना भी है। यह एलबम एक बड़ी आबादी विशेषकर युवा दर्शकों को आकर्षित करने और उन तक पहुंचने का प्रयास करता है। यह विचार अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूकता पैदा करना है। साथ ही अयोध्या को धार्मिक पर्यटन के लिए एक ब्रांड के रूप में विकसित करना भी है।इस म्यूजिक एलबम में गाने शास्त्रीय भारतीय संगीत एवं नवीनतम संगीत प्रवृत्तियों का मिश्रण होंगे। दर्शकों के मन पर एक स्थायी छाप पैदा करने के लिए गीत ऊर्जा, भावपूर्ण और विनम्र होंगे। चुने गए विषय भगवान राम के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाएं हैं। भारत में संगीत के इतिहास में पहली बार सभी इतने बड़े संगीत कलाकार एकल छत्र (अयोध्या सरंक्षण एवं विकास समिति) के तले इस प्रयास में शामिल हो रहे हैं।रामतरंग की अवधारणा गौरव दयाल, आईएएस (मंडलायुक्त, अयोध्या एवं समिति के अध्यक्ष) द्वारा तैयार की गई थी तथा महेंद्र सिंह तवर, आईएएस ने इस एलबम के निर्माण का समन्वय और कार्यान्वयन किया। विमोचन के दौरान गौरव दयाल ने कहा, ह्लरामतरंग भगवान राम को एक संगीतमय श्रद्धांजलि है, जिसे भगवान राम की विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाने और हमारी संस्कृति के साथ गहरा संबंध बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस एल्बम में रामायण के प्रमुख चरणों से प्रेरित 14 खूबसूरत गीत हैं। इसे उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग के तत्वावधान में अयोध्या संरक्षण एवं विकास समिति (एएसईवीएस) द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रामतरंग को यूट्यूब, स्पॉटिफाई, विंक म्यूजिक, गाना डॉट कॉम, अमेजन म्यूजिक, जियो सावन, एप्पल म्यूजिक इत्यादि प्रमुख म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर व्यूसिक रिकॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड (वीआरपीएल) द्वारा वितरित किया गया है, जिसमें वैभव सक्सेना का महत्वपूर्ण योगदान है। रामतरंग म्यूजिक एल्बम के अलावा, अयोध्या संरक्षण एवं विकास समिति ने अपना आधिकारिक रिकॉर्ड लेबल भी लॉन्च किया है, जिसके तहत रामतरंग एल्बम जारी किया गया है। समिति का रामतरंग अयोध्या ऑफिशियल के नाम से अपना आधिकारिक यूट्यूब चैनल भी है। रामतरंग एल्बम के लिए, प्रसिद्ध सिनेमा विद्वान यतीन्द्र मिश्रा , राजेंद्र प्रसाद (उपनिदेशक पर्यटन), नितीश कुमार, आईएएस, विशाल सिंह, आईएएस, तारसेम मित्तल, मिथिल खंडारे (टीएम टैलेंट मैनेजमेंट), लव फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड से अंकुर गर्ग और नॉटी पेंगुइन प्राइवेट लिमिटेड से अमित भरगड़ को भी विशेष धन्यवाद जाता है।

# उप्र उपचुनाव से पहले राजनीतिक दलों में नारों की जंग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की नौ सीट पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के बीच चुनावी नारों की जंग छिड़ गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनावों की घोषणा से बहुत पहले ही बटेंगे तो कटेंगे का नारा गढ़ दिया था। वहीं, देवरिया जिले के समाजवादी पार्टी के एक कार्यकर्ता ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगाई है, जिस पर लिखा है जुड़ेंगे तो जीतेंगे। महराजगंज जिले के एक अन्य सपा कार्यकर्ता द्वारा लगाए गए होर्डिंग में लिखा है न बंटेंगे, न कटेंगे, पीडीए के संग रहेंगे और पीडीए जुड़ेगा और जीतेगा। प्रदेश में 13 नवंबर को उपचुनाव के तहत नौ सीट पर मतदान होगा। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की अगुवाई वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी इस होड़ में कूद पड़ी है।

मायावती ने शनिवार को कहा, ।सपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, सुरक्षित



रहेंगे। महाराजगंज जिले के सपा कार्यकर्ता अमित चौबे ने दो नारे गढ़े। उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी ने पीडीए शब्द गढ़ा है, जिसमें समाज के सभी वर्ग शामिल हैं। यहां पी का मतलब पंडित (ब्राह्मण) और ए का मतलब अगड़ा (उच्च जाति) है। सपा सभी धर्मों की पार्टी है। पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है और उनके लिए नीतियां बनाई हैं। हालांकि, भाजपा जाति के आधार पर लोगों को बांटकर काम करती है। देवरिया जिले के सपा कार्यकर्ता विजय प्रताप यादव ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगाई, जिसमें लिखा था जुड़ेंगे तो जीतेंगे। सपा कार्यकर्ता रंजीत सिंह द्वारा लगाए गए तीसरे पोस्टर पर लिखा है, ना बाटेंगे, ना काटेंगे, 2027 को नफरत करने वाले हटेंगे। हिंदू मुस्लिम एक रहेंगे तो नेक रहेंगे।

ऐसे राजनीतिक नारों के मनोवैज्ञानिक पहलू पर बात करते हुए लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान पढ़ाने वाले प्रदीप खत्री ने कहा,ये सभी राजनीतिक नारे नए, आकर्षक और लोगों के दिमाग पर गहरा असर डालने वाले हैं। उन्होंने कहा, यही मुख्य कारण है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता ज्यादातर समय नारे लगाते हैं। ये मतदाताओं और जनता के साथ तत्काल और प्रभावी संबंध बनाते हैं। नतीजतन, ये भाषणों की तुलना में जनता के जहन में ज्यादा समय तक बने रहते हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की बटेंगे तो कटेंगे टिप्पणी का स्पष्ट संदर्भ देते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह नकारात्मक नारा भाजपा की निराशा और विफलतौ का प्रतीक है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह नारा देश के इतिहास में सबसे खराब नारे के रूप में दर्ज किया जाएगा और यह भाजपा के राजनीतिक पतन का कारण बनेगा।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यादव की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा मुखिया के गढ़े गये पीडीए को परिवार डेवलपमेंट एजेंसी करार दिया। पीडीए से यादव का मतलब पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक है। इस बीच, बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को सपा और भाजपा पर उनके भ्रामक नारों के लिए निशाना साधा और कहा कि ये नारे लोगों का ध्यान उनकी अपनी कमियों से हटाने के लिए बनाए गए हैं। मायावती ने कहा, बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, सुरक्षित रहेंगे। मौर्य ने आदित्यनाथ द्वारा अगस्त में इस्तेमाल किए गए बटेंगे तो कटेंगे नारे से भाजपा को अलग करने की कोशिश की है जिसके कुछ घंटों के बाद बसपा प्रमुख ने यह टिप्पणी की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी आदित्यनाथ की इस टिप्पणी का पुरजोर समर्थन किया था।

मौर्य ने कहा था, हम विपक्ष को बटेंगे तो कटेंगे को भाजपा का नारा बताने के गंदे खेल में सफल नहीं होने देंगे। हमारी पार्टी का नारा हमारे शीर्ष नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तय किया गया नारा है, जो सबका साथ, सबका विकास है। बटेंगे तो कटेंगे एक भाषण का हिस्सा था, यह पार्टी का नारा नहीं है। आदित्यनाथ ने 23 सितंबर को अपनी बटेंगे तो कटेंगे टिप्पणी दोहराते हुए कहा था कि यह हिंदू समाज में व्याप्त फूट ही थी जिसके कारण अयोध्या में आक्रमणकारियों ने राम मंदिर को नष्ट किया। इससे पहले, उन्होंने शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में हुई हिंसा और हिंदुओं के खिलाफ कथित अत्याचारों के संदर्भ में भी यही टिप्पणी की थी।

# भाजपा राज में पत्रकारों पर बढ़ा अत्याचार : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के शासन में पत्रकारों पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि भाजपा राज में मीडिया के मनोबल के एनकाउंटर का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है। यादव ने सात सेकंड का एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें कुछ लोग एक व्यक्ति को निर्वस्त्र करके उसकी पिटाई करते नजर आ रहे हैं। यह घटना हमीरपुर की है।



सपा अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एक पत्रकार की हत्या, पत्रकारों पर दबाव बनाना, पत्रकारों का महीना बांधना, पत्रकारों पर प्राथमिकी कराना, पत्रकारों को निर्वस्त्र करके मारना, पत्रकारों को अवांछित पेयपान कराना। भाजपा राज में मीडिया के मनोबल के एनकाउंटर का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मीडिया कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपाउ । इस बीच, हमीरपुर पुलिस ने यादव की इस पोस्ट का जवाब देते हुए एक्स पर कहा कि एक नवंबर को वीडियो सामने आया है। इस मामले में पिछली 28 अक्टूबर को जरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। नामजद आरोपियों में से एक आर.के. सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

# एनएसएस बीबीडीयू: चिकित्सा देखभाल शिविर का हुआ आयोजन








विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सेवा योजना की बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय इकाई द्वारा दिस दिवाली, माई भारत दीवाली थीम पर चिकित्सकीय देखभाल शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिनहट कोतवाली रोड स्थित 50 शैयायुक्त महात्मा गांधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ एस सी शर्मा और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक और कार्यक्रम अधिकारी प्रो डॉ सैयद

- **मरीजों को चिकित्सकीय सुविधाओं के प्रति किया जागरूक**

अनस अंसार ने किया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के वालेंटियर्स मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, सहायता और योजनाओं के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो. डॉ. एस सी शर्मा ने बताया कि उत्तम स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तंदुरुस्ती की कुंजी है। मनुष्य को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योकि स्वस्थ मनुष्य से ही स्वस्थ समाज का विकास होता है।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक ने बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है, एक स्वस्थ व्यक्ति हमेशा काम करने के लिए तैयार रहता है। इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए और लोगों को भी इसके प्रति प्रेरित करना चाहिए। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो डॉ प्रभास पाठक इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद व्यक्त करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एनएसएस के सभी वालेंटियर्स मौजूद रहे।

# छठ पूजा घाटों पर सफाई, स्वच्छता व प्रकाश की करायें व्यवस्था

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को लक्ष्मण मेला मैदान, झूलेलाल घाट, हनुमान सेतु पुराना मंदिर पहुंचकर दीपोत्सव के बाद आने वाली छठ पूजा को लेकर छठ घाटों व मार्गों में की जा रही व्यवस्थाओं, सुंदरीकरण, घाटों की

- **नगर निगम 88 स्थानों पर तैयार करा रहा छठ पूजा स्थल**
- **नगर विकास मंत्री ने किया घाटों का निरीक्षण**



मरम्मत, साफ-सफाई, स्वच्छता व प्रकाश व्यवस्था आदि कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को छठ घाटों की चाक चौबंद व्यवस्था करने के जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 05 नवंबर से शुरू हो रहे और 08 नवंबर तक चलने वाले छठ पूजा महापर्व पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। छठ पूजा आस्था का महापर्व है, लाखों श्रद्धालु अपनी मुरादें पूरी करने के लिए सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ मानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में सनातन संस्कृति मजबूत हो रहीं।

लोग अब पूर्ण श्रद्धा, आस्था व विश्वास के साथ सनातन पर्वों व त्योहारों को मना रहे हैं। इस वर्ष लखनऊ नगर निगम अपनी सीमा क्षेत्र में 88 स्थानों पर छठ पूजा स्थलों में सभी व्यवस्था कर रहा है। स्वच्छ, सुरक्षित, जीरो वेस्ट, प्लास्टिक मुक्त छठ पर्व मनाने के साथ गोमती नदी की स्वच्छता बनी रहे इसकी अपील की है। नगर विकास मंत्री ने छठ घाटों व मार्गों में श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था मिले, उन्हें कोई परेशानी न हो, इसके लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पूजा घाटों में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था हो।

सिंगल प्लास्टिक का प्रयोग न हो, घाटों में इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए। कूड़ा कचरा इधर-उधर न फैले घाटों में डस्टबिन रखवाए जाय। पूजा सामग्री जल में प्रवाहित न हो, इसके लिए घाटों में अर्पण कलश बनाए जाएं। लोग छठ पर्व को दिव्य और भव्य रूप से मनाए, इसके लिए घाटों का सुंदरीकरण कराए, जिससे श्रद्धालुओं को पूर्ण शांति व खुशी का एहसास हो। छठ पूजा स्थलों व मार्गों पर मच्छरों, डेंगू से बचाव के लिए साफ सफाई के साथ फागिंग कराए, चूने का छिड़काव करें।

पूजा सामग्री और कूड़े के निपटान के लिए उचित प्रबंध भी किया जाए। ए.के. शर्मा ने निर्देशित किया कि छठ घाटों में नदी में जलकुंभी न दिखे। गहरे पानी में जाने से बचने के लिए नदी में बैरिकेडिंग की जाए। साथ ही किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए जल पुलिस और गोताखोर भी तैनात किए जाएं। सभी घाटों में जीरो वेस्ट पर्व मनाने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओ के लिए घाटों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए टैंकरों की व्यवस्था रहें। घाटों में गंदगी न हो, मोबाइल टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था रहे। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए, इसके लिए घाटों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं, मॉनिटरिंग के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम बनाया जाए। घाटों और मार्गों में स्थानीय पुलिस की भी पर्याप्त व्यवस्था रहे। वाहनों के लिए पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाए। निर्धारित स्थानों पर जाने वह व्यवस्थाओं के उपयोग संबंधी साइनेज भी लगाए जाएं। श्री शर्मा ने कहा कि छठ पूजा घाटों और मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था रहे। पूजा घाटों को जाने वाले मार्गों को व्यवस्थित कराए। मार्गों में साफ सफाई की उचित व्यवस्था रहे। छठ घाटों और मार्गों में एलईडी लाइट, हाईमास्ट और झालर का प्रयोग कर लाइटिंग भी कराए। सभी छठ सफाई कर्मी, मशीनों, कार्मिकों व अधिकारियों की तैनाती रहे, सभी अपनी जिम्मेदारी को मुस्तैदी के साथ करें। ऐसे नगरीय निकाय जहां पर छठ पूजा पर्व का आयोजन किया जा रहा है, खासतौर से पूर्वांचल के क्षेत्र में वहां पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान भोजपुरी समाज के प्रभुनाथ राय, वेद प्रकाश राय, मनोज सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य अभियंता महेश वर्मा के साथ एलडीए और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# रोबोट से गलियों में उठेगा कूड़ा आसान होगी नालों की सफाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम अब रोबोट से सफाई करायेगा। इसके लिए प्रशासन जल्द ही 10 रोबोट खरीदने की तैयारी कर रहा है। इस मशीन से सफाई होने पर छोटे वाहन के जरिए कहीं से भी आसानी से बिना धूल उड़े कचरा उठाया जा सकेगा। सड़कों की भी सफाई हो जाएगी।

आवश्यकता पड़ने पर नालों की सफाई में इसका प्रयोग किया जा सकेगा। नगर निगम में 10 रोबोट आ जाने पर सभी आठों जोनों को एक-एक आवंटित कर दिया जाएगा। दो को रिजर्व में रखा जाएगा। रोबोट के आने से तंग रास्ते वाले खाली प्लाटों में, सड़क किनारे और गलियों में पड़े कूड़ों को उठाने में आसानी होगी। क्योंकि, अपने छोटे आकार के कारण रोबोट ऐसी जगहों पर आसानी से आ-जा सकेगा। इनके जरिए कूड़ा उठाने के दौरान धूल भी नहीं के बराबर उड़ती है, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी नहीं होगी। अब तक तंग रास्ते वाले प्लाटों से कूड़े को उठाने के लिए बड़े वाहनों का प्रयोग किया जाता था। ऐसे वाहनों को ले जाना और लाना आसान नहीं होता था, जिसके कारण कूड़ा कई-कई दिन पड़ा रहने से आसपास के लोगों को परेशानी होती थी। रोबोट के आने से यह समस्या नहीं रहेगी। रोबोट का प्रयोग नालों की सफाई में भी किया जा सकता है।

छोटे से भी रास्ते से यह प्रवेश कर आसानी से नालों का कचड़ा उठा कर ला सकता है। सड़कों की सफाई में यह काम आ सकता है। नगर निगम कार्यकारिणी की 22 अक्टूबर को हुई बैठक में हालांकि 20 रोबोट खरीदने पर सहमित बनी थी, लेकिन कुछ कारणों से इसकी संख्या अब 10 कर दी गई है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि आवश्यकता पड़ने पर आगे और भी रोबोट लिए जा सकते हैं। नगर निगम में सफाई के लिए जिन रोबोट को मंगाया जा रहा है, वह दिखने में एक छोटी जेसीबी मशीन जैसी होगी। कचरा उठाने के लिए इसमें आगे पैनल लगा होगा, जो कि आसानी से जमीन पर पड़े कचरे के ढेर को उठा सकेगा। छोटे टायरों और छोटे आकार का होने के कारण यह कहीं भी आसानी से आ-जा सकेगा।

# संगठन के सदस्यों ने की गोमती नदी की सफाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दीपावली पर्व के बाद गोमती नदी में डाली गई मूर्तियों को उठाकर भूविसर्जन करने का काम स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना के संयोजक रंजीत सिंह की ओर से किया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ महापौर सुषमा खर्कवाल ने दो दिन

- **पर्यावरण आंदोलन सेना ने भगवान की मूर्तियां बटोरी**



पहले किया था। इसी क्रम में संगठन के सदस्यों ने रविवार को करीब सात हजार मूर्तियां व विसर्जन का सामान मेहंदीगंज राम जानकी मंदिर, तिलक नगर, ऐशबाग तथा मनकामेश्वर वार्ड डालीगंज के घर-घर पहुंचकर एकत्रित किया। रंजीत ने बताया कि सभी मूर्तियों व सामान को एकत्रित करके झूलेलाल घाट के पास कृत्रिम जलाशयों में विसर्जन किया। उसके बाद गोमती नदी की सफाई की गई। नदी से कई कुंतल कचरा निकाला गया। मुख्यमंत्री से गोमती नदी में गिरने वाले गंदे नालों को बंद करने की मांग की। रंजीत ने बताया कि यह अभियान 15 दिनों तक लगातार पूरे शहर में चलाया जाएगा। मूर्ति एकत्रित करने के अभियान में पूर्व पार्षद सुधीर मिश्रा, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी दिनेश पांडेय आदि का विशेष सहयोग रहा। नदी सफाई में बबिता यादव, प्रीति जैन, अर्चना सिंह, रत्ना वर्मा, आद्या सिंह, पलक, सरिता जायसवाल, कृपाशंकर वर्मा, रामकुमार बाल्मीकि, विष्णु तिवारी, उदय सिंह, आनंद वर्मा, रिंकू सिंह, जय सिंह तोमर आदि रहे।

# कुंदरकी विस सीट पर पुलिस बना रही भाजपा के पक्ष में मतदान करने का दबाव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने रविवार को आरोप लगाया कि मुरादाबाद जिले के कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले उप चुनाव के लिए पुलिसकर्मी सपा समर्थक मतदाताओं और कार्यकर्ताओं पर भाजपा के पक्ष में प्रचार व मतदान करने का दबाव बना रहे हैं। सपा प्रदेश मुख्यालय से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया कि है कि कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले चार थानों के पुलिस कर्मी व पुलिस प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी के समर्थकों मतदाताओं, कार्यकर्ताओं पर भाजपा के पक्ष में प्रचार व मतदान करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसी ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि आंबेडकरनगर जिले के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में भी बिना कारण सपा समर्थकों के वाहन जब्त किए जा रहे है। पाल ने अपने ज्ञापन में मुरादाबाद जिले के थाना कुंदरकी, थाना मैनाठेर, बिलारी आदि स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों, अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों का उल्लेख करते हुए उन्हें अन्यत्र तैनात करने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि भाजपा के पक्ष में मतदान व प्रचार से इनकार करने वालों को मतदान से दो दिन पहले कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र से बाहर चले जाने की चेतावनी दी जा रही है और इसका पालन न करने वालों को फर्जी मुकदमे में फंसाने, जेल भेजने, मकानों पर बुलडोजर चलवाने की धमकियां दी जा रही हैं। इसमें आरोप लगाया गया है कि पुलिस की कार्य प्रणाली से मतदाताओं में भय का वातावरण बन गया है व चुनाव प्रभावित हो रहा है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र में रहे उपचुनाव को पुलिस प्रशासन व पुलिस कर्मियों के हस्तक्षेप से मुक्त किया जाए और अर्द्धसैनिक बल की देखरेख में चुनाव सम्पन्न कराया जाए।

# सीएमएस की संस्थापिका डॉ. भारती गांधी ने सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने दीपावली के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डा. भारती गाँधी ने प्रशासनिक कौशल व दूरदर्शिता से प्रदेश के समावेशी विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने के मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों पर उन्हें हार्दिक बधाई भी दी। इस मुलाकात में सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन भी उपस्थित रही। मुलाकात के उपरान्त प्रो. किंगडन ने बताया कि मुख्यमंत्री से बहुत अच्छी मुलाकात हुई। उन्होंने डा. भारती गाँधी का हालचाल पूछा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डा. भारती गाँधी के मार्गदर्शन में भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास, सामाजिक उत्थान एवं एकता व शान्ति के प्रयासों हेतु सीएमएस की सराहना की।

# आज चलेंगी विभिन्न राज्यों के लिए 36 विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दीपावली और छठ के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे से/होकर 194 विशेष गाड़ियाँ फेरों 1516 में चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले वर्ष 147 विशेष गाड़ियाँ 556 फेरों में चलाई गई थीं।

04 नवम्बर को पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से/को 36 विशेष गाड़ियाँ चलाई जायेंगी। इनमें 04 नवम्बर को 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05055 लालकुआँ-वाराणसी सिटी विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 09044 गोरखपुर-दहानू रोड विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 04497 बलिया-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 04824 मऊ-जोधपुर विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 04037 आजमगढ़-दिल्ली विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 01416 गोरखपुर-पुणे विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05741 गोमतीनगर-न्यू जलपाईगुड़ी विशेष गाड़ी चलाई जायेगी।इसी क्रम में 04 नवम्बर को 05054 बांद्रा-गोरखपुर विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05018 उधना-मऊ विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05016 उधना-मऊ विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 02588 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05051 कोलकाता-गोरखपुर विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 04815 जोधपुर-मऊ विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 09043 बांद्रा-गोरखपुर विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 04498 आनन्द विहार टर्मिनस-बलिया विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 04038 दिल्ली-आजमगढ़ विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 01415 पुणे-गोरखपुर विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05742 न्यू जलपाईगुड़ी-गोमतीनगर विशेष गाड़ी चलाई जायेगी।

04 नवम्बर को 05111 छपरा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 09042 छपरा-उधना विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 08896 छपरा-गोंडिया विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05298 छपरा-पाटलिपुत्र विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 02269 छपरा-लखनऊ विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05743 छपरा-कटिहार विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 09006 छपरा-उधना विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 08895 गोंडिया-छपरा विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 09041 उधना-छपरा विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05297 पाटलिपुत्र-छपरा विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 02270 लखनऊ-छपरा विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 05744 कटिहार-छपरा विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 04 नवम्बर को 09005 उधना-छपरा विशेष गाड़ी चलाई जायेगी।छठ पर्व पर यात्रियों के अतिरिक्त आवागमन को देखते हुए भीड़ प्रबंधन के लिए गोरखपुर जं. स्टेशन पर 05 पैसेन्जर होल्डिंग एरिया बनाये गये है, जहाँ यात्रियों को सुविधाजन्य तरीके से बैठने की व्यवस्था की गई है और वहाँ पर यात्रियों को टेज्नों के आवागमन की जानकारी देने लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड लगाया गया है। यात्रियों की सहायता के लिए सहायता बूथ खोले गये है। इन पैसेन्जर होल्डिंग एरिया में पीने के पानी की उपलब्धता एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की गई है।

# सात मंत्रों के आधार पर विकसित होगा स्टेट कैपिटल रीजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य राजधानी क्षेत्र को बसाने के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार सात मंत्रों पर काम करेगी। सोशल वेलफेयर, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, परिवहन और रीजनल प्रीवेंशन यही वे सात मंत्र होंगे जिनका कोऑर्डिनेट करके स्टेट कैपिटल रीजन बसाया

- **सोशल वेलफेयर, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, परिवहन, रोजगार व रीजनल प्रीवेंशन का होगा विकास**



जाएगा। मुख्य सचिव के निर्देश पर जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा असल में, उत्तर प्रदेश का राज्य राजधानी क्षेत्र एनसीआर की तर्ज पर गठित किया जाएगा। इसमें लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, और बाराबंकी को शामिल किया गया है। स्टेट कैपिटल रीजन के गठन से इन जिलों में विकास तेजी से रफ्तार भर सकेगा। इसके गठन से इन जिलों में यातायात, निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचा संबंधी परियोजनाओं को विकसित किया जाएगा। इसमें मेट्रो से लेकर कई तरह की यातायात सुविधाएं, रोजगार के अवसर और उद्योगों की बढ़ोत्तरी के लिए जरूरी सुविधाएं शामिल होंगी।

इससे इन जिलों के लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिल सकेगा। कुल 26741.25 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का गठन किया जाएगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर कंसल्टेंट के चयन की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। ग्लोबल टेंडर खुलते ही एजेंसी का चयन कर लिया जाएगा। इसके बाद में राज्य राजधानी क्षेत्र को जमीन पर उतरने की कवायद शुरू हो जाएगी। एससीआर के गठन से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। जो कि क्षेत्रीय विकास की नींव है, जिसका लक्ष्य रोजगार बढ़ाना, वृद्धि करना है। बुनियादी ढांचा, और राजस्व में वृद्धि की जाएगी. इससे निवेश भी आकर्षित होगा, जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने से निवासियों की भलाई सुनिश्चित होती है और जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि होती है, जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक स्थिरता और विकास का समर्थन करता है. इसलिए सोशल वेलफेयर पर जमकर काम किए जाएंगे। स्वास्थ्य का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। सेवाएं और समग्र सार्वजनिक स्वास्थ्य और उत्पादकता बढ़ाया जाएगा। प्रभावी शिक्षा अवसंरचना व्यापक पहुंच प्रदान करके क्षेत्रीय विकास का समर्थन करती है। गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सेवाएं, सुशिक्षित कार्यबल को बढ़ावा देना और सामुदायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। जनसंख्या वृद्धि को समायोजित करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त आवास आवश्यक है। राज्य राजधानी क्षेत्र में बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। मजबूत परिवहन नेटवर्क क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। मेट्रो रेल बस और अन्य परिवहन के साधनों में वृद्धि करके राज्य राजधानी क्षेत्र में आवागमन को तेज किया जाएगा। पर्यावरण और विरासत स्थलों के अलावा पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ाना है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# सौतेले भाई को लाइसेंसी रिवॉल्वर से मारी गोली, भर्ती



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** टिकैतराय एलडीए कालोनी फेस-टू में शनिवार देर रात पारिवारिक विवाद में सेवानिवृत्त अधिशासी अधिकारी के अरुण कुमार सिंह के बेटे अपने सौतेले भाई अभय प्रताप सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां दाग दी। दो गोलियां अभय की कार में को भेदती हुई आर पार हो गईं। तीसरी उनके पैर में लगी। पैर में गोली लगते ही अभय धरासाई हो गए। उन्हें गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपित अनंत कुमार सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से रिवाल्वर बरामद कर दी है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य के मुताबिक बरामद रिवाल्वर का लाइसेंस अरुण कुमार सिंह के नाम से है। रिवाल्वर पुलिस ने जब्त कर ली है। अरुण कुमार सिंह नगर पालिका परिषद बाराबंकी से अधिशासी अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं। अरुण कुमार की दो शादियां हुई थीं। पहली पत्नी के बेटे अभय प्रताप सिंह उन्नाव जिले के हसनगंज में रहते हैं। वहीं पर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाते हैं। अनंत दूसरी पत्नी का बेटा है। अरुण उसी के साथ टिकैतराय एलडीए कालोनी फेस-टू में रहते हैं। अनंत शराब का लती है और आए दिन पिता के साथ मारपीट करता है। शनिवार को भी उसने पिता को पीटा था। इसकी जानकारी पड़ोसियों से अभय हुई। अभय देर रात पिता को लेने के लिए पहुंचा। वहां नशे में धुत अनंत हंगामा कर रहा था। अभय ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो उसने नहीं खोला। पिता ने दरवाजा खोलना चाहा तो उन्हें भी नहीं खोलने दिया। इसके बाद अभय ने विरोध किया उन्होंने पुलिस में शिकायत करने की बात कही। इस बीच कमरे में गया और पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर उठा लाया। उसने अभय को गाली गलौज करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना से अफरा-तफरी मच गई। दो गोलियां कार को भेदती हुई आर पार हो गई। तीसरे अभय के पैर में लगी। अभय वहीं गिर गए। अनंत मौका पाते ही भाग निकला। पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर बाजारखाला पुलिस पहुंची। पुलिस ने मोहल्ले वालों की मदद से अभय को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित अनंत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से पिस्टल भी बरामद कर ली गई है।

**रद्द होगा असलहे का लाइसेंस, दुरुपयोग का भी मुकदमा :** इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया कि रिवाल्वर के लाइसेंस से निस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है। इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय भेजी जाएगी। मामले में शस्त्र के दुरुपयोग का भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे घटनाक्रम में अरुण प्रताप सिंह की भी गलती है। उन्हें शस्त्र हिफाजत से रखना चाहिए था।

## खाना खाने गये युवको को ढाबा संचालक ने कर्मचारियों संग पीटा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आलमबाग थाना इलाके स्थित बस स्टैंड निकट संचालित एक ढाबा पर दो दोस्तों को खाने का ऑर्डर देना महंगा पड़ गयो ढाबा मालिक के बेटे ने अपने आधा दर्जन कर्मचारियों संग दोस्तों की पिटाई कर लहूलुहान कर दियो अस्पताल में उपचार उपरांत पीड़ित ने आलमबाग थाने पर ढाबा मालिक के बेटे समेत एक अन्य को नामजद करते हुए आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत की है।

सैनिक नगर थाना आशियाना निवासी आदेश सिंह पुत्र सुधर पाल सिंह अपने दोस्त निगोहा निवासी सतेन्द्र बहादुर सिह पुत्र अमर बहादुर सिहं के साथ दो दिन पूर्व बीते 1 नवम्बर की रात्रि करीब 1:30 बजे आलमबाग क्षेत्र में स्थित बालाजी ढाबा पर खाना खाने गए थे अभी वह खाने का ऑर्डर कर टेबल पर बैठ अपने ऑर्डर का इंतजार कर रहे थे इस दौरान ढाबा मालिक का बेटा आशीष यादव एवं बबलू प्रधान करीब आधा दर्जन कर्मचारियों संग मिलकर अभद्रता करने लगा और गाली गलौज करते हुए दोनों दोस्तों को मारने पीटने लगा इस दौरान एक कस्टमर प्रिंस सिहं पुत्र विरेन्द्र सिंह ने बीच बचाव किया तो उसकी भी जमकर पिटाई कर दीं खून से लथपथ दोस्तों ने लोकबंधु अस्पताल में अपना प्राथमिकी उपचार कराने के बाद आलमबाग थाने पर पहुँच ढाबा मालिक के बेटे समेत हमलावर बब्लू प्रधान और आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत की हैं पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

## लोहिया पार्क चौकी का डीसीपी शशांक सिंह ने किया उदघाटन



**लखनऊ।** गोमती नगर थाना क्षेत्र में रविवार को नवनिर्मित लोहिया पार्क चौकी का उदघाटन किया गया। इस दौरान डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह एडीसीपी पंकज सिंह एसीपी विनीत जायसवाल एसओ गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी व लोहिया चौकी इंचार्ज अनुज सिंह समेत इलाके के कई सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

## डिजिटल अरेस्ट की जानकारी के लिए गांव-गांव चौपाल लगा रहे एसीपी

**लखनऊ।** कहीं ग्रामीण डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर क्राइम के शिकार न बन जाएं। इसलिए मोहनलालगंज एसीपी रजनीश कुमार 'लखनऊ पुलिस आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। बीते दिनों एसीपी मोहनलालगंज ने पुलिस के साथ क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करने का काम किया। इस दौरान ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय के साथ ही गांव की महिलाओं व युवतियों को उनके साथ अपराध होने पर चुप्पी तोड़कर शिकायत दर्ज कराने का संदेश दिया। एसीपी के नेतृत्व में पुलिस गांव गांव में 'लखनऊ पुलिस आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। जिसमें एसीपी ग्रामीणों को डिजिटल अरेस्ट से लेकर आन लाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बता रहे हैं। साथ ही ग्रामीण महिलाओं व युवतियों को 'मिशन शक्ति' के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन की जानकारी दे रहे हैं। महिला सुरक्षा और बच्चों के यौन शोषण से सम्बधित मामलों ( पाक्सो एक्ट ) को गम्भीरता को समझाया गया।

## इंदिरा नहर में मजदूर का उतराता मिला शव, पेंटर गोलू के रूप में हुई पहचान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चिनहट कोतवाली के जल सेतु चौकी क्षेत्र में इंदिरानहर एक व्यक्ति का शव पानी में उतरता मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला। लोगों ने इसकी पहचान गोलू के रूप में की। पुलिस ने बताया कि पुरानी काशीराम कॉलोनी लौलाई निवासी 30 वर्षीय युवक गोलू रावत का शुक्रवार को रात लगभग 1 बजे घर से सिगरेट पीने के लिए निकला था। उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से बहराइच निवासी मृतक अपने परिवार के साथ पुरानी काशीराम कॉलोनी में रहता था। वह वायरिंग और पेंटिंग का काम करता था। गोलू की परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन इसका कोई अता पता नहीं चला। शनिवार को चिनहट थाने में गोलू की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि उसके शरीर में कहीं भी जाहिरा चोट नहीं है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार वह काफी बीमार रहता था। फिलहाल शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## बंद कॉम्प्लेक्स में कूड़े के ढेर में पड़ा मिला महिला का शव

- बदबू आने पर हुई जानकारी, पुलिस कर रही शिनाख्त
- आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से मामले की तह तक पहुंचने के प्रयास में जुटी पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के मानक नगर में अज्ञात महिला का शव मिला है। शव बंद पड़े घर में मिला है। चार दिन पुराना बताया जा रहा है। बदबू आने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस शिनाख्त करने में जुटी है। इंस्पेक्टर मानकनगर अजीत कुमार का कहना है कि 112 पर पुलिस को सूचना मिली थी। इलाके के लोगों का कहना है कि महिला आसपास घूमकर मांगती थी। वह कॉम्प्लेक्स में ही सोती थी। त्योहार की वजह से कोई उधर नहीं गया। ऐसे में संभावना है कि कॉम्प्लेक्स में उतरी फिर ऊपर नहीं आई। किसी की नजर भी नहीं पड़ी। सुबह 11 बजे कानपुर रोड आलमबाग थाना मानकनगर के रहने वाले अनिरूद्ध साहित्य ने पुलिस को महिला के शव की सूचना दी। उन्होंने बताया कि वह लोग इस समय हौडेल कालोनी में रहते हैं। उनका कॉम्प्लेक्स पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। कॉम्प्लेक्स की सीढ़ियों के नीचे महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची तो मकान के सीढ़ियों के नीचे रखे कूड़े के ढेर में 50 साल की महिला का शव पड़ा था। जो 6 से 7 दिन पुराना था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आस-पास के लोगों ने बताया कि महिला कबाड़ बीनने का काम करती थी।

**मानक नगर में 27 दिन पहले भी मिला था महिला का शव:** लखनऊ के मानकनगर में 27 दिन पहले भी एक महिला का शव अर्धनग्न शव मिला था। वो रविवार को राशन लेने निकली थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी थाने में दी थी। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस के पास नामजद आरोपी की तहरीर दी गई। मामले में पुलिस ने क्या कार्रवाई की यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा हे कि जहां पर महिला का शव पड़ा था, वहां आसपास नॉनवेज और देशी शराब के दो क्वार्टर की शीशी और दो गिलास पड़े मिले थे। महिला के मुंह से झाग निकल रहा था। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से जगह-जगह से सैम्पल एवं कपड़े कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा था।

## चलती कार में लगी भीषण आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विकासनगर इलाके में एक चलती कार में आग लग गई। रिंग रोड पर चलती कार में पहले धुआं निकलना शुरू हुआ। ड्राइवर ने गाड़ी रोकी और तुरंत बाहर निकला। कुछ ही सेकेंड में कार में भीषण आग लग गई। आस पास की गाड़ियां रुक गईं।

घटना रविवार दोपहर 11:15 बजे की विकास नगर इलाके में हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल की दो टीमें आग पर काबू पा लिया है।

**धुआं देखकर कार से कूदा ड्राइवर:** जानकारी के मुताबिक कार सवार मुंशी पुलिया से टेढ़ी पुलिया की तरफ जा रहा था। विकास नगर में रिंग रोड पर पहुंचा ही था कि विन पैलेस के सामने अचानक कार से धुआं निकलने लगा। धुआं देखकर कार सवार उतरकर भागा। देखते ही देखते ही कार आग का गोला बन गई। हादसे में ड्राइवर की जान बच गई है।

**ब्रेक लगाने पर हुई स्पार्किंग:** अक्सर अनीश फारुकी पुत्र जियाउल फारूकी अपने परिवार के साथ रीनॉल्ट क्विड वढ 32 ङइ 4225 से टेढ़ीपुलिया की तरफ जा रहे थे। विन पैलेस के पास पहुंचे थे तभी उन्होंने अचानक से ब्रेक मार दिया। ब्रेक लगाने पर स्पार्किंग हुई और गाड़ी से धुआं निकलने लगा। जिसके बाद गाड़ी में आग पकड़ ली। 12 बजे के करीब फायर ब्रिगेड को सूचना मिली। इंदिरा नगर और बक्शी का तालाब की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पाया।

## क्वीन मेरी हॉस्पिटल में लगी आग, कोई जनहानि नहीं

- अस्पताल के बेसमेंट में फंसे थे लोग दमकल ने काफी मशक्कत के बाद पाया काबू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में चौक के प्रसिद्ध क्वीन मेरी अस्पताल, केजीएमयू के बेसमेंट में रविवार सुबह लगभग 4:47 बजे आग लग गई। मौके पर अफरातफरी मच गई और कई लोग अस्पताल के बेसमेंट में फंस गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने 15 मिटन में आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर चौक फायर स्टेशन और मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ ने दमकल की गाड़ियों को मौके पर रवाना किया।

घटनास्थल पर पहुंचने के बाद अधिकारियों ने देखा कि आग बेसमेंट में रखे मेडिकल सामान में लगी थी। तुरंत कार्रवाई करते हुए अस्पताल के हाइड्रेंट सिस्टम का उपयोग कर आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया।

**सेंट्रलाइज्ड अउ न होने से नहीं फैल पाया धुंआ:** क्वीन मैरी हॉस्पिटल में सेंट्रलाइज ऐसी न होने की वजह से धुआं, अन्य कमरों में नहीं पहुंच पाया। बेसमेंट में रखी दवाइयां को ही नुकसान पहुंचा।

फायर कर्मियों ने तत्काल खिड़कियां खोली। अस्पताल के स्टाफ ने पहले से ही बेसमेंट की खिड़कियों को खोल रखा था, जिससे धुआं हॉस्पिटल के दूसरे फ्लोर पर नहीं पहुंच पाया।

**बेसमेंट में दवाइयां और मेडिकल किट रखे जाते हैं :** केजीएमयू से मिली जानकारी के अनुसार जिस बेसमेंट में आग लगी थी। वहां पर केवल मेडिकल किट और दवाइयां रखी जाती हैं। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। अचानक लगी आग से धुआं उठा गार्ड ने तत्काल फायर कर्मियों को सूचना दी। पहले से प्रशिक्षित केजीएमयू स्टाफ द्वारा भी आग न बढ़ाने देने को लेकर पूरा प्रयास किया गया।

**मॉक ड्रिल का दिखाई दिया असर:** अग्निशमन विभाग और केजीएमयू में मॉक ड्रिल का प्रभाव इस घटना में साफ देखा गया। अस्पताल कर्मियों ने दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही एक्सटिंग्विशर और अन्य उपकरणों की सहायता से आग बढ़ने से रोका। समय रहते दमकल विभाग के सहयोग से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में आग का कारण इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बेसमेंट में रखे कुछ मेडिकल सामान को नुकसान पहुंचा है।

## महिला ने मारपीट करने का लगाया आरोप, पुलिस बनी रही अनजान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** थाना क्षेत्र के पिपरी कुराखर गांव निवासी सारिका देवी रावत ने दी गयी तहरीर में शिकायत की है कि उसका पति सुरेन्द्र रावत शनिवार रात्रि नौ बजे शराब के नशे में घर पहुंचाऔर गाली गलौज व मारपीट करने लगा। जिससे परेशान होकर मैने डायल112पर फोन किया जो नहीं लगा। उसके बाद अपने छोटे भाई सुभाष को फोन से घटना बताया तो मेरे भाई सुभाष, प्रेम चंद्र और पप्पू मोटर साइकिलों से घर पहुंचे। जब उन्होंने मेरे पति सुरेन्द्र से मार पीट की बात की तो सुरेन्द्र उनको भी गालियां देने लगे और लाठी डंडों से मार पीट कर लहूलुहान कर दिया। सारिका का आरोप है कि मैने कई बार डायल112पर फोन किया लेकिन उठा नहीं। इसके बाद पड़ोस के रहने वाले दरोगा सिंह उनके भाई पप्पू सिंह व शिवराम सिंह और उनके दो लड़के आदि लाठी डंडा, रिवालबर व बंदूक लेकर घर में घुसकर सभी भाइयों की पिटाई कर दी और बंदूक के कुंदों से भी पीटा। जब डायल112 नहीं पहुंची तो मैं किसी तरह रात्रि लगभग बारह बजे माल थाने पहुंची। जहां कोई सुनवाई नहीं हुई। काफी देर बाद 112 गांव पहुंची, लेकिन वह आरोपितों दरोगा सिंह के घर गई मुझसे कोई पूछताछ तक नहीं की। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस दबंगों के दबाव में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि महिला दरोगा सिंह पर फर्जी आरोप लगा रही है जबकि वह लोग बीच बचाव करने गए थे। साथ ही उन्होंने बताया कि तहरीर के संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। यदि एसीपी को दी है तो जब आयेगी तो देखा जायेगा।

**बलरामपुर अस्पताल में युवक ने लगाई फांसी :** बलरामपुर अस्पताल में एक युवक ने फांसी लगा ली। मृतक की पहचान अखंड (30) के रूप में हुई है। अखंड बलरामपुर अस्पताल में कर्मचारी गजेंद्र सिंह का बेटा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया, शनिवार (3 नवंबर) शाम करीब 6.45 बजे बलरामपुर अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक ने खुद को गार्ड रूम के अंदर बंद कर लिया है। इसपर तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गार्ड रूम अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर गई तो युवक कपड़े के फंदे से पंखे से लटका हुआ था। अस्पताल कर्मचारियों की सहायता से पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और बलरामपुर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता गजेंद्र सिंह बलरामपुर अस्पताल में ही कर्मचारी हैं। घटना से शोक में हैं। मृतक अखंड अस्पताल में लिफ्ट मैन के तौर पर तैनात था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवती को मनी लांड्रिंग में फंसे होने का भय दिखाकर एक लाख 24 हजार हड़पे




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने जालसाजों के खिलाफ एक लाख 24 हजार रुपये धोखे से ट्रांसफर करा लेने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराया हैं ओमनगर निवासी एकता चतुवेर्दी पुत्री सत्यानन्द चतुवेर्दी के अनुसार बीते 18 अक्टूबर को उसके मोबाईल नंबर पर एक काल आयो कॉलर अपने ट्राई से बोल रहा हूँ की जानकारी देते हुए कहा कि आपके आधार नंबर पर दो मोबाईल लिंक है उसके बाद उसने मेरा नंबर मुम्बई पुलिस हेडक्वाटर से जोड़ा गया और बताया गया कि दूसरा नं0 मनी लाण्डरिंग में जुड़ा है। आपके दोनो खातो में जीतनी धनराशि है उसे चेक करने के लिए बताये जा रहे आईडी पर ट्रांसफर करें भयग्रस्त युवती ने अपने एचडीएफसी बैंक खाते और कोटक महेंद्रा बैंक खाते से एक लाख 24 हजार रुपए बताये गए आई डी पर ट्रांसफर कर दिए जिसके बाद फोन कट गया और दोबारा उन नम्बरो पर फोन नहीं लगा अपने साथ ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने साइबर सेल हजरतगंज में शिकायत कर स्थानीय आलमबाग थाने पर शिकायत की हैं युवती के शिकायत पर आलमबाग पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

**ट्रक का तिरपाल काट कर 120 पेटी बॉक्स चोरी , मुकदमा:** सरोजनी नगर इलाके के टी पी नगर स्थित एक गोदाम के पास खड़ी ट्रक का तिरपाल काट कर उसमे लड़े 120 पेटी बॉक्स बेखौफ चोरों ने पार दिया ।सुबह होने पर देखा की ट्रक का तिरपाल कटा है और सामान भी गायब हो गया ।इससे चालक के होश उड़ गए और इसकी लिखित शिकायत सरोजनी नगर पुलिस को देकर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

थाना मोहन लाल गंज के धनुवा सांड निवासी लल्लन पुत्र सुंदर लाल के मुताबिक मेरा ट्रक संख्या यू पी 12 टी 5469 है ।जो मोहनलालगंज रेलवे यार्ड से पतंजलि फूड लिमिटेड का मॉल सास ,तेल रुचि गोल्ड 10 ७ 550७ 2300 बॉक्स पेटी लाद कर पतंजलि फूड्स लिमिटेड ट्रांसपोर्ट नगर के गोदाम पर बीती 10 अक्टूबर 24 की रात में पहुंची और गोदाम के सामने खड़ी हुई थी ।जिसमे 20 अक्टूबर 24 की सुबह समय लगभग 2 एवम तीन बजे ट्रक के पीछे का तिरपाल काट कर उसमे से 120 पेटी बॉक्स चोरी हो गए ।सुबह होते ही देखा और होश उड़ गए ।तभी चोरी गए सामान की काफी खोजबीन की लेकिन कुछ भी सुराग नहीं लग सका ।

## बाइकसवार स्नैचरों ने युवक का मोबाइल फोन छीना, हुए फरार

**लखनऊ।** आशियाना इलाके अन्तर्गत औरंगाबाद खालसा यूनानी मेडिकल कॉलेज के पास बाइकसवार बदमाशों ने रात्रि समय युवक का मोबाईल फोन छीन अँधेरे का लाभ उठाते हुए ओवर ब्रिज पुल से फरार हो गऐ आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह के अनुसार मूलरूप से जनपद बस्ती ग्राम मुडीला अव्वल पोस्ट थाना स्थौली खुर्द निवासी सुरजीत चौधरी पुत्र सत्याराम के मुताबिक बीते 26 अक्टूबर की शाम करीब 9:30 बजे वह पेन खरीदने यूनानी मेडिकल कॉलेज फाल्गुनी अप्पार्टमेन्ट के पास गया था उसी बीच बाइकसवार युवको ने पीड़ित का मोबाइल छीन लिए और फरार्टा भरते हुए फ्लाइओवर से भाग निकले अँधेरा इतना था कि उसे कुछ समझ नहीं आयो अपने घर पहुँच जब अपने नंबर पर फोन मिलाया तो नंबर स्विच ऑफ हो गया था जिसकी शिकायत पीड़ित ने स्थानीय थाने पर पहुँच कर कीं पीड़ित युवक की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने जाँच के एक सप्ताह बाद चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# नहाय-खाय के साथ कल से शुरू होगा आस्था का महापर्व छठ





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक लोक आस्था का महापर्व छठ मनाया जाता है। छठ के दौरान सूर्य देव की पूजा-उपासना की जाती है। इस पर्व की शुरूआत नहाय खाय से होती है। नहाय खाय कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इसके अगले दिन खरना मनाया जाता है। वहीं, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। जबकि, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। उगते सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पूजा का समापन होता है। व्रती खरना पूजा के बाद लगातर 36 घंटे तक निर्जला उपवास करती हैं।

**छठ पूजा शुभ मुहूर्त :** वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि 07 नवंबर को देर रात 12 बजकर 41 मिनट पर शुरू होगी और 08 नवंबर को देर रात 12 बजकर 34 मिनट पर समाप्त होगी। अतः 07 नवंबर को संध्याकाल का अर्घ्य दिया जाएगा। इसके अगले दिन यानी 08 नवंबर को सुबह का अर्घ्य दिया जाएगा।

**कब है नहाय खाय:** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय खाय होता है। इस दिन व्रती गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान के बाद सूर्य देव की पूजा करते हैं। इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण करती हैं। भोजन में चावल-दाल और लौकी की सब्जी ग्रहण करती हैं। पंचांग गणना के अनुसार, 05 नवंबर को नहाय खाय है।

**नहाय खाय का महत्व:** नहाय-खाय से छठ पूजा की शुरूआत होती है। नहाय खाय जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट होता है कि इस दिन स्नान करके भोजन करने का विधान है। नहाय खाय के दिन व्रत करने वाली महिलाएं नदी या तालाब में स्नान करती हैं। यहि नदी में नहाना संभव न हो ते घर पर भी नहा सकते हैं। इसके बाद व्रती महिलाएं भात, चना दाल और लौकी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करती हैं।

**कब है खरना :** लोक आस्था महापर्व के दूसरे दिन यानी कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को खरना मनाया जाता है। इस दिन व्रती दिन भर निर्जला उपवास रखती हैं। संध्याकाल में स्नान-ध्यान कर छठी मैया के निमित्त पूजा करती हैं। पूजा के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करती हैं। इसके बाद निर्जला व्रत की शुरूआत होती है। इस वर्ष 06 नवंबर को खरना है।

**क्यों मनाई जाती है छठ पूजा:** छठ पूजा का पर्व सूर्य देव को धन्यवाद देने और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। लोग इस दौरान सूर्य देव की बहन छठी मईया की भी पूजा करते हैं। वहीं, इस पावन पर्व को लेकर कई कथाएं भी प्रचलित हैं, जिनमें से एक का जिक्र आज हम करेंगे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब कुष्ट रोग से पीड़ित थे, जिसके चलते मुरलीधर ने उन्हें सूर्य आराधना की सलाह दी।

कालांतर में साम्ब ने सूर्य देव की विधिवत व सच्चे भाव से पूजा की। भगवान सूर्य की उपासना के फलस्वरूप साम्ब को कुष्ट रोग से मुक्ति मिल गई। इसके बाद उन्होंने 12 सूर्य मंदिरों का निर्माण करवाया था। इनमें सबसे प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर है, जो ओडिशा में है। इसके अलावा, एक मंदिर बिहार के औरंगाबाद में है। इस मंदिर को देवार्क सूर्य मंदिर के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चिरकाल में जब देवताओं और असुरों के मध्य युद्ध हुआ, तो इस युद्ध में देवताओं को हार का सामना करना पड़ा। उस समय देव माता अदिति ने इसी स्थान पर (देवार्क सूर्य मंदिर) पर संतान प्राप्ति हेतु छठी मैया की कठिन तपस्या की। इस तपस्या से प्रसन्न होकर छठी मईया ने अदिति को तेजस्वी पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया था। कालांतर में छठी मईया के आशीर्वाद से आदित्य भगवान का अवतार हुआ। आदित्य भगवान ने देवताओं का प्रतिनिधित्व कर देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। तभी से पुत्र प्राप्ति, संतान व परिवार की सुरक्षा हेतु छठ पूजा की जाती है, जिसके शुभ फल से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है और जीवन सुखमय रहता है।

**प्रसाद बनाते समय ध्यान रखें ये बातें:** छठ पूजा में पवित्रता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। ऐसे में छठ पूजा का प्रसाद बनाते समय इसे भूलकर भी इसे जूठा न करें, साथ ही इसे बनाने से पहले कुछ भी नहीं खाना चाहिए। अपनी स्वच्छता का पूर्ण रूप ले ध्यान रखें। साथ ही प्रसाद बनाने वाली जगह भी एक दम साफ होनी चाहिए। ध्यान रहे कि छठ पूजा का प्रसाद बनाते समय चांदीए स्टील और प्लास्टिक के बर्तनों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसके स्थान पर मिट्टी के चूल्हे और बर्तनों का ही इस्तेमाल करना शुभ माना जाता है।

**व्रत के नियम:** छठ पर्व पूजा के दौरान व्रत रहे साधक को सूर्य देव को अर्घ्य देने से पहले किसी चीज का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही व्रत करने वाले साधक को इस दौरान जमीन पर सोना चाहिए। इसके साथ ही छठ पूजा से करीब 10 दिन पहले से ही अरवा चावल और सेंधा नमक का ही इस्तेमाल करना चाहिए।

### छठ पूजा 2024 का कैलेंडर

- छठ पूजा का पहला दिन, 5 नवंबर – नहाय खाय (मंगलवार)
- छठ पूजा का दूसरा दिन, 6 नवंबर – खरना (बुधवार)
- छठ पूजा का तीसरा दिन, 7 नवंबर – संध्या अर्घ्य (गुरुवार)
- छठ पूजा का चौथा दिन, 8 नवंबर – उषा अर्घ्य (शुक्रवार)

### कब दिया जायेगा अर्घ्य

- कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि यानी 07 नवंबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा
- कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि यानी 08 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य जायेगा

## छठ पर्व को लेकर लखनऊ के घाटों पर तैयारियां तेज



गोमती किनारे छठ पूजा की तैयारी में बेदी बनाते लोग, साथ में प्रभुनाथ राय



छठ पूजा के लिए बेदी सजाते श्रद्धालु फोटो–समीर भटनागर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट में होने वाली छठ पूजा की तैयारी जोरों पर है। पिछले दिनों मंडलायुक्त रोशन जैकब, एलडीए वीसी और नगर आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने पूजा स्थल का जायजा लिया था, साथ ही जरूरी दिशा.निर्देश भी दिये थे।

गोमती नदी के पानी को साफ करने के लिए उसमें जाल डाला जाएगा ताकि गंदा पानी ना आये। साथ ही नाव लगाकर गोताखोरों के माध्यम से उसकी सफाई की जाएगी ताकि छठ पूजा के लिए स्वच्छ जल मिल सके। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नाथ राय ने बताया कि छठ पूजा लगभग 110 जगहों पर होती है। पूरे लखनऊ में लगभग 18 लाख लोग इस वर्ष छठ पूजा करेंगे। वहीं, डीएम ने भी बैठक में सभी विभागों को कहा कि छठ घाट की सफाई करें और जो भी जरूरत है, उसको पूरा करें। पुलिस बलए फॉगिंग की व्यवस्थाए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां, चिकित्सा कैंप आदि सभी वाहन व्यवस्था की जाए।

**लोक कलाकार प्रस्तुत करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम :** अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा सभी लोगों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। 150 से ऊपर लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। ये कार्यक्रम 7 तारीख को दोपहर 3 बजे शुरू होंगे। छठ पूजा बहुत कठिन त्यौहार है। इसमें महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत रहती हैं। इसके अलावा सफाई अभियान में समाज के मनोज सिंह, अंबरीश राय, हनुमान यादव, विजय यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित होकर श्रमदान कर छठ घाट एवं गोमती की सफाई कर स्वच्छ अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का 8 नवंबर की सुबह समापन होगा।

# भाई दूज : बहनों ने टीका कर की भाइयों की लंबी उम्र की कामना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रविवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह का प्रतीक भैया दूज उमंग व उल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने घरों में रंगोली व चौक बनाकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। भाई को टीका लगाकर मुंह मीठा कराते हुए सुख-समृद्धि, वैभव व दीघार्यु की मंगल कामना की। भाइयों ने बहनों को तरह-तरह के उपहार के साथ रक्षा का वचन दिया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह नजर आया।

भइया-दूज पर गुरुवार सुबह से ही बहनें पूजा की तैयारी में व्यस्त दिखीं। घर में साफ-सफाई कर स्थान पवित्र किया गया और रंगोली बनाई। शुभ मुहूर्त शुरू होते ही रंगोली पर विधि विधान से पूजा-अर्चना के दौरान बहनों ने भाइयों की मंगल कामना करते हुए सुख-समृद्धि, वैभव एवं दीघार्यु का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद बहनों ने थाली सजाकर अपने भाइयों को रोली व अक्षत आदि लगाकर अभिषेक किया और मिठाई खिलाई।

भाइयों ने भी अपनी बहनों को तरह-तरह के आकर्षक उपहार और रक्षा का वचन दिया। इस दौरान बहनों ने भाइयों के लिए तरह-तरह के पकवान भी बनाए। त्योहार मनाने के लिए कई बहनें अपने भाईए जबकि तमाम भाई बहनों के घर पहुंचे। दिनभर भैया-दूज पर्व का उल्लास हर तरफ दिखाई दिया।

**भाई दूज की मान्यता:** पौराणिक कथाओं के अनुसार, सूर्य के पुत्र यमराज और पुत्री यमुना भाई-बहन हैं। यमुना की प्रार्थना पर यमराज ने कहा था कि आज के दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर भोजन करेगा, उसे यमराज का भय नहीं रहेगा। इसीलिए यह पर्व भैया दूज के नाम से जाना जाता है। अपने भाई यम से बहन यमुना ने वरदान लिया था कि इस दिन जो भाई-बहन यमुना नदी में स्नान करेंगे, उन्हें यमलोक नहीं भेजा जाएगा। इसलिए भैया दूज के दिन यमुना में स्नान का भी विशेष महत्व है।

## बहनों ने बंदी भाइयों को टीका कर दीर्घायु की कामना की

**लखनऊ।** बहनों ने भैया दूज पर रविवार को जिला कारागार में बंद बंदी भाईयों से मुलाकात की। बहनों ने भाईयों के माथे पर टीका कर उनके दीघार्यु और जल्द रिहा होने की कामना की। इस भावुक पल में बहुत से बंदी भावुक हो गए। कई बंदी रो पड़े।

बहनों का संकल्प दिलाया कि वह जेल से छूटने के बाद अपराध की दुनिया को छोड़कर सामान्य जीवन जिएंगे। भैया दूज पर रविवार सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में बहनें जिला जेल परिसर में पहुंच गई थी। खुली मुलाकात के चलते जेल प्रशासन ने पर्ची लगाने के लिए कई काउंटर बनाए गए थे। चरण वार पर्ची लगायी गईं। सघन तलाशी के बाद बहनों को जेल में प्रवेश दिया गया। जेल के भीतर जाकर बहनों ने विधिवत पूजा पाठ करके बंदी भाईयों के माथे पर टीका किया। मुंह मीठा कराया। जिला कारागार के अधीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि भैया दूज पर रविवार को 2505 बहनों और 915 बच्चों ने 1357 बंदियों से मुलाकात की। किसी मुलाकाती को लौटाया नहीं गया। जेल में बंद महिलाओं के भईयों ने जेल में मुलाकात कर टीका कराया।

# भगवान चित्रगुप्त को लगा 56 भोग, कलम-दवात की पूजा हुई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। यमद्वितीया के दिन रविवार को कायस्थ समाज ने कलम-दवात और भगवान चित्रगुप्त का विधि-विधान से पूजन किया। झूलेलाल वाटिका स्थित श्री चित्रगुप्त धाम में आयोजित पूजन में भक्तों ने भगवान को 56 भोग लगाया। पूजन, हवन और आरती की।

सामूहिक पूजन में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना भी शामिल हुए। शाम को श्री चित्रगुप्त धाम में समाज के लोगों ने पहले भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन किया और कथा सुनी। सामूहिक रूप से कलम दवात के साथ शस्त्र पूजन भी किया गया। कार्यक्रम संयोजक दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी को 56 भोग लगाया गया। समाज की एकता और एकजुटता के लिए सामूहिक रूप से हवन किया गया। भगवान श्री चित्रगुप्त घाट पर मां गोमती की भव्य आरती हुई। लोगों को 56 भोग प्रसाद के साथ कलम भी वितरित किए गये। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना ने प्रदेश वासियों को भगवान श्री चित्रगुप्त पूजन और भैया दूज की बधाई दी। कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है। महामंत्री मनोज डिंगर ने बताया कि कलम ही कायस्थों की ताकत है। कार्यक्रम में राजीव श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, सचिन लाल, सचिन निगम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सात काव्य कृतियों से सजे महक मुक्तक का विमोचन

**लखनऊ।** आकाश कविघोष काव्य मंच की ओर से हिन्दी संस्थान लखनऊ के निराला सभागार में लेखिका एवं वरिष्ठ कवयित्री डॉ कुसुम चौधरी की सात काव्य कृतियों महक मुक्तक संग्रह का विमोचन किया गया। नए एहसास व मेरे खत गजल संग्रह, तितली रानी व कुसुम वाटिका बाल कविता संग्रह, कुमुदिनी बाल गीत संग्रह एवं ईद बाल कहानी संग्रह के विमोचन के साथ समारोह में साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में डॉ अमिता दूबे, डॉ अनीता सहगल, सतीश चंद्र शर्मा, शिव कुमार चन्दन, शेषपात शेष, धनन्जय सिंह, कैलाश बिहारी, घनानंद पाण्डेय मेघ, शिवमंगल सिंह मंगल, पण्डित बेअदब लखनवी, आकाश श्रीवास्तव, नीतू आनन्द श्रीवास्तव, शशि बिट्टन व शिवाकांत आदि को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आचार्य ओम नीरव, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर, प्रताप नारायण मिश्र, दिनेश चन्द्र अवस्थी व एडवोकेट जय नारायण पाण्डेय व अन्य शामिल रहे। अध्यक्षता डा. अशोक शर्मा ने की।

# राग द्वेष छोड़ना ही धर्म की प्रथम सीढ़ी है : मुनि श्री

## आशियाना जैन मन्दिर मे हुआ मुनियों का पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चतुर्मास मे लखनऊ में धर्म प्रभावना और मानव कल्याण्याक हेतु प्रवचन द्वारा जागृति करने वाले मुनि सुप्रभ सागर एवं मुनि प्रणत सागर महाराज का पिच्छिका परिवर्तन आशियाना जैन मन्दिर मे रविवार को श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। जैन महिला मण्डल की शिखा जैन और अंशिता जैन ने नृत्य के द्वारा मंगलाचरण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सआदतगंज की महिला मण्डल की ओर से मयूर नृत्य की प्रस्तुति हयी।

प्रवचन मे सुप्रभ सागर महाराज ने कहा कि चतुर्मास के उपरान्त मुनि विहार करते हैं और देश के अन्य भागों धर्माचरण का उपदेश करते हैं। सतत विहार से मुनिराजों को समाज से राग-द्वेष नहीं होता। राग द्वेष से हिंसा बढ़ती और हम सब महावीर के अनुयायी है और अहिंसा के उपासक है। अतः राग द्वेष छोड़ना ही धर्म की प्रथम सीढी.है। महाराज सुप्रभ सागर ने अपने गुरु आचार्य विशुद्ध सागर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जिन्होने लखनऊ चतुर्मास की आज्ञा प्रदान की। दिगम्बर साधुओं की साधना हेतु दो उपकरण कमण्डल और पिच्छी साथ रहती है। पिच्छी का उपयोग मुनिवर सूक्ष्मतम जीवों के परिमार्जन हेतु करते हैं। श्रावकों द्वारा दिगम्बर मुनियों को नवीन पिच्छी प्रतिवर्ष प्रदान करते हैं।

**पाद प्रक्षालन का सौभाग्य:** हंसराज जैन, अध्यक्ष चतुर्मास समिति, और पिच्छिका परिवर्तन का सौभाग्य संयम धारण करने वाले महिलाओं और पुरुषों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन, चतुर्मास समिति मुख्य संयोजक डॉ. संजीव जैन, सुभाष पाटौदी, जागेश जैन, कैलाश चन्द्र जैन, सिद्धार्थ जैन, डॉ. ए के जैन, श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के अध्यक्ष विनय जैन, आशियाना समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश, महिला मण्डल की अध्यक्ष अल्पना जैन एवं लखनऊ जैन समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।

## शहर में जुटेंगे 800 से ज्यादा बौद्ध भिक्षु

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की ओर से नौ से 11 नवंबर तक त्रिदिवसीय पालि साहित्य सम्मेलन-2024 का आयोजन होगा। विश्व-शान्ति एवं सद्भाव में पालि साहित्य का योगदान थीम पर आयोजित होने वाला यह सम्मेलन बुद्धविहार शान्ति उपवन में आयोजित किया जाएगा। संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष हरगोविन्द कुशवाहा (बौद्ध) ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से 800 से अधिक बौद्ध भिक्षु, आचार्य, विद्वान और बौद्ध उपासक-उपासिकाएं शामिल हो रहे हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन में शैक्षणिक सत्रों के अलावा सम्मान-समारोह, पालि पुस्तक मेला, पालि प्रदर्शिनियां, धम्मपद संगायन, धम्मपद सुलेखन प्रकल्प, शिल्प व कला प्रदर्शिनियां, आर्थिक उन्नयन जागरुकता, पुस्तक विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भी आयोजन होंगे।

# महाकुंभ से पहले बीएनए करेगा नाटक 'समुद्र मंथन' का मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महाकुंभ 2025 भारत के साथ ही विदेशी मेहमानों के लिए खास होने वाला है। महाकुंभ की तैयारियों के लिए सभी विभाग कमर कस चुके हैं। वहीं संस्कृति कर्मी और अकादमियों ने भी महाकुंभ को खास बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस कड़ी में भारतेन्दु नाट्य अकादमी (बीएनए) ने प्रदेश के सभी मण्डल मुख्यालयों में नाटक समुद्र मंथन के मंचन की योजना बना ली है। भारतेन्दु नाट्य अकादमी के रंगमण्डल की ओर से तमाम बेहतरीन प्रस्तुतियां देश के कई राज्यों में तैयार की जा रही हैं। अब बीएनए रंगमण्डल महाकुंभ 2025 को देखते हुए समुद्र मंथन नाटक के लिए तैयारी कर रहा है। खास बात ये है कि नाटक समुद्र मंथन का मंचन विशेष रूप से महाकुंभ के दौरान किया जाएगा। यह समुद्र मंथन नाटका का पहला प्रदर्शन होगा। इस नाटक का लेखन एनएसडी के आसिफ खान ने किया है। जिसमें पौराणिक कथा के दृश्य मंच पर साकार होंगे। लेखन के साथ ही आसिफ को बीएनए की ओर से नाटक के निर्देशन की जिम्मेदारी भी दी गई है।

**दिसम्बर से शुरू होंगे मंचन:** भारतेन्दु नाट्य अकादमी के निदेशक बिपिन कुमार ने बताया कि पूरे देश की तरह महाकुंभ 2025 हमारे लिए भी खास है। महाकुंभ जागरूकता विषयक कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। महाकुंभ के दौरान बीएनए की भी खास उपस्थिति होगी। महाकुंभ के दौरान नाटक की तैयारी हो गई है। दिसम्बर माह से नाटक समुद्र मंथन का मंचन शुरू हो जाएगा। उत्तर प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में नाटक का मंचन किया जाना है। जिसके लिए बीएनए रंगमण्डल के कलाकार लगातार मेहनत कर रहे हैं।

# छठ पर्व पर जाना हुआ आसान, रेलवे ने चलायी विशेष ट्रेनें

## सहरसा, अमृतसर, चंडीगढ़, कटिहार व लुधियाना के लिए चलायी गयी विशेष रेलगाड़ियां




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा छठ पर्व पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्रियों की सुविधा हेतु 05597/05598 सहरसा-सरहिन्द-सहरसा वाया गोरखपुर विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 03 नवम्बर तथा सरहिन्द से 05 नवम्बर को एक फेरे के लिये किया जायेगा।

05597 सहरसा-सरहिन्द पूजा विशेष गाड़ी 03 नवम्बर को सहरसा से 19.30 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, हसनपुर रोड, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, दूसरे दिन जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिय, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर, सीतापुर, मुरादाबाद तथा सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैण्ट तथा राजपुराहोते हुए तीसरे दिन सरहिन्द 00.05 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05598 सरहिन्द-सहरसा पूजा विशेष गाड़ी 05 नवम्बर तक सरहिन्द से 02.00 बजे प्रस्थान कर राजपुरा, अम्बाला कैण्ट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, सीतापुर, गोरखपुर, बगहा, दूसरे दिन नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, कमतौल, दरभंगा, समस्तीपुर, हसनपुर रोड, खगड़िया, मानसी तथा सिमरी बख्तियारपुर होते हुए सहरसा 09.45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एलएसएलआरडी के 01, जनरेटर सह लगेज यान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा शयनयान श्रेणी के 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 कोचो सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में 04663 कटिहार-अमृतसर-कटिहार पूजा विशेष गाड़ी का संचलन कटिहार से 04 नवम्बर को 01 फेरे के लिए किया जायेगा।

04663 कटिहार-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी 04 नवम्बर, 2024 को कटिहार से 06.00 बजे प्रस्थान खगड़िया से 07.55 बजे, बरौनी से 09.10 बजे, देसरी से 10.15 बजे, हाजीपुर से 11.10 बजे, छपरा से 13.45 बजे, बलिया से 15.12 बजे, गाजीपुर सिटी से 16.55 बजे, वाराणसी से 20.10 बजे, अकबरपुर से 22.00 बजे, अयोध्या कैंट से 23.15 बजे, दूसरे दिन लखनऊ से 01.50 बजे, शाहजहांपुर से 04.32 बजे, बरेली (उत्तर रेलवे) से 06.05 बजे, मुरादाबाद से 08.10 बजे, सहारनपुर से 12.05 बजे, अम्बाला कैण्ट से 13.40 बजे, ढंडारी कलां से 16.00 बजे, जलंधर सिटी से 17.45 बजे, व्यास से 18.52 बजे छूटकर अमृतसर से 20.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 18 कोच तथा जनरेटर सह लगेजयान के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 04508/04507 चंडीगढ़-कटिहार-चंडीगढ़ अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचलन चंडीगढ़ से 03 नवम्बर को तथा कटिहार से 05 नवम्बर को किया जायेगा। 04508 चंडीगढ़-कटिहार पूजा विशेष गाड़ी 03 नवम्बर को चंडीगढ़ 22.00 बजे प्रस्थान कर अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, दूसरे दिन सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ (उत्तर रेलवे), रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, हाजीपुर तथा मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय तथा दूसरे दिन नौगछिया होते हुए कटिहार 03.45 बजे पहुँचेगी।

04507 कटिहार-चंडीगढ़ पूजा विशेष गाड़ी 05 नवम्बर को कटिहार से 07.00 बजे प्रस्थान कर नौगछिया, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., दूसरे दिन रायबरेली, लखनऊ (उत्तर रेलवे), बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी होते हुए अम्बाला कैंट से 13.40 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान/सामान्य द्वितीय श्रेणी के 17 कोच एवं एसएलआर के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। शयनयान श्रेणी के कोच अनारक्षित होंगे।

इसी क्रम में 04697 लुधियाना-सहरसा-लुधियाना अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 03 नवम्बर को 01 फेरे के लिये किया जायेगा। 04697 सहरसा-लुधियाना अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 03 नवम्बर को सहरसा से 10.00 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, सीवान, गोरखपुर, गोंडा, दूसरे दिन सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर तथा यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, राजपुरा, सरहिन्द, ढंडारी कलां होते हुए लुधियाना से 16.00 पहुँचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 08, शयनयान का 01, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी के 02 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोचों सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे।

### लखनऊ-छपरा वंदे भारत के फेरे बढ़े

लखनऊ। लखनऊ से छपरा के बीच चलायी जा रही स्पेशल वंदे भारत के फेरे रेलवे प्रशासन ने बढ़ाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 02270 लखनऊ-छपरा वंदे भारत स्पेशल ट्रेन जहां 8 नवंबर तक चलाने की घोषणा की गयी थी अब इसे बढ़ाकर 30 नवंबर तक चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह 02269 छपरा-लखनऊ वंदें भारत स्पेशल ट्रेन को जहां 8 नवंबर तक चलाने की घोषणा की गयी थी अब इसे बढ़ाकर 30 नवंबर तक चलाने का निर्णय लिया गया है।

## लखनऊ के इतिहास, विरासत और संस्कृति से रूबरू हुए लोग

**लखनऊ।** लखनऊ के इतिहास, विरासत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए रविवार को आदाब अर्ज लखनऊ की ओर से नील लाइंस कैंट के लखनऊ रेसकोर्स तक हेरिटेज वॉक का आयोजित किया गया। आदाब अर्ज टीम के सदस्यों के साथ जाने माने घोड़ा प्रशिक्षक रोशन सिंह रघुवंशी ने भी हेरिटेज वॉक का नेतृत्व किया। इस दौरान मौजूद लोगों को रेस कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। लखनऊ के छावनी क्षेत्र में बहादुर शाह मार्ग पर स्थित रेस कोर्स 70 एकड़ में फैला हुआ है। अपने शुरूआती दिनों से ही लखनऊ में घुड़दौड़ ने एक लंबा सफर तय किया है। रेस कोर्स की स्थापना 1880 में हुई थी। घुड़दौड़ शहर के अभिजात वर्ग और सेना के जवानों का पसंदीदा खेल बन गया है। यहां हर साल कई रेस आयोजित की जाती हैं, जो घुड़दौड़ के शौकीनों को भाग लेने और अपने पसंदीदा शगल में शामिल होने का मौका मिलता है। ऐसी यात्राओं से हमें उन विरासत स्थलों से परिचित होने का मौका मिलता है, जिनके बारे में आम लोगों को कम जानकारी है। संस्थापक और सदस्य इफ्फत खान, जोहैर खान, एके श्रीवास्तव, रेखा कुमार, नेहा प्रवीण, इमराना अजमत और अरशीन फातिमा मौजूद थे।

## महिलाओं को सिलाई और कढ़ाई जैसे कौशल सिखाये




**लखनऊ।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माण्डवी फाउंडेशन ने गढ़ी कनौरा ऐशबाग में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं को जरदोजी सिलाई और कढ़ाई जैसे कौशल सिखाए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने महिलाओं को जरदोजी सिलाई और कढ़ाई की बारीकियों के साथ-साथ फैशन और डिजाइनिंग से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण से महिलाओं ने न केवल जरदोजी का हुनर सीखा, बल्कि उन्हें बाजार की मांग के अनुसार विभिन्न प्रकार की डिजाइनों का निर्माण करना भी सिखाया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने इस पहल के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। माण्डवी फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हों और समाज में अपनी पहचान बना सकें। इस प्रशिक्षण से वे घर पर रहकर भी काम कर सकती हैं और परिवार के आर्थिक सहयोग में भागीदारी कर सकती हैं। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं, जो न केवल महिलाओं के कौशल में सुधार करते हैं, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाने में सहायक साबित होते हैं। समापन के बाद कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को जलपान कराया गया और उपहार स्वरुप गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम में माण्डवी फाउंडेशन की टीम में मीनाक्षी देवल (मीना), सेनू गुप्ता, सोनी रावत, चांदनी पाण्डेय, सुधा शर्मा, जैसिका सिंह, साक्षी सिंह, आलोक त्रिपाठी, अंकित पाण्डेय, आलोक कश्यप, सचिन देवल, अमरेन्द्र सिंह, जय सिंह, वीर राठौर आदि ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## एसएनए में कल संगीत के साथ सजेंगी बेगम अख्तर की यादें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से मल्लिका ए तरन्नुम पद्मभूषण बेगम अख्तर को मंगलवार को नमन किया जाएगा। बेगम अख्तर की पुण्यतिथि पर यादें कार्यक्रम का आयोजन पांच नवंबर को अकादमी के संत गाडगे जी महराज प्रेक्षगृह में होगी। जिसमें लोकप्रिय गायिका गायत्री अशोकन एव एवं जैजिम शर्मा प्रस्तुति देने मुम्बई से आ रहे हैं। अकादमी का यादे कार्यक्रम बेगम अख्तर की पुण्यतिथि 30 अक्तूबर को ही आयोजित होता था लेकिन इस वर्ष दीपावली की छुट्टियां होने की वजह से कार्यक्रम का आयोजन पांच नवम्बर को किया जा रहा है। कार्यक्रम को देखने के लिए टिकट का प्रावधान किया गया है जो बुक माई शो पर उपलबध हैं। टिकट शुल्क मात्र 20 रुपए से शुरू है।

## आज हड़ताल पर रहेंगे लखनऊ बेंच के वकील

**लखनऊ।** गाजियाबाद कोर्ट में जिला जज और वकीलों के बीच हुई झड़प का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। इस घटना के बाद राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश समेत दिल्ली में भी वकीलों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। लखनऊ में अवध बार का सोमवार को कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया है। घटना के विरोध में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के वकीलों ने कल हड़ताल कर दी है। अवध बार एसोसिएशन ने भी सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा की है। इस हड़ताल का उद्देश्य गाजियाबाद में वकीलों पर हुए बल प्रयोग और दर्ज किए गए केस का विरोध करना है। दिल्ली के वकीलों ने भी इस घटना के विरोध में कल हड़ताल पर जाने का प्रस्ताव रखा है। इस विरोध के माध्यम से वे गाजियाबाद में अपने सहयोगियों पर हुए अत्याचार और पुलिस द्वारा किए गए बल प्रयोग का विरोध जताना चाहते हैं। गाजियाबाद कोर्ट में हुई झड़प और उसके बाद पुलिस की कार्रवाई के चलते यूपी के अन्य जिलों में भी वकीलों द्वारा कोर्ट बहिष्कार की संभावना जताई जा रही है। वकीलों में आक्रोश है और वे न्यायिक प्रक्रिया में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। गाजियाबाद कोर्ट में हुई इस झड़प के दौरान पुलिस ने बल प्रयोग किया था, जिससे कई वकील घायल हो गए थे। इसके अलावा कई वकीलों के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है। वकीलों का कहना है कि यह घटना उनकी सुरक्षा और सम्मान पर हमला है, जिसके लिए वे न्याय की मांग कर रहे हैं।

## 2 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बनारस रेल इंजन कारखाना में अक्टूबर माह में 02 कर्मचारी सेवानिवृत हुए। शनिवारको आयोजित विदाई समारोह में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी जनार्दन सिंह ने अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त हुए रवींद्र कुमार एवं लाल मूरत को मेडल एवं फोल्डर भेंट कर ससम्मान भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर श्री सिंह द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को अपने संचित धन को सरकारी संस्थानों में ही निवेश करने का सुझाव दिया गया, साथ ही उन्होंने स्वस्थ रहने एवं समाज कल्याण से संबंधित कार्य से जुड़े रहने तथा अधिकांश समय परिवार के साथ व्यतीत करने की सलाह भी दी।



इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को बरेका कर्मचारी परिषद के संयुक्त सचिव श्रीकांत एवं सदस्य अमित कुमार एवं मनीष सिंह ने उपहार भेंट कर शुभकामनाएँ दी। लेखा एवं कार्मिक विभाग के सहयोग से सेवानिवृत्त कर्मियों को एकमुश्त भुगतान किया गया। कार्मिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित विदाई समारोह में कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/मुख्यालय राज कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी, कर्मचारी मोहम्मद असलम अंसारी भी उपस्थित थे।

## रेलवे ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में 2 लाख 63 हजार से अधिक पौधे लगाये

- रेलकर्मियों व अधिकारियों को दिलायी स्वच्छता की शपथ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे हमेशा भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) में श्स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारतश थीम के साथ और यात्रियों के लिए स्वच्छ और अधिक स्वच्छ यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक पहल के साथ एक प्रमुख भागीदार रही है।



पखवाड़ा अवधि के दौरान, भारतीय रेलवे की इकाइयों ने वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छ संवाद, स्वच्छ रेलगाड़ी, स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ आहार, स्वच्छ परिषद आदि जैसी दिनवार योजना/गतिविधियां शुरू कीं। इस वर्ष रेलवे ट्रैक की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। शहरी/अर्धशहरी क्षेत्रों में आने वाले स्टेशन के निकटवर्ती क्षेत्र और पटरियों के आसपास के क्षेत्र, नालियों और शौचालयों की सफाई, रेलवे कॉलोनियों, रेलवे भवनों/प्रतिष्ठानों आदि की सफाई स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के दौरान, भारतीय रेलवे ने एक उल्लेखनीय कार्य किया है। साफ-सफाई का विवरण इस प्रकार है। पखवाड़े के दौरान व्यापक स्वच्छता के लिए 7285 स्टेशनों, 2754 ट्रेनों और 18331 कार्यालयों को कवर किया गया। 45.20 करोड़ वर्ग मीटर क्षेत्र को साफ किया गया। कुल 20,182 किलोमीटर लंबी पटरियों की सफाई की गई। 465723 व्यक्तियों ने स्वच्छता अभियान/श्रमदान गतिविधियों में भाग लिया। अभियान के दौरान 1,17,56,611 मीटर नालों की सफाई की गई। यात्रियों की जागरूकता के लिए 821 स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। भारतीय रेलवे पर 2259 कूड़ा-कचरा विरोधी अभियान चलाए गए, जहां 12,609 लोगों को दंडित किया गया और 177133 लोगों को रेलवे परिसर में कूड़ा न फैलाने के लिए सलाह दी गई। 1541 स्वच्छता जागरूकता वेबिनार/सेमिनार आयोजित किए गए जिनमें 66,188 लोगों ने भाग लिया। अभियान के दौरान 2,63,643 पौधे लगाए गए। पखवाड़ा के दौरान रेलवे वर्कशॉप में 5400 टन स्क्रैप एकत्र किया गया। पखवाड़ा के दौरान कुल मिलाकर 4619 टन कूड़ा एकत्र किया गया। 710 टन प्लास्टिक कचरा हटाया गया। 19,759 संख्या में कूड़ेदान लगाए गए। फीडबैक तंत्र के एक भाग के रूप में, यात्रियों से स्वच्छता स्तर के संबंध में 50,276 एसएमएस/फीडबैक प्राप्त किए गए। लगभग 2597 स्थानों पर स्वच्छ आहार अभियान चलाया गया और लगभग 6960 खाद्य स्टालों की गहराई से सफाई की गई। इसी प्रकार, लगभग 4478 स्थानों पर स्वच्छ नीर अभियान चलाया गया और लगभग 17579 जल बूथों को साफ किया गया। 452 स्टेशनों पर श्वेस्ट टू आर्टश सेल्फी पॉइंट बनाए गए। लगभग 2100 कार्य योजनाओं और 3250 संख्या के साथ, प्रत्येक रेलवे कर्मचारी ने पूरे दिल से अभियान में भाग लिया। उपरोक्त दिनवार योजनाओं के तहत विभिन्न प्रकार की स्वच्छता गतिविधियों जैसे स्वच्छता पखवाड़ा लोगो और बैनर को रेलवे की वेबसाइट पर पोस्ट किया गया है।

## भारत महोत्सव में उमड़ी भीड़, डांडिया नृत्य कर बनायी रील





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के तत्वाधान में चल रहे प्रगति भारत महोत्सव 2024 के सुबह से ही उमड़ी भीड़ में संडे को बेहद खास बना दिया।

क्या आम क्या खास, क्या बच्चे बूढ़े, सभी आयु वर्ग के लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोगों ने प्रगति महोत्सव में खूब मौज मस्ती की। संडे को जहां महोत्सव में मौज मस्ती हुई वही फूड जोन झूलों पर और हवाई जहाज पर लोगों ने रील बनाई और खूब सेल्फी ली। प्रगति भारत महोत्सव 2024 में पूरी व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही। महोत्सव की तरफ से उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद। प्रगति भारत महोत्सव 2024 में सांस्कृतिक मंच से एक से एक बढ़कर कवियों ने कविता पाठ किया। वहीं दूसरी तरफ प्रतिदिन लग रहे निशुल्क चिकित्सा शिविर के डॉक्टर को प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं हनुश्री ट्रस्ट द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रगति भारत महोत्सव 2024 की शाम बेहद शानदार और सबको थिरकनें पर मजबूर कर दिया। हनुश्री ट्रस्ट की तरफ से रागिनी प्रिया जायसवाल के नेतृत्व में एक बार डांडिया नृत्य आरंभ हुआ तो सबका ध्यान डांडिया पर आकर्षित हो गया। डांडिया विशेष रूप से सरिता सिंह, सुमति गुप्ता, विनीत मीनाक्षी, प्रीती जोशी, पूनम पांडे, नितिन तिवारी, प्रदीप शुक्ला, विवेक सोनी, आदर्श अवधेश द्विवेदी, अंजुम, प्रिया सिंह राजपूत, आकांक्षा सिंह, शिवम सिंह, पवन पाल, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, शाहिद और बहुत सारे लोगों ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एनबी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

## नये सॉन्ग के साथ गुरमीत ने किया सिंगिंग डेब्यू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बहुप्रतीक्षित सीरीज कमांडर करण सक्सेना में अभिनय कर रहे अभिनेता गुरमीत चौधरी ने कमांडर करण सक्सेना के रैप सॉन्ग के साथ अपने गायन की शुरूआत करके प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया है। जोश और दमदार संवादों से भरपूर यह गाना राष्ट्रीय गौरव की गहरी भावना जगाता है। भरत-सौरभ द्वारा रचित और अमित खान के बोलों के साथ, कीलाइट प्रोडक्शंस के राजेश्वर नायर और कृष्णन अय्यर द्वारा निर्मित और बैलाड बर्ड म्यूजिक में रिकॉर्ड किया गया, गुरमीत चौधरी का डेब्यू वह सब कुछ है जिसका उनके प्रशंसक इंतजार कर रहे थे! कमांडर करण सक्सेना एक रॉ एजेंट की दिलचस्प कहानी है जो अपने देश की रक्षा करने और अपने साथी के लिए न्याय पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है. लेखक अमित खान के एक किरदार पर आधारित इस सीरीज में इकबाल खान और हता दुगुर्ले भी हैं. जतिन वागले द्वारा निर्देशित और कीलाइट प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, कमांडर करण सक्सेना अब डिज्नी+ हॉटस्टार पर मोबाइल पर मुफ्त में स्ट्रीम हो रही है, जिसके सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना एपिसोड होंगे। कमांडर करण सक्सेना के साथ गायन में डेब्यू करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी ने कहा, टाइटल ट्रैक गाते समय मैं वास्तव में गर्व से अभिभूत था। जब राजेश्वर सर (कमांडर करण सक्सेना के निमार्ता) ने मुझे टाइटल ट्रैक गाने के लिए कहा, तो मैं थोड़ा सशंकित था क्योंकि मैंने पहले कभी नहीं गाया था। मैंने बादशाह से प्रेरणा लेकर खुद को पूरी तरह से गाने में डुबो दिया। मुझे लगता है कि मैंने अपने देश के नायकों को अपनी तरफ से एक छोटी सी श्रद्धांजलि देकर अपनी भूमिका निभा दी है। पहली बार गाना और अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना अद्भुत अनुभव था. मैं इस ट्रैक के पीछे की अविश्वसनीय टीम का वास्तव में आभारी हूं।

## 'बंदा सिंह चौधरी' में अरशद वारसी ने दर्शकों को किया निराश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- कलाकार-अरशद वारसी, मेहर विज
- निर्देशक-अभिषेक सक्सेना

रेटिंग-2/5

**लखनऊ।** फुल्लो और सरोज' का रिश्ता जैसी फिल्मों में सैनिटरी पैड और बॉडी शेमिंग के मुद्दे को दर्शाने वाले निर्देशक अभिषेक सक्सेना इस बार 'बंदा सिंह चौधरी' के जरिए गुमनाम नायकों की कहानी लेकर आए हैं। प्रेरणादायक कॉन्सेप्ट के साथ पेश हुए अभिषेक सक्सेना की नीयत भले अच्छी रही हो, मगर कमजोर स्क्रीनप्ले के कारण वो मात खा गए।

कहानी 1975 के पंजाब में सेट है। जहां बंदा सिंह चौधरी (अरशद वारसी) को सिख लड़की लल्ली (मेहर विज) से प्यार हो जाता है और दोनों शादी करके बेटी की पैदाइश के बाद खुशहाल जीवन जी रहे हैं। बंदा के पूर्वज चार पुश्त पहले पंजाब आए थे। फिर वे यहीं के होकर रह गए और अब गांव में सांझा चूल्हा की परंपरा है, जहां हिंदू बंदा सिंह चौधरी अपने सरदार दोस्त (जीवेश वालिया) और उसके परिवार के साथ मिल-जुलकर रहता है। मगर उनकी हंसती - खेलती जिंदगी में उस दिन तूफान आ जाता है, जब 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद पश्चिमी पाकिस्तान से बांग्लादेश का बदला लेने के लिए आतंकवादी पंजाब में घुस जाते हैं।

गांव में दहशतगर्दी का दौर शुरू हो जाता है। उग्रवादी ऐलान कर देते हैं कि हिंदुओं को पंजाब छोड़कर जाना होगा और जो सिख परिवार हिंदुओं के साथ किसी भी तरह का संबंध रखेंगे, उन्हें मार दिया जाएगा। इस उग्रवाद की बलि चढ़ता है, बंदा सिंह चौधरी का जान से प्यारा दोस्त। युवाओं में धर्म की राजनीति का जहर फैलाकर पूरे पंजाब में हिंसा भड़का दी जाती है, मगर इन विकट हालातों में बंदा अपना पिंड (गांव) न छोड़कर उग्रवादियों का सामना करने के लिए कमर कस लेता है। क्या बंदा उग्रवाद की इस लड़ाई में जीत पाता है? यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।

निर्देशक अभिषेक सक्सेना पंजाब के ऐसे गुमनाम नायकों की कहानी लेकर आए हैं, जिन्होंने अपने पिंड और इसके लोगों की हिफाजत के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। कहानी सुनने में जितनी हौसले से भरी लगती है, पर्दे पर उसका एग्जिक्यूशन उतना ही कमजोर है। फिल्म बहुत धीमी है, जिसमें जोश और रोमांच की कमी साफ खलती है। धार्मिक उन्माद और आतंकवाद जैसे विषय को निर्देशक एक व्यापक परिप्रेक्ष्य में नहीं दर्शा पाए हैं।

कहानी अलगाववादी ताकतों और उग्रवादी साजिशों को उजागर करने में नाकाम रहती है। हां, सिमरजीत सुमन की सिनेमेटोग्राफी में दम है। सुखविंदर सिंह और आनंद भास्कर का गाया हुआ, 'सुन बंदेया' गाना कहानी और सिचुएशन के साथ न्याय करता है। क्लाइमैक्स प्रेडिक्टेबल हो जाता है। एक्टिंग की बात करें तो बंदा की भूमिका में अरशद वारसी अपना पूरा दमखम दिखाते हैं। उनकी बहादुर पत्नी लल्ली के किरदार में मेहर विज भी अपने चरित्र को मजबूती से जीती हैं। दोनों की केमिस्ट्री पर्दे पर जमती है। बंदा के परम मित्र के रोल में जीवेशु अहलूवालिया हंसी-मजाक के पल जुटाते हैं, मगर उनकी पत्नी के चरित्र में शिल्पी मारवाह याद रह जाती हैं। सहयोगी कास्ट अपने किरदारों के साथ न्याय करते हैं।

## आम नौजवान ही देश के बेहतर भविष्य की मजबूत नींव : शशांक शेखर पुष्कर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर के संघर्षों के 11 वर्ष पूर्ण होने एवं मंच के 7वाँ स्थापना दिवस कार्यक्रम केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। विधायक निवास दारूलशफा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं द्वारा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत हुआ ' इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर की अध्यक्षता में प्रदेश के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गयी, जिसमें आगामी रणनीति एवं विस्तृत कार्ययोजना को लेकर गहन मंथन हुआ ' संगठन को ग्रामसभा स्तर पर पहुंचाने एवं महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन/ऑफलाइन दोनों माध्यम से सघन सदस्यता अभियान चलाकर प्रदेश को नकारात्मक राजनीति से बाहर लाने एवं जनता के बुनियादी सवालों के लिए संघर्ष कर मंच की मजबूती पर जोर दिया गया ' इस दौरान मंच के विभिन्न फ्रंटल, प्रकोष्ठ का गठन कर प्रदेश संयोजक की ज़िम्मेदारी भी तय की गई ' जाति-धर्म के नाम पर कोई भी फ्रन्टल/प्रकोष्ठ का गठन नहीं किया जायेगा। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने प्रेस-प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत कम उम्र से ही मेरी सामाजिक कार्यों में अभिरुचि रही है ' व्यक्तिगत हितों की परवाह किये बिना राष्ट्रीय एवं सामाजिक मुद्दों पर सदैव मुखर रहा हूँ ' जातिगत नेता एवं जातिगत पार्टियाँ युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहे है। अनर्गल बयानों से सदैव दूरी बनाते हुए जनहित में युवाओं के प्रगति, उन्नति, उत्थान एवं बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए पिछले एक दशक से ज्यादा का समय छात्रों, युवाओं, बेरोजगारों के लिए सदैव संघर्ष के बाद अब जाकर राजनैतिक पार्टियों को युवाओं के भूमिका को महसूस कराने में सफल जरूर हो पाये है लेकिन पूंजीवाद एवं विरासत की राजनीति से राजनैतिक दल बाहर नहीं निकल पा रही है, जो आम प्रतिभावान युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती है ' आम युवाओं के दर्द का एहसास सोने का चम्मच लेकर पैदा होने वाले युवाओं के ठेकेदारों से सम्भव नहीं है ' आम नौजवान ही देश के बेहतर भविष्य का मजबूत नींव है जो गाँव, गरीब, किसान, मजदूर के यहाँ पैदा हुआ है वहीं संघर्ष को बेहतर समझ सकता है। मंच देश के आबादी के ऐसे 65 प्रतिशत युवाओं के लिए युवा हित में एक बेहतर प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है जो युवा देश व समाज के लिए कुछ करना चाहते है ऐसे युवाओं को मंच के कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर मंच की नीतियों, कार्यक्रमों से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने का युद्ध स्तर पर कार्य करेंगे ' युवा न कटेगा, न पीटेगा, न बटेगा, अब राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच से जुड़ेगा और बचेगा।

संक्षेप

## फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नौ सितम्बर को सुक्खा खेड़ा गांव के पास मुंडा कोठी के निकट बैंक से दो लाख अस्सी हजार रुपए निकाल कर घर जा रहे बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से हुई लूट के मामले में अक्टूबर माह में ऊगू पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गए अभियुक्त के फरार हो जाने के मामले में पुलिस ने भागे अभियुक्त लकी ऊर्फ शीबू को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की विधिक कार्यवाही की है।थाना पुलिस ने क्षेत्र के टांडा मीता गांव के निकट किसान नर्सरी के पास से शनिवार देर रात लूट के मामले में भागे अभियुक्त लकी ऊर्फ शीबू निवासी मुस्तफा बाद थाना बांगरमऊ को किसान नर्सरी के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा तथा दो हजार रुपए दस दस के सिक्के बरामद किये और उसे न्यायालय में पेश करने की विधिक कार्यवाही की है।

## दुर्घटना में साइकिल सवार मजदूर की मौत

जौनपुर ।मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के सरायचन्द ग्राम निवासी एक मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। बताते है कि 48 वर्षीय रामजीत पाल पुत्र गोपी पाल शनिवार की रात 10 बजे काम करके साइकिल से अपने घर को लौट रहा था कि जैसे ही वह रायपुर मुंगरा बादशाहपुर पहुंचता है कि जौनपुर की तरफ से आरही चार पहिया वाहन के चपेट में आगया और गंभीर रूप से घायल हो गया जहां पर उसको स्थानिय लोगों के सहयोग से सतहरिया सीएससी लाया गया बेहतर उपचार के लिए एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर कर दीया? परिजनों के मुताबिक रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गयी।

## तीन वाहन आपस में टकराये, दो लोगों की मौत, 13 घायल

बस्ती। जिले में एक बस, कार और ऑटोरिक्शा के आपस में टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई तथा 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात को कलवारी थाना क्षेत्र के लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर हुआ जब तीनों वाहन एक-दूसरे से टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। हादसे में रामचंद्र (78) और नाजिमा खातून (30) की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हादस में घायल अन्य 13 लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बस आंबेडकर नगर के किछौछा दरगाह से गोंडा जा रही थी जिसमें 65 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## राष्ट्र के सुखद निर्माण के लिए शिक्षकों का हित जरूरीः एमएलसी

करमा, सोनभद्र। समाज और राष्ट्र के सुखद निर्माण के लिए शिक्षकों तथा शिक्षालयों का सुखी व स्वस्थ होना बहुत जरूरी है, जब- जब शिक्षकों के अधिकारों का हनन हुआ तो सत्ता परिवर्तन और ब्यवस्था परिवर्तन भी अवश्य हुआ, शिक्षकों की दुर्दशा के परिणाम स्वरूप कुंठित समाज की शुरूआत भी होती है, इसलिए हम सभी को सावधान होकर कार्य करना होगा,उक्त बातें थाना क्षेत्र के विमला देवी इंटर कॉलेज गेदरी में शिक्षक एम एल सी एवं विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए ब्यक्त किया , शिक्षक एम एल सी ने कहा कि वर्तमान ब्यवस्था आगे भी जारी रही तो ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम स्कूल बन्द होने के कगार पर पहुँच जायेंगे, जिसका सबसे अधिक नुकसान गाँवों में स्थापित वित्त विहिन विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब परिवारों के बच्चों को उठाना पड़ेगा, उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार को खुले मन से राजकीय एवं सवित्त विद्यालयों के साथ ही वित्त विहिन विद्यालयों को भी प्रोत्साहित करते हुए वित्त विहिन शिक्षकों के भरणपोषण के लिए सम्मान जनक मानदेय की ब्यवस्था करना चाहिए, जिस दिन सम्मान जनक मानदेय की घोषणा मौजूदा सरकार करेगी उसी दिन शिक्षा ब्यवस्था सुदृढ़ हो जायेगी, सरकार को ऐसी नीतियों का अनुसरण करना चाहिए जिससे शिक्षकों का मनोबल हमेशा उठा रहे, शिक्षक एम एल सी ने छात्रवृत्ति के फार्म भरने में आ रही कठिनाइयों का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया, इसके पूर्व विद्यालय के प्रबन्धक राम सिंह पटेल और प्रधानाचार्या रंजू राजे ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ अर्पित करते हुए शिक्षक एमएलसी का स्वागत किया।

# बहनों ने भाइयों को तिलक कर सुख-समृद्धि की कामना



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर । भैया दूज पर बहनों ने भाइयों को तिलक कर सुख-समृद्धि की कामना की। रविवार को क्षेत्र में भैया दूज का पर्व से मनाया गया। इस दौरान बाजारों में खासी चहल-पहल नजर आई।

बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने अपनी बहनों को शगुन के रूप में नगद और उपहार भेंट किए। भाइयों को तिलक लगा बहनों ने सुख समृद्धि और दीघार्यु की कामना की। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के प्रतीक भैया दूज पर दिनभर उत्सव का माहौल रहा। भाइयों ने बहनों को हर स्थिति में रक्षा करने का संकल्प लेते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। भाई के माथे पर तिलक लगाने के लिए कुछ बहनों ने जहां शुभ मुहूर्त की कामना की वहीं अधिकांश बहनों ने अपने समय और सुविधा के अनुसार परंपरा का पालन किया। उधर, भैयादूज के कारण शहर की सड़कों और बाजारों में भीड़ रही। बहनों ने कपड़ों के साथ गोले की खरीदारी की। जहां कुछ बहनों ने निजी वाहनों से यात्रा की तो काफी बहनें रोडवेज की बसों में सफर करके अपने मायके पहुंची। यात्रियों के आवागमन का दौर देर शाम तक जारी रहा।

## दिवाली की खुशी में शामिल हुए समाजसेवी तो खिले चेहरे

सीतापुर । अनेक समाजसेवीयो ने गरीबों और जरूरतमंदों के घर जाकर इसमे शरीक करे । क्योकि गरीबो का भी मन होता है कि हम लोग त्योहार खुशियों के तरीके से मनाएं। इस बात को ध्यान मे रख कर हम दीपावली का त्योहार जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर मनाते है। कई घर और लोग थे जहां मिठाई, मोमबत्ती, माचिस, तेल दिया गया। और



दिवाली मनाई तो उनके चेहरे खिल गए। गरीबों को त्योहार में काम आने वाले सामान भी वितरित किया गया। सिधौली कस्बे के समाजसेवी व द ड्रीम स्कूल के प्रबंधक कुन्ज शुक्ला की ओर से मास्टरबाग क्षेत्र में गरीब परिवारो के बीच दीपावली का त्योहार मनाया। कई घर जो अंधेरे में डूबे हुए थे उन्हें रोशन किया। कुन्ज शुक्ला बताते है की उन्हे त्योहार तभी अच्छे लगते हैं जब हम अपने आस पास व जरूरत मदों को भी उनके घरो को रोशन किया गया ।

## आरूषी ने बांटी खुशियों की टोकरी

सीतापुर त्यौहार सिर्फ खुशियां मनाने के लिए नहीं होते हैं बल्कि खुशियां बांटने का भी एक मौका देते हैं. इसी बात को सार्थक कर दिखाया है जनपद के कस्बा कमलापुर की रहने वाली 16 वर्षीय आरूषी तिवारी ने. जिसने गरीबों के चेहरे पर मुस्कान की रोशनी बिखेरने का काम इन्होंने किया है. दीपावली के इस खास त्यौहार पर कोई भी बेसहारा, गरीब परिवार निराश नहीं रहे, इसी को लेकर आरूषी ने उन बेसहारा गरीब परिवारों को खुशियां देने के लिए घर-घर जाकर 'खुशीयो की टोकरी' का वितरण किया. ताकि ये परिवार भी हंसी-खुशी दीवाली का त्यौहार मना सके आरूषी ने क्षेत्र के एक दर्जन से ऊपर गाँव के चिन्हित जरूरतमंद लोगों के बीच 87 खुशीयो की टोकरी का वितरण किया है. इन खुशीयो की टोकरी में बच्चों के लिए जहां पटाखे, फुलझड़ियां और चकरियां रखी गई है. वहीं परिवार के अन्य लोगों के लिए मिठाइयां फल और पुजन की सामग्री भी रखी थी आरूषी की इस अनोखी पहल की हर कोई सराहना कर रहा।

## गंगा में नहा रहे युवक की डूबने से मौत

पाटन, उन्नाव। भैया दूज व स्कूलों में छुट्टी पर अपने परिवार के साथ चंडिका देवी धाम बक्सर गंगा स्नान करने किशोर गया था। जहां गहरे पानी के तेज बहाव में आ जाने पर वह डूबने लगा। डूबता देख गंगा के तट पर मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन किशोर को बचा नही सके। गोता खोरो की मदद से बाहर निकाला गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल दिया। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत पतित पावनी गंगा मां ग्राम पंचायत बक्सर की सीमा से होकर गुजरती है जहां लोग प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में गंगा स्नान कर सिद्ध पीठ मां चंडिका देवी मंदिर में दर्शन पूजन करते है। भैया दूज व दीपावली का अवकाश होने के कारण थाना बीघापुर के अंतर्गत सरसों गांव निवासी अपूर्व शुक्ला आयु 15 वर्ष पुत्र धीरेन्द्र शुक्ला अपने परिवार के संग गंगा स्नान के लिए घर से गया। गंगा स्नान करते समय अधिक गहराई में चले जाने व पानी का बहाव अधिक होने के कारण पानी में डूबने लगा। किशोर को डूबता देख किशोर का चाचा ब्रजेश शुक्ला देवेश शुक्ला जोर से बचाव बचाव चिल्लाने लगे। मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन बचाने में असफल रहे। जैसे ही प्रशासन को इसकी जानकारी मिली मौके पर चैकी प्रभारी बक्सर थाना प्रभारी बारा सगवर मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से बच्चे को बाहर निकलवाया। आनन फानन अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जैसे ही गांव में सूचना पहुंची घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## गोवर्धन पूजन कर गोवंश को खिलाया गुड़

सीतापुर। विकास खण्ड पिसावा की ग्राम पंचायत नेरी मे प्रधान नूर हसन शाह व ग्राम वाशियों द्वारा गौशाला मे गौवर्धन पूजा की गयी। गौशाला मे मौजूद गोवंशो को मौसमी फल व गुड़ खिलाया गया। वही ग्राम जहाँसापुर के



प्रधान प्रतिनिधि राममूर्ति शर्मा ने बताया कि गाय को पूजनीय स्थान प्राप्त है। ऐसी मान्यता है कि बड़े से बड़ा कष्ट भी सिर्फ गौ माता की सेवा करने से दूर हो जाता है। इस अवसर पर सर्वेश गुप्ता, अवधेश सिंह, जमुना प्रसाद, गजराज, गुड्डू कश्यप सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# जंगल में लावारिस मिली नवजात



सीतापुर। मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम पियरिया कोड़र निवासी कुछ ग्रामीण गांव के बाहर खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच ग्रामीणों ने जंगल में एक बच्ची की रोने की आवाज सुनी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो दंग रह गए। क्योंकि वहां पर एक नवजात बच्ची पड़ी बिलख रही थी।

इसी बीच पियरिया कोड़र निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी स्नेहलता वहां पहुंची। स्नेह लता ने लावारिस बालिका को गोद में ले लिया और घर चली गई। इधर सूचना मिलते ही थाना मछरेहटा पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने अज्ञात नवजात बच्ची को स्नेहलता से कब्जे में ले लिया। लेकर AHTU सीतापुर टीम के आरक्षी विजय कुमार, महिला आरक्षी छाया, महिला आरक्षी रश्मि तथा चाइल्ड हेल्पलाइन सीतापुर केस वर्कर राहुल वैश्य की सुपुर्दगी में देकर रुखसत किया गया। पुलिस का कहना है कि अग्रिम कार्यवाही न्यायालय बाल कल्याण समिति सीतापुर से की जाएगी।

## क्षेत्र में धधक रहीं शराब की भट्ठियां

जिला संवाददाता(vol)

नवाबगंज, उन्नाव। आबकारी आयुक्त के सख्त निदेर्शों के बावजूद भी जिले में अवैध कच्ची शराब के बिकने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। नवाबगंज क्षेत्र के तमाम ग्रामीण आंचल में अवैध शराब बनाने की भट्ठियां अनेक स्थानों पर धधकती देखी जा सकती है। कही न कही आबकारी विभाग की कार्यवाही से भी जाहिर होता है कि कच्ची का कारोबार कुछ हद तक किया जरूर जा रहा है, जिसके परिणाम देखने को मिलते है कभी कभी आबकारी विभाग गुडवर्क जारी करता है जिसमें अवैध कच्ची शराब व उपकरणों की बरामदगी की जाती है।

लखनऊ सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़ा होने के चलते सोहरामऊ, मोहान आदि इलाकों को अवैध शराब बनाने के काम में संलिप्त माफिया मुफीद मानते है। इन क्षेत्रो से जिले के कई बाहरी जनपदो में सुगमता से आवागमन किया जा सकता है। इसी वजह से अवैध शराब के काम को इन इलाकों में धड़ल्ले से संचालित किया जाता है। स्थानीय आबकारी निरीक्षक भी इन पर अंकुश लगा पाने में असफल सबित होते है।

इसके साथ ही बियर की दुकानों के बाहर सरकारी फुटपाथ पर बोतल ग्लास और नमकीन की दुकान खुलेआम एक बियर दुकानदार संचालित करवा रहा है। आये दिन अराजकता का माहौल भी सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को बर्दास्त करना पड़ता है। कई बार स्थानीय दुकानदारों व लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय जिम्मेदारों व दुकानदारों से की लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाली कहावत निकला। कहने का आशय ये है कि उक्त दुकान के बाहर फुटपाथ पर अवैध रूप से नमकीन व पानी कि दुकान संचालित हो रही है। नवाबगंज हाईवे पर स्थित बियर शॉप के बाहर सड़क पर इस दुकान के खुलने से वहां पर नशा करने वालों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। जिससे कभी कभी अराजक तत्वों की वजह से लोगो को समस्याओ से जूझना पड़ता है। मामले में स्थानीय आबकारी निरीक्षक से कई बार सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया।

## भैया दूज पर्व पर बाजार में रही भीड़

सीतापुर। महोली क्षेत्र मे भईया दूज का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है। इसी को लेकर रविवार की सुबह से ही महोली नगर के बड़ागांव तिराहे पर



मिठाई की दुकानों पर लाई दाना चीनी से बने खिलौने की जमकर बिक्री हुई। जो शाम तक जारी रही। मिठाई की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। भाई दूज का त्यौहार भाई बहन के रिश्तों को और मजबूत बनाने की कड़ी में अहम माना जाता है। महोली क्षेत्र के बड़ागांव मस्जिद बाजार उरदौली में भी मिठाई की दुकान आकर्षक ढंग से सजाई गई थी। वही पिसावा कस्बा नेरी सहित अन्य जगहों पर मिष्ठान भंडारों पर खरीददारों की भीड़ देखी गई।

## बच्चों के विवाद में परिजनों ने घर में घुस कर की मारपीट

सरहरी , गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के कौशल पुरम मुहल्ले में बच्चों में कहा सुनी को लेकर परिजनों ने घर में घुस बच्चे एवं महिलाओं से मारपीट एवं अभद्रता करने पर इसका उलाहना देने गये परिजन के साथ भी मारपीट किया गया पिडित के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस बी यन यस 191 (2), 115 (2), 125, 324 (4), 325 (5), 352, 351 (3) के तहत मुकदमा कामय कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। नकहा न० 1302 ङ कौशल पुरम निवासी अजीत कुमार श्रीवास्तव पुत्र महेन्द्र प्रताप ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि शाम सात बजे के आस पास मेरे भतीजे बिराट एवं मुहल्ले का ही रहने वाला लड्डू से किसी बात को लेकर बाद बिवाद हो गया कुछ देर बाद लडडू अपने पिता भाई एवं माँ को साथ लेकर घर में घुस बिराट को मारने पीटने लगे जब घर की महिलाओ ने इसका प्रतिरोध किया तो उनके साथ मारपीट एवं अभद्रता किया गया मनबढ़ो द्वारा जान से मारने की धमकी दिया गया घर पहुंचने पर घटना की जानकारी होने पर जब मैं इसका उलाहना देने लड्डू के घर गया तो मेरे साथ भी मारपीट किये जिससे काफी चोटे आई है पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## कचरे में लगी आग, लोग परेशान



सीतापुर। महोली नगर पंचायत द्वारा गुजिया लाइन रोड मिल यार्ड में कचरा डलवाया जा रहा है। इसी कचरे मे अचानक आग लग गई। जिससे धुआं नगर मे फैल गया।

आग से निकला रहा धुआ व्यापारी सहित नगर वासियो के लिए मुसीबत बन गया। इसकी जानकारी नगर पंचायत को दी गई। जिसके बाद आग बुझाने के लिए पानी का टैंकर भेजा गया। मगर आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जब फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया, तब जाकर लोगो ने राहत की सांस लीं।

# धूमधाम से निकली भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर । जनपद के समस्त चित्रांश बंधुओं ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में समस्त प्राणियों के जीवन मृत्यु का लेखा-जोखा रखने वाले परम पूज्य भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की भव्य शोभायात्रा जनपद में निकली जिसमें पूरे जनपद के हजारो कायस्थ समाज के लोगों ने भाग लिया इस दौरान समाजसेवी व सम्मानित व्यक्तियों ने भी भगवान चित्रगुप्त जी महाराज के शोभायात्रा में शामिल हुए।

कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 इंद्रसेन श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव व शोभायात्रा संयोजक मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में भगवान चित्रगुप्त जी महाराज की शोभायात्रा का आयोजन



किया गया शोभायात्रा के शुरू होने के पूर्व भगवान चित्रगुप्त जी महाराज के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया उसके बाद प्रकांड विद्वान ब्राह्मणों के मंत्र उच्चारण के पश्चात भव्य शोभायात्रा की शुरूआत हुई जो नगर पालिका परिषद से चलकर कोतवाली चैराहा, शाही पुल ओलांदगंज होते हुए चित्र गुप्त मंदिर रू हटा पर पहुंचे जहां पर भगवान चित्रगुप्त जी की आरती कर समस्त लोगों में प्रसाद वितरण किया गया तत्पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें सभी गणमान्य व्यक्तियों ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान कायस्थ सभा के संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव ,सुभाष चंद्र श्रीवास्तव. राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव कर्मचारी नेता, प्रदीप श्रीवास्तव डीओ, प्रदीप अस्थाना, रवि श्रीवास्तव , विपनेश श्रीवास्तव, प्रदीप पप्पू, श्रीकांत श्रीवास्तव. पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, दयाशंकर निगम, रामेंद्र श्रीवास्तव, श्यामलकांत श्रीवास्तव,महिला जिला अध्यक्ष डॉ पूनम श्रीवास्तव, डॉ अंजना श्रीवास्तव , मिलन श्रीवास्तव, विमला श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव , अजय श्रीवास्तव , संजय अस्थाना ,श्याम रतन श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, मयंक नारायण श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव पत्रकार ,मनीष श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव सिपाह, लालमोहन श्रीवास्तव आनंद शंकर श्रीवास्तव , मोहन शंकर श्रीवास्तव, नितेश श्रीवास्तव , जिला महामंत्री भास अमित श्रीवास्तव , नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव , डॉ प्रमोद श्रीवास्तव , रूपेश श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव,धीरज श्रीवास्तव, अश्विनी श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव सहित सैकड़ो बंधु उपस्थित रहे साथ ही जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ रामसूरत मौर्या जी राज्य मंत्री के कार्यालय प्रभारी ब्रह्मेश शुक्ला जी शोभा यात्रा के संयोजक मनीष श्रीवास्तव सभासद ने शोभायात्रा में पधारे अतिथियों का स्वागत किया।

# झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से पत्रकार की पत्नी की मौत

हिलौली, उन्नाव। कुकुरमुत्तों की तरह खुल रहे अवैध क्लीनिकों व जगह जगह बैठे झोलाछाप डॉक्टरों में से एक झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से पत्रकार की 27 वर्षीय पत्नी की मौत हो गयी। पीड़ित युवक ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिलौली के मोहल्ला झुलऊ के सुंदर लाल शुक्ला के पुत्र साहित्य शुक्ला की शादी कुछ वर्ष पूर्व केतकी से हुई थी। शादी के करीब डेढ़ साल बाद साहित्य शुक्ला के घर किलकारी गूंजने लगी। यानी केतकी ने एक कन्या को जन्म दिया। केतकी ने करीब 25 दिन पहले दूसरी कन्या को जन्म दिया। जिससे घर मे खुशियां ही खुशियां छा गयी। घर मे बेटी आने की खुशियां मनाई जा रही थी। साहित्य शुक्ला ने बताया कि 25 अक्टूबर को केतकी को बुखार आ गया। जिस पर साहित्य शुक्ल ने उन्हें पास के ही एक अस्पताल जन कल्याण में दिखाया। साहित्य शुक्ला के अनुसार अस्पताल में नौसुखिया स्टाफ देखकर उन्होंने डॉक्टर के बारे में पूछा तो वहां पर स्टाफ ने फोन पर जन कल्याण हॉस्पिटल के संचालक व डॉक्टर राम सिंह उर्फ रामू से संपर्क कराया। डॉ0 राम सिंह उर्फ रामू ने फोन पर ही अपने स्टाफ को केतकी के इलाज का दिशा निर्देश दिया। इसके बाद वहां उपस्थित स्टाफ ने डॉक्टर के कहने पर करीब 7 बजे सुबह से लेकर 2 बजे तक ग्लूकोस साहित्य शुक्ला की पत्नी को चढ़ाते रहे तथा डॉक्टर द्वारा बताए गए करीब 15 से 20 इंजेक्शन ड्रीप में लगाए। जिससे साहित्य शुक्ला की पत्नी की हालात और खराब हो गई। शरीर ठंडा पड़ने लगा। तब साहित्य शुक्ला ने घबराकर डॉक्टर से शिकायत की। जिस पर पहुंचे जनकल्याण अस्पताल के डॉक्टर राम सिंह रामू ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है मरीज के इतना बुखार चढ़ा था इसलिए इंजेक्शन लगाकर शरीर को ठंडा किया गया है, अब आपकी पत्नी सुबह तक चंगी हो जाएगी। जबकि हुआ ठीक उल्टा शाम होते-होते पत्रकार साहित्य शुक्ला की पत्नी की तबीयत और खराब होती चली गई इस बार जब उन्होंने डॉक्टर से संपर्क किया तो डॉक्टर ने कहा कि जीना मरना तो भगवान के हाथ में है अब हम इसमें कुछ कर नहीं सकते है। इसलिए इन्हें कहीं अच्छी जगह दिखाइए। यह सुनकर तो साहित्य शुक्ला के पैरों तले से जमीन खिसक गई, क्योंकि जो डॉक्टर अभी तक उनकी पत्नी का इलाज करके यह कह रहा था की सुबह तक केतकी भली चंगी हो जाएगी, वही डॉक्टर अब हाथ खड़े कर रहा है।

दर्द से कराह रही पत्नी केतकी को आनन फानन साहित्य एक प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने बताया कि इनके ज्यादा ग्लूकोज चढ़ाने के कारण उनकी हालत ऐसी हो गई है। इन्हें लखनऊ में किसी अच्छे हॉस्पिटल में दिखाएं जिस पर वहां से साहित्य एवं उनके परिजन लखनऊ के लोक बंधु अस्पताल केतकी को लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही केतकी ने दम तोड़ दिया। ।सुबह होते ही केतकी की मौत की खबर जनकल्याण हॉस्पिटल के प्रबंधक को जैसे ही हुई वैसे ही अस्पताल में ताला लगाकर व बोर्ड उखाड़ कर वह रफूचक्कर हो गया। यानी उसको भी इस बात का एहसास हो गया था कि केतकी की मौत उसकी लापरवाही से हुई है। अस्पताल के पंजीकरण के संबंध में जब सीएससी हिलौली के अधीक्षक दीपक वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जनकल्याण हॉस्पिटल पंजीकृत नहीं है। वहीं सूत्रों के अनुसार जनकल्याण हॉस्पिटल का डॉक्टर पहले रायबरेली जनपद के बछरावां में गाड़ी धुलाई का कार्य करता था। जो एक डॉक्टर के संपर्क में आने के बाद जिसे कुछ दवाइयां की जानकारी हो गई फिर उसने पहले बछरावां में एक अस्पताल खोला और उसके बाद उन्नाव जनपद के हिलौली में भी जनकल्याण नाम से एक अस्पताल खोल दिया।

यह डॉक्टर सीधा-सीधा मौत का सौदागर बन गया। सूत्रों की माने तो इसके पास ना तो कोई डिग्री है और ना ही यह किसी प्रकार से प्रशिक्षित है। बछरावां के एक सख्स दिलीप भारती का कहना है कि गाड़ी की धुलाई करने वाला लोगों की जिंदगियों के साथ खेल रहा था। कुल मिलाकर दिलीप भारती का ये कहना बिल्कुल सत्य लगता है कि ये डॉक्टर नही यमराज था। वही पत्नी केतकी का अंतिम संस्कार करने के बाद थाना मौरावां में जन कल्याण अस्पताल के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। जिस पर थाना प्रभारी मौरावां चंद्र कांत सिंह ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## देश के सुदृढ़ीकरण में सरदार पटेल की अहम भूमिका



जौनपुर। जिले के सुईथाकला विकास क्षेत्र के रूधौली गांव में स्थित समला देवी इण्टर कालेज प्रांगण में लौह पुरुष,भारत रत्न, सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती का आयोजन सरदार पटेल जयन्ती आयोजन समिति के द्वारा किया गया। कार्य क्रम का प्रारम्भ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया । मुख्य अतिथि श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणी वर्मा व जौनपुर सदर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा मौजूद रहे ।

मुख्य अतिथि सांसद श्रावस्ती ने कहा कि भारत देश की एकता के सूत्रधार थेद्यऐसे महापुरुष को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृह मंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों का विलय की जिम्मेदारी उनको सौंपी गई थीद्यउन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करते हुए छोटी-बड़ी रियासतों को भारत में विलय करायाद्यदेश के एकता के सूत्रधार थे भारत की राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल का बड़ा योगदान था। द्यसरदार पटेल नवीन भारत के निमार्ता के राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी थे देश के विकास में सरदार पटेल का महत्व को सदैव याद रखा जाएगा देश को स्थापित करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका रही ।सदर सांसद नेकहा की सरदार पटेल देश की आजादी के संघर्ष में जितना योगदान दिया। उससे ज्यादा योगदान उन्होंने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरव पूर्ण स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनेता को सरदार पटेल से सीख लेनी चाहि। जितेन्द्र वर्मा,विनय कुमार वर्मा,महेश वर्मा,बिन्दे वर्मा, रामसिंह वर्मा,अजीत वर्मा, जयनाथ वर्मा,रामा नन्द निषाद, सिन्टू वर्मा, विकास वर्मा, तनवीर, त्रिभुवन यादव, कृष्ण चन्द्र निषाद, धीरज यादव, अरविन्द सिंह पटेल, पवन मौर्य, सिद्धार्थ पटेल, रविन्द्र निषाद,गोरे लाल वर्मा,अंकित वर्मा,सोनू पटेल,विनीत पटेल,जय चन्द्र वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता चन्द्र भान वर्मा ने संचालन हरिराम वर्मा ने किया।

संक्षेप

## जिला चिकित्सालय के दो वार्ड बॉय में हुई जमकर मारपीट

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय में वार्ड बॉय के पद पर तैनात दो लोग नगर कोतवाली के रिकाबगंज क्षेत्र स्थित सरकारी शराब के ठेके पर पहुंचे और दोनों ने छककर शराब पी। नशा चढ़ने पर आपस में उलझ गए और फिर विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने के बाद मारपीट हुई। इसी बीच एक वार्ड बॉय ने अपने सहयोगियों को बुला लिया। रॉड से हुए हमले में एक वार्ड बॉय को गंभीर चोट आई है, जिसका जिला अस्पताल में इलाज कराया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बताया गया कि कैंट थाना क्षेत्र के मुमताजनगर का रहने वाला विशाल विश्वकर्मा पुत्र स्व. रामकुमार विश्वकर्मा जिला अस्पताल में मृतक आश्रित के कोटे से वार्ड बॉय पद पर तैनात है। वहीं इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला प्रभात कुमार भी वार्ड ब्वाय पद पर नौकरी करता है। दोनों एक साथ शराब पीने रिकाबगंज क्षेत्र स्थित शराब ठेके पर गए थे। पुलिस को दी गई शिकायत में विशाल विश्वकर्मा का आरोप है कि साथी वार्ड ब्याय प्रभात कुमार ने उससे रुपए की मांग की। रुपया न देने पर विवाद पर उतारू हो गया तथा गाली-गलौच करने लगा। इसके बाद अपने अन्य साथियों अंकित, मनीष समेत कई को लोहे की रॉड के साथ मौके पर बुला लिया तथा लोहे की रॉड से हमलाकर उसको गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों के एकत्र होने तथा बीच-बचाव करने के चलते उसकी जान बची। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि नशे में दो लोगों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद मारपीट हुई है। शिकायत पर पीड़ित का मेडिकल कराया गया है तथा रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

## अयोध्या को मिलेगी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स और सामुदायिक केंद्र की सौगात

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे प्रिय नगरी अयोध्या विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। योगी सरकार द्वारा युवाओं के शारीरिक विकास का भी ख्याल रखने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इसके लिए नगर निगम मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के अंतर्गत अयोध्या में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की नींव रखवायेगा। जल्द ही जमथरा के निकट आठ हजार स्कवायर मीटर भूमि पर आधुनिक खेलों के मैदान का हब तैयार किया जाएगा। भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में विकास का कार्य तेज हो गया है। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होते ही मानो श्रीराम खुद ही विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में जमथरा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और प्रयागराज हाईवे स्थित पुरुषोत्तम नगर वार्ड में सामुदायिक केंद्र बनाने की योजना तैयार हुई है। दोनों को मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के अंतर्गत ही बनवाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम दोनों जगह अपनी खाली पड़ी भूमि को चिह्नित भी कर चुका है। जमथरा के निकट बनने वाले स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आधुनिक खेलों के मैदान रहेंगे। बैडमिंटन, तीरंदाजी, जूडो, कैरम, रेसलिंग, टेबल टेनिस व लान टेनिस खेलने के मैदान होंगे। वीआईपी पवेलियन का भी इंतजाम होगा। पुरुषोतम नगर वार्ड में प्रस्तावित सामुदायिक केंद्र एक हजार सकवायर मीटर में बनेगा। भूतल पर 300 लोगों के एक साथ खड़े रहने की क्षमता रहेगी। ऊपर ठहरने के लिए कमरे रहेंगे। अयोध्या नगर निगम के निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पुनीत ओझा के मुताबिक दोनों ही निमार्णों पर लगभग 4.42 करोड रुपए की लागत आएगी।

# धूमधाम से मनाया गया बहन- भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज पर्व

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर जहां उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने प्रेम को दर्शाया। दीपावली के दो दिन

● भाइयों ने बहनों को उपहार के लिए खूब की खरीदारी

बाद भाई दूज का पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी आयु के लिए कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का वचन दिया और उपहार देकर उन्हें खुश किया। भाई-बहन के अटूट स्नेह के बंधन का नाम ही भैया दूज कहलाता है। शास्त्रों के अनुसार सूर्य की अपनी पत्नी संज्ञा से दो संतान थी, एक पुत्र यमराज व दूसरी पुत्री यमुना। संज्ञा सूर्य का तेज सहन न कर पाने के कारण अपनी छाया मूर्ति का निर्माण कर उसे ही अपने पुत्र-पुत्री को सौंपकर वहां से चली गई। छाया को यम और यमुना से किसी प्रकार का लगाव न था, लेकिन यम और यमुना में बहुत प्रेम था। यमराज अपनी बहन यमुना से बहुत प्यार करते थे, लेकिन अधिक काम होने के कारण अपनी बहन से मिलने नहीं जा पाते थे। एक दिन यम अपनी बहन की नाराजगी को दूर करने के लिए मिलने चले गए। यमुना अपने भाई को देख खुश हो गई। भाई के लिए खाना बनाया और आदर सत्कार किया। बहन का प्यार देखकर यमराज इतने खुश हुए कि उन्होंने यमुना को खूब सारे उपहार दिए। यम जब बहन से मिलने के बाद विदा लेने लगे तो बहन यमुना से कोई भी अपनी इच्छा का वरदान मांगने को कहा। यमुना ने उनके इस आग्रह को सुन कहा कि अगर आप मुझे वर देना ही चाहते है तो आज के दिन हर साल आप मेरे यहां आए और मेरा आतिथ्य स्वीकार करें। तब से लेकर हर वर्ष भैया दूज का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भैया दूज के पावन पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों को मंगल तिलक कर उनकी आरती उतारते हुए लंबी आयु की कामना की। इसके बाद गोला व मिठाई देकर भाई का आदर सत्कार किया। वहीं भाईयों ने भी अपनी बहनों को खुश करने के लिए, महंगे-महंगे उपहार भेंट स्वरूप दिए और बहन की हर परिस्थिति में रक्षा करने का वचन दिया। भाईदूज के पर्व को देखते हुए ज्वैलरी, गिफ्ट दुकानों में भारी भीड़ देखने को मिली। बहनें अपने छोटे भाइयों को देने के लिए उपहार खरीद रही थीं तो भाई भी अपनी बहनों को उपहार देने के लिए महंगे-महंगे गिफ्ट खरीद रहे थे। चॉकलेट की दुकानों पर युवाओं की भीड़ देखते ही बन रही थी। दूध पर बाजारों में खासी भीड़ देखी गई। विशेषकर ज्वैलर्स, क्लॉथ एवं मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की अधिक भीड़ थी। मिठाइयों की जमकर खरीदारी हुई। दीपावली के बाद एक बार फिर से दुकानों के बाहर तरह-तरह की मिठाइयां सजी दिखाई दी और उनके खरीदारों का तांता लगा हुआ था। भाई दूज के पर्व को लेकर वाहनों में भी खासी भीड़ थी। विवाहित बहनों की ओर से भैया दूज का पर्व मनाने के लिए, भाइयों के घर जाने का सुबह से ही सिलसिला शुरु हो गया था। सड़कों पर खासी भीड़ देखी गई।

# इंजीनियर पर हमला करने वाले प्रधान की कब होगी गिरफ्तारी

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** सत्ताईस अक्टूबर को सिंचाई निर्माण खण्ड प्रथम में तैनात जूनियर इंजीनियर ने कुआतला ग्राम प्रधान पर सरकारी नहर के बैंक किनारे से मिट्टी का अवैध खनन व परिवहन किये जाने का आरोप लगाते हुये सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाने और रास्ते में रोककर मारपीट करने जैसे गंभीर आरोप लगाये थे। पुलिस ने जूनियर इंजीनियर रमाकान्त वर्मा की तहरीर पर ग्राम प्रधान कुआतला विजय

● प्रधान द्वारा कराये गये कार्यों की जांच करेगी टीम

राजपूत व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 132, 352, 121(1), 308 (6) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। अब कुआतला प्रधान के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्यवाही कब तक होती है यह एक यक्ष प्रश्न बनकर सभी के समक्ष खड़ा हुआ है। वहीं सूत्र तो यह बताते हैं कि पुलिस अंदरखाने से ग्राम प्रधान के कारनामों की जांच कर ठोस कार्यवाही करने के मूड में है। जूनियर इंजीनियर रमाकान्त वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि कुआतला ग्राम प्रधान विजय राजपूत सरकारी नहर के पास से मिट्टी का अवैध खनन व डम्फरों से परिवहन कर रहे थे। सूचना मिलने पर वह अपने आलाधिकारियों के निर्देश पर मौका मुआयना करने गये हुये थे। बताया कि मौके पर चल रहे मिट्टी के अवैध खनन व परिवहन को रोकने की बात कहने पर ग्राम प्रधान आग बबूला हो गये। यह भी आरोप लगाया कि वह निरीक्षण कर अपने साथी जूनियर इंजीनियर के साथ मुख्यालय लौट रहे थे। वह राजघाट रोड स्थित शुभ हैविन रिसोर्ट के पास पहुंचे ही थे कि तभी ग्राम प्रधान ने अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ उसे रोकते हुये गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे उन्हें चोटें आयीं। गौरतलब है कि ग्राम प्रधान कुआतला विजय राजपूत के खिलाफ चर्चित हुयीं समाचार पत्रों की खबरों का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी के.के.पाण्डेय ने ग्राम पंचायत कुआतला में हुये विकास कार्यों की समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। इस टीम में शामिल जिला पंचायत राज अधिकारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी व सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी मनरेगा एवं पंचायत निधि से प्रधान द्वारा गांव में कराये गये विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे, जिसमें स्थलीय निरीक्षण व विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच की जायेगी।

## रूट डायवर्जन के बाद भी लगा रहा जाम

**मथुरा।** आज यमद्वितीया के अवसर पर काफी संख्या में भक्तों ने आस्था के साथ यमुना में बहिनों के साथ हाथ पकड़कर डुबकी लगायी। देश के अलग-अलग प्रान्तों से तीर्थयात्री आए हुए थे। अलग-अलग बोली भाषा वाले श्रद्धालु पूर्ण आस्था के साथ यमुना मैया की जय-जयकार कर रहे थे। यमद्वितिया के कारण पुलिस को यातायात नियंत्रण करने के लिए रूट डायवर्जन प्लान पर काम करना पड़ा। लेकिन इससे शहरवासियों को कोई सहूलियत नहीं मिली वहीं तीर्थयात्रियों को भी अनियंत्रित भीड़ का सामना करना पड़ा। गोवर्धन चौराहे से कृष्णा नगर तक जाम की स्थिति के कारण यात्रियों को सिर पर सामान रखकर काफी दूर तक पैदल चलना पड़ा।

# दुर्घटना में घायल के इलाज के दौरान अस्पताल में हंगामा



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर की इमरजेंसी में दुर्घटना में घायल पीड़ितों का उपचार के दौरान शनिवार देर शाम जमकर हंगामा हुआ। सड़क दुर्घटना में घायल युवक का इमरजेंसी सेवा में उपचार कर रहे वार्ड बॉय को कुछ युवकों ने शनिवार शाम पहुंचकर नोक झोक करते हुए थप्पड़ जड़ दिया। बताया गया कि वार्ड बॉय

● पुलिस ने मार-पीट करने वालों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

को थप्पड़ मारने के साथ दुर्घटना में घायल हुए युवक के साथ भी मारपीट का प्रयास किया गया और इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक तथा स्वास्थ्य कर्मियों से भी गाली गलौज करते हुए आरोपी उलझ गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में शनिवार शाम को घटित हुई घटना के बाद चिकित्सक की सूचना पर मौके पर बीकापुर कोतवाली के कई उप निरीक्षक और फोर्स अस्पताल पहुंची तथा शांति व्यवस्था कायम किया।

चिकित्सक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मारपीट के आरोपी दो सगे भाइयों के विरुद्ध कलिकलेट करने मारपीट करने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज किया है। बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र के काकरिया पातूपुर निवासी 40 वषीय निर्मला देवी पत्नी संतोष कुमार यादव कस्बा बीकापुर में सीएचसी के सामने प्रयागराज हाईवे पर शनिवार शाम सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से घायल हो गई। हादसे के दौरान बाइक अनियंत्रित हो जाने से बाइक सवार युवक भी सड़क पर गिरकर घायल हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। मौके पर मौजूद चिकित्सक एसके चैधरी द्वारा दवा उपचार शुरू किया गया। वार्ड बॉय अखिलेश द्वारा घायल युवक को मलहम पट्टी किया जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान घायल महिला के दो पुत्र मौके पर इमरजेंसी में पहुंच गए। तथा दुर्घटना में घायल बाइक सवार युवक से नोकझोंक शुरू कर दिया। चिकित्सा और वार्ड बॉय द्वारा मना करने पर वार्ड बॉय के साथ मारपीट शुरू कर दिया। तथा विवाद से बचने के लिए घायल युवक मौके से भाग गया। चिकित्सक द्वारा कोतवाली सूचना दी गई उसके बाद काफी संख्या में पुलिस फोर्स अस्पताल पहुंची तथा मामला शांत कराया। चिकित्सक ने घायल महिला निर्मला देवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि चिकित्सा एसके चैधरी की तहरीर पर मु0अ0सं0 397/24 धारा 115(2) 352, 351(3) 132, 121(1) में मारपीट के आरोपी दोनों युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अस्पताल से दोनो झगड़ा करने वाले युवक अमन यादव व अनमोल यादव पुत्र संतोष यादव को अस्पताल के इमरजेंसी से पुलिस पकड़ कर कोतवाली ले गयी है।

# परचून की दुकानों की तरह फैलीं पैथोलॉजी लैबों पर कब होगी कार्रवाई



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** ललितपुर जनपद में चिकित्सकों की मिलीभगत से कुकुरमुत्तों एवं पूरचून की दुकानों की भांति फैल रहीं अवैध पैथोलॉजी लैबों द्वारा जनता को लूटे जाने पर बुन्देलखण्ड विकास सेना ने गहरी चिन्ता व्यक्त की है।

वक्ताओं ने कहा कि सी.एम.ओ. की नाक के नीचे चिकित्सकों की मिलीभगत से ललितपुर में दर्जनों अवैध पैथोलॉजी लैब्स के द्वारा खुलेआम जनता की जेबों को काटा जा रहा है। प्रत्येक चिकित्सक अपने क्लीनिक पर अवैध पैथोलोजिस्ट बिठाकर अनावश्यक जांचें करके मरीजों में भय पैदा करके रुपए ऐंठने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ज्यादातर पैथोलोजिस्टों के पास न तो डिग्री है और न ही डिप्लोमा है। इन अवैध लैब संचालकों को सी.एम.ओ. का संरक्षण प्राप्त है। कहा कि अगर किसी मरीज की चार पैथोलॉजी पर अलग अलग जांच कराई जाये चारों जगह अलग अलग नतीजे आते हैं जिससे चिकित्सकों से मिलीभगत की बात सिद्ध होती है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध संचालकों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाये अन्यथा की स्थिति उग्र आन्दोलन छेड ? के लिए बाध्य हो जायेगी। बैठक में कदीर खां, फूलचंद रजक, अमरसिंह बुन्देला, अरुण सिंघई, प्रेमशंकर गुप्ता, शाहिद अली, अमरसिंह सेन, मथुराप्रसाद मिश्रा, ओमकार राजा, विनोद साहू, सुरेश, आकाश कुशवाहा, गोवर्धन, राजकुमार रैकवार, सूकेलाल पाल, राजेश कुशवाहा, सरमन रैकवार, कामता प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# इनामी पहलवानों के बीच नहीं हो सका हार जीत का फैसला



**सोहावल- अयोध्या।** क्षेत्र के एआईटी इंटर कालेज जगनपुर खेल मैदान में मरहूम जमील खान मेमोरियल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सौ जोड़ा पहलवानों ने हिस्सा लिया। जिसमें उत्तर प्रदेश केसरी आसिफ पहलवान और भारत केसरी रामेश्वर पहलवान के बीच पंद्रह मिनट की चली तीन लाख की इनामी कुश्ती में हरजीत का फैसला नहीं हो सका। शनिवार को एआईटी खेल मैदान में आयोजित अंतराज्यीय दंगल में राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, नंदिनी नगर, अयोध्या, सहारनपुर सहित विभिन्न प्रदेशों के सौ जोड़ा पहलवानों ने हिस्सा लिया। दंगल का उद्घाटन और शुरूआत जावेद खान नेता ने फीता काटकर किया। आदिल खान की अध्यक्षता में चल रहे दंगल की आखरी कुश्ती रोचक बन गई। हजारों की भीड़ के बीच दंगल में जब शाम को आखिरी कुश्ती उत्तर प्रदेश केसरी आसिफ पहलवान और भारत केसरी रामेश्वर पहलवान के बीच मुकाबला शुरू हुआ। हरजीत की बोली तीन लाख तक चली गई। लेकिन पंद्रह मिनट तक दोनों पहलवानों के बीच जमकर दांवपेंच का मुकाबला हुआ। लेकिन कुश्ती दोनों की बराबरी में चली गई। हरजीत का फैसला नहीं हो सका। वहीं वहीं एक लाख की इमामिया कुश्ती अंतराष्ट्रीय पहलवान विक्रम फिरोजाबाद और बबलु उर्फ गुलाम मोहम्मद हनुमान अखाड़ा दिल्ली के बीच हुई। जिसमें बबलू पहलवान की जीत हुई। वहीं दो सौ 70 किलो की भारी भरकम शरीर वाले पहलवान जालंधर के मोटा पहलवान को शिकस्त कोई नहीं दे रहा था। अंतिम में बाबा फकीरा ने उसने हाथ मिलाया और पटखनी दे दी। दंगल में हाहाकार और बाबा फकीरा की जयकार मच गया। वहीं हनुमान गढ़ी के महंत मनीराम के शिष्य पुष्कर ने दो मुकाबला जीता। इस अवसर पर प्रबंधक इंकसार खान, डा0 मकबूल खान, हसन खान, गुल फिरोज अंसारी, अनिल यादव, तौकीर, नूरानी, सबलू आदि ने पहलवानों का हौसला आफजाई किया।

## लौली टीका मऊ में विशाल दंगल का आयोजन



**बांदा।** जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने ग्राम पंचायत लौली टीका मऊ में दंगल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होने कुश्ती की प्राचीन कला की सराहना की और भारतीय संस्कृती का हिस्सा बताया और कहा कि भाजपा सरकार इस परंपरा को प्रोत्साहन देने के लिए कटिबद्ध है। उन्होने कहा कि उनके इस प्रयास से विदेशी खेलों के प्रभाव के बीच हमारी मिट्टी से जुड़े खेलों को एक पहचान मिल रही है। आप सभी का यह योगदान नौजवानों को अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा देता है और सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाता है। दंगल में आए हुए पहलवानों ने आकर्षण दांव पेंज का प्रदर्शन किया। कुश्ती के इस शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और पहलवानों का मनोबल बढ़ाया। आयोजकों ने विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जिससे पहलवानों का उत्साह और भी बढ़ गया। कार्यक्रम में डीडीसी भरत सिंह, और कमलेश साहू ने इस आयोजन की सराहना करते हुए खेल और संस्कृति के संरक्षण का महत्वपूर्ण कदम बताया।

## तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में बीती रात थाना बबेरु पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि रात्रि में थाना बबेरु पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान कस्बा में शिवाजी चैराहे से युवक मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ था। शक होने पर पुलिस द्वारा पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस द्वारा अभियुक्त रोहित उर्फ दादू पुत्र रामपाल सिंह निवासी वीर धुमाई सुरकी थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कस्बा चैकी प्रभारी कौशल सिंह, उ0नि0 गया प्रसाद पटेल, कां0 मनोज यादव, कां0 अनूप कुमार, हो0गा0 फूलचन्द्र मौजूद रहे।

## 16 से शुरू होगा निरंकारी परिवार का वार्षिक आयोजन




**बांदा।** संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निरंकारी परिवार का 77वां वार्षिक संत समागम 16, 17 एवं 18 नवंबर को आयोजित किया जाना है। इसकी जानकारी जोन बांदा के जोनल इंचार्ज डॉ दर्शन सिंह ने दी। उन्होने कहा कि इसमें प्रेम, शांति और एकता का संदेश दिया जाता है जिसमें सारी मानवता का कल्याण होता है। निरंकारी संत समागम मानवता का एक दिव्य संगम है जहां धर्म जाति, भाषा, प्रांत और अमीरी, गरीबी के बंधनों से ऊपर उठकर सभी लोग प्रेम और सौहार्द के साथ सेवा और सत्संग करते हैं। इस अवसर पर सद्गुरू माता और निरंकारी पिता के प्रवचनों का अनमोल उपहार भी सभी को प्राप्त होता है। समागम सेवाओं का यह दृश्य अपने आप में अत्यंत प्रेरणादायक होता है। जिसमें प्रातः काल से ही सेवाएं शुरू हो जाती हैं। सेवा दल की वर्दी में नौजवान भाई-बहन अपने अधिकारियों के निर्देशानुसार ग्राउंड पर अनेक प्रकार की सेवाओं में लीन रहते हैं। मंडल के सचिव जोगेन्दर सुखीजा ने कहा कि सभी संतो के रहने, भोजन, शौंच, स्वास्थ्य, सुरक्षा के सभी मूलभूत सेवाओं की तैयारी की जा रही है। प्रशासन की ओर से भी हर प्रकार का सहयोग मिल रहा है। उन्होने कहा कि मानवता के इस संगम में हर धर्म प्रेमी भाई-बहन का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# चिटफंड कम्पनी एलयूसीसी से जुड़े लोगों की सम्पत्तियों की होगी जांच

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** हजारों करोड़ रुपये हड़पने वाली चिटफण्ड कम्पनी एलयूसीसी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विगत दिनों जांच शुरू कर दी है। ईडी जांच के लिए जल्द चिटफण्ड कम्पनी द्वारा हजारों निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पे जाने की भी खबर है। इतना ही नहीं सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि चिटफण्ड कम्पनी एलयूसीसी से जुड़े व्यक्तियों की सम्पत्ति की जांच भी शुरू हुयी है, जिसमें जमीनों के खरीद-फरोख्त के

- जमीनें खरीद-फरोख्त करने करने वालों की बढ़ेंगी मुसीबतें, जाना पड़ सकता है जेल
- निवेशकों की जागने लगी उम्मीदें, वापस मिलेगी जमापूंजी
- अरबों रूपयों का जनता से कराया निवेश

ललितपुर भी आ सकती है, जिसके संकेत भी सूत्रों से मिल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ईडी ने मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुये पूरे प्रकरण की परत दर परत खंगालने के लिए जांच का दायरा बढ़ाना भी शुरू कर दिया है।

सूत्रों की मानें तो ललितपुर के कई सफेदपोशों की भूमिका संदेह के घेरे में है। वहीं पड़ौसी राज्यों में भी इसी दस्तावेजों को खंगालने का भी अहम कार्य ईडी द्वारा किया जा सकता है। रकम को दोगुना करने का प्रलोभन देकर निवेशकों के करीब तीन सौ करोड़ रुपये डकारने वाली चिटफण्ड कम्पनी एलयूसीसी की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीते अक्टूबर माह के आखिरी सप्ताह में जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। ललितपुर पुलिस द्वारा एलयूसीसी के मुख्य सरगना और एजेण्टों पर दर्ज किये मुकद्दमों के आधार पर ईडी ने मनी लॉड्रिंग का भी प्रकरण दर्ज किया है। घोटाले में ललितपुर पुलिस कम्पनी के मुख्य अभियुक्तों में शामिल मुहल्ला रामनगर व हाल भोपाल निवासी रविशंकर तिवारी पुत्र तिलकराम तिवारी, उसके भाई राहुल तिवारी, आलोक जैन समेत आधा दर्जन से अधिक एजेण्टों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हालांकि चिटफण्ड कम्पनी एलयूसीसी का संचालक महाराष्ट्र के मुम्बई निवासी समीर अग्रवाल पुत्र स्व.राजेन्द्र अग्रवाल को बताया जा रहा है, जो कि काफी समय पहले दुबई फरार हो चुका है। ललितपुर पुलिस ने समीर अग्रवाल पर पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, जिसे अब डीआईजी झांसी परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के आदेश पर एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक ने बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया है। सूत्र बतातें है कि चिटफण्ड कम्पनी एलयूसीसी में ललितपुर के कई सफेदपोशों की भूमिका भी संदेह के घेरे में हैं। वहीं बात करें पड़ौसी राज्य मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल, जनपद सागर, टीकमगढ़, इन्दौर के अलावा कई राज्यों व महानगरों तक इस कम्पनी के तार फैले हुये हैं। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि ललितपुर जिले में चिटफण्ड कम्पनी एलयूसीसी के मुख्य आरोपियों से जुड़े लोगों ने जमीनें, मंहगी गाडि ?ां और बंगले इत्यादि की खरीद-फरोख्त व्यापक स्तर पर की गयी है।

## इन राज्यों में कम्पनी होती थीं संचालित

जांच के दौरान बताया जा रहा है कि चिटफण्ड कम्पनी एलयूसीसी ने उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, बिहार और पंजाब इत्यादि में अपने कार्यक्षेत्र को संचालित कर रखा था, जो कि बड़े पैमाने पर लोगों को कम समय में रकम को दोगुना करने का लालच देकर मोटी रकम जमा कराते थे और समयावधि पूर्ण होने पर जमा पूंजी को डकार गये।

## ललितपुर में दर्ज किये गये पांच मामले

चिटफण्ड कम्पनी एलयूसीसी का पूरा नाम द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एण्ड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी बताया जाता है, जो कि कई राज्यों में अपना कारोबार फैला चुकी थी। इस कम्पनी की स्थापना वर्ष 2016 में समीर अग्रवाल द्वारा की गयी थी। इससे सम्बन्धित आधा दर्जन सोसायटियां भारत के कई राज्यों में कार्यरत थीं। इस कम्पनी को फाइनेंस एडवाइजर आर.के.शेट्टी, ट्रेनर संजय मुदगिल, लीगल एडवाइजर परीक्षित पारसी द्वारा नियंत्रित किया जाता रहा है।

## ताजनगरी में एंट्री करते ही पर्यटकों के स्वागत के लिए कुछ खास होगा इंतजाम

**आगरा ।** आगरा शहर में नगर निगम की मुहिम रंग ला रही है आगरा के ज्यादातर स्थानों पर कबाड़ से बने आकर्षित करने वाली कुछ चीजें बनी हैं जैसे विक्टोरिया पार्क के पास बोतल, नगर निगम ऑफिस के बाहर बने कबाड़ से बने नगर निगम के काम आने वाला सामान भी बना है। आपको बता दें ताजनगरी में एंट्री करते ही कबाड़ से बना अत्रऋ्अ ने निकलने वालो का मन मोह लिया। नगर निगम आगरा को सुन्दर बनाने में लगा हुआ है। इसके लिए कबाड़ से बने हुए आइटम आगरा के पार्कों में रखे गए है। आगरा में फतेहाबाद से एंट्री करते ही आपको लोहे के कबाड़ से बना बड़ा आगरा सेल्फी पॉइंट का रूप ले लेगा। जो भी निकलता है वाह आगरा ही उसके मुंह से निकलता है और अपने आप को उसके साथ सेल्फी लेने से नहीं रोक पा रहा। आगरा को सुन्दर बनाने नगर निगम के अपर नगर आयुक्त रोजाना कर रहे है आगरा का दौरा।

## मानव को सदमार्ग का रास्ता दिखाती है भागवत कथा: ज्ञानचंद्र द्विवेदी



**सोहावल- अयोध्या।** भागवत कथा मानव समाज को सदमार्ग का रास्ता दिखाती है। यह बात धर्म नगरी अयोध्या से आए कथा व्यास ज्ञानचंद्र द्विवेदी ने पूरे देवी तिवारी का पुरवा लहरापुर में कही। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण की जीवन लीला से श्रदालुओं को परिचय कराया और कहा श्री कृष्ण की लीलाएं प्रेरणादाई और सदमार्ग दर्शन का भी काम करती है। भागवत कथा के यजमान स्वरूप बैठे बार अध्यक्ष सोहावल अधिवक्ता लखन धर त्रिपाठी सहित सैकड़ो भक्तों के बीच कथा व्यास ने भगवान कृष्ण के जन्म से लेकर विवाह तक के जीवन का सुंदर चित्रण किया। माखन चोर, माता यशोदा के वात्सल्य प्रेम, नटखट बाल पन की कथा में बताया। इस दौरान पंडित करुणाकर त्रिपाठी, दिवाकर त्रिपाठी, प्रभाकर त्रिपाठी, बब्बू पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण शामिल रहे।

# लोकलुभावन चुनावी वायदे

सियासी डिबेट, अर्थशास्त्रियों के लेखों और गंभीर नेताओं के वक्तव्यों में हम प्रायः यह पढ़ते-सुनते रहते हैं कि देश में सियासी रेवड़ियों का जो कल्चर शुरू हुआ है, उससे देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर खतरा है। कुछ हद तक यह सच भी है और कई राज्यों में देखने को मिल भी रहा है। बीते वर्षों में मुफ्त की रेवड़ियों के जरिए आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में जिस तरह की ऐतिहासिक चुनावी सफलता दर्ज की, उससे दक्षिण भारत का सियासी कल्चर अब उत्तर भारत में और अधिक घातक रूप में सामने आ गया है। पार्टियां जब चुनाव मैदान में जाती हैं, तो ऐसा लगता है कि उनके हाथ में कोई जादुई खजाना लग गया है जिसका उपयोग कर वे जनता को सब कुछ फोकट में उपलब्ध करा देंगी। लेकिन जब सरकार बनती है और चुनावी वायदों को पूरा करने की बात आती है, तब सरकारों की अकल ठिकाने लग जाती है। दिल्ली में जो सरकार फ्री बिजली, फ्री पानी और फ्री बस यात्रा, फ्री में तीर्थ यात्रा करा रही है, वही सरकार कूड़ों का पहाड़ खत्म करने का वायदा पूरा नहीं कर पाती है। दिल्ली वालों को साफ हवा, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रहती है। राष्ट्रीय राजधानी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी है, लेकिन दुर्भाग्य है कि राष्ट्रीय राजधानी की एकमात्र नदी यमुना, जिसका धार्मिक महत्व भी बहुत अधिक है, आज किस हाल में है यह किसी से छिपा नहीं है। यमुना नदी का जल, किसी नाले के जल को भी गंदगी में मात देता है। यमुना की धाराओं के ऊपर दिल्ली में कई-कई मीटर मोटा झाग बना हुआ है, लेकिन हमारी सरकारों के पास इस गंभीर संकट को हल करने और ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की नदी यमुना को बचाने के लिए समय और संसाधन नहीं है। दरअसल जिन संसाधनों का उपयोग दिल्ली में कूड़े का पहाड़ का निस्तरण करने में लगना चाहिए, जिन पैसों का उपयोग यमुना की सफाई में होना चाहिए, जिस बजट को दिल्ली की यातायात व्यवस्था सुधारने, उद्योगों के प्रतिस्थापन, स्वच्छ परिवहन और किसानों की मदद के लिए होना चाहिए, उसका उपयोग सरकार चुनावी वायदों को पूरा करने में करती है। इससे विकास और जनकल्याण के ठोस कार्य नहीं हो पाते हैं। यही कारण है कि दिल्ली बीते एक दशक से अधिक समय से गंभीर पर्यावरणीय संकट का सामना कर रही है। चुनावी रेवड़ियों के कारण कई राज्यों की अर्थव्यवस्था संकट में है। हिमाचल प्रदेश में फ्री बिजली, महिलाओं को आर्थिक मदद, बस यात्रा में छूट, पुरानी पेंशन जैसी योजनाओं के कारण गंभीर वित्तीय संकट उत्पन्न हो गया है। सरकार संसाधन जुटाने के लिए तरह-तरह कर लगा रही है, इससे आम जनता की परेशानियां बढ़ी हैं। पंजाब अत्यधिक कर्जग्रस्त राज्य है और ऊपर से फ्री बिजली, महिलाओं के खाते में पैसा भेजने, फ्री सिंचाई जैसी योजनाओं के कारण सरकार की आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो गयी है। सरकार चुनावी रेवड़ियों के बोझ में दबी हुई है और संसाधन जुटाने के लिए बहुमूल्य जमीनों को बेचने और ऊंचे करों के जरिए संसाधन जुटाने की जुगत कर रही है। हिमाचल, पंजाब, कर्नाटक, तेलंगाना जैसे प्रदेशों की अर्थव्यवस्था चुनावी गारंटियों को पूरा करने में डांवाडोल हो रही है। राज्यों का कर्जभार बढ़ रहा है लेकिन फिर भी इससे कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है। पार्टियां एक दूसरे पर फ्रीबीज या सियासी रेवड़ियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाती हैं लेकिन जब मौका आता है, तो खुद भी वही करती हैं। अब झारखंड की ही बात ले लीजिए। यहां भारतीय जनता पार्टी ने अपना मैनीफेस्टो जारी किया है। इसमें युवाओं को आर्थिक मदद, महिलाओं की मदद, फ्री गैस सिलेंडर, सस्ता सिलेंडर जैसे वायदे किये गये हैं। दरअसल सियासी रेवड़ियां एक तरह से चुनावी मजबूरी बन गयी हैं। जब चुनाव आता है तो पार्टियां लुभावने वायदों के जरिए वोट हासिल करने का जतन करती हैं। इसके लिए फ्री बिजली, फ्री सिंचाई, महिलाओं को आर्थिक मदद, फ्री गैस सिलेंडर, पुरानी पेंशन जैसी गारंटियां देती हैं। इसके कारण राज्यों पर वित्तीय दबाव बढ़ रहा है। जो पैसा विकास पर लगना चाहिए, बुनियादी संरचना पर खर्च होना चाहिए वह पैसा चुनावी गारंटियों पर खर्च हो रहा है। इससे बेरोजगारी, राज्यों पर कर्जभार बढ़ने और आर्थिक संकट में फंसने का गंभीर खतरा पैदा हुआ है।



**चुनावी गारंटियों को पूरा करने में राज्यों के आर्थिक संसाधन खर्च हो रहे हैं। इससे देश की आर्थिक प्रगति प्रभावित हुई है।**

विचार

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।

-शेक्सपियर.

जब तक 'मत-छुओवाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

# देश में बेतहाशा बढ़ रहे साइबर अपराध



मनोज बाजपेयी

**जनवरी से अप्रैल 2024 के बीच गृह मंत्रालय द्वारा संचालित 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' पर 7 लाख 40 हजार से अधिक साइबर क्राइम से जुड़ी शिकायतें दर्ज की गयीं। 2024 के पहले चार महीनों में साइबर अपराधियों ने देशवासियों को 1750 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र आई4सी के अनुसार मई 2024 में प्रतिदिन 7000 साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज की गयीं।**

साइबर क्राइम अब इक्का-दुक्का मामला नहीं रह गया है। यह इतनी तेजी से बढ़ा है कि आये दिन आम आदमी को साइबर ठगों की कारस्तानी से दो-चार होना पड़ता है। बीते दिनों देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में साइबर क्राइम को उठाया और लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया। जब देश के प्रधानमंत्री तक इस पर चिंतित हों, सुरक्षा एजेंसियों का जाल और कानून के हाथ साइबर ठगों को दबोचने में छोटे पड़ रहे हों, तो मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को समझा जा सकता है। अगर हम कुछ आंकड़ों और तथ्यों पर गौर करें तो हमारे सामने साइबर क्राइम का भयावह रूप सामने आता है। जनवरी से अप्रैल 2024 के बीच गृह मंत्रालय द्वारा संचालित 'राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' पर 7 लाख 40 हजार से अधिक साइबर क्राइम से जुड़ी शिकायतें दर्ज की गयीं। इसके साथ ही इस साल के पहले चार महीनों में साइबर अपराधियों ने देशवासियों को 1750 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई4सी) के अनुसार मई 2024 में प्रतिदिन 7000 साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज की गयीं। इन दर्ज की गयी शिकायतों में 85 प्रतिशत शिकायतें ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित थीं। ये आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराध देश में तेजी से बढ़ रहा है और बीते कुछ वर्षों में इसकी वृद्धि दर 100 फीसद से भी अधिक रही है।

साइबर अपराधियों और जालसाजों का खौफ इतना बढ़ चुका है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी मन की बात में इसका जिक्र करना पड़ा। प्रधानमंत्री को देश की चिंताओं के साथ अपने सरोकार साझा करने पड़े। उन्होंने देशवासियों को जागरुक करने के साथ ही उनका आह्वान किया कि ऐसी घटनाओं से डरना नहीं है, क्योंकि यह सब कुछ फर्जीवाड़ा है। प्रधानमंत्री ने एक मूल मंत्र का सुझाव भी दिया है कि जब भी कोई ऐसी कॉल आये और आपको 'डिजिटल अरेस्ट' करने की कोशिश की जाये, तो आपको यह करना चाहिए- रुको, सोचो और फिर एक्शन लो। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार देश को स्पष्ट किया है कि सीबीआई, ईडी, कस्टम, पुलिस आदि सरकारी एजेंसियां फोन पर गिरफ्तारी की धमकियां नहीं देती हैं और न ही इस तरह की उनकी कार्यप्रणाली है। यदि कोई अपराध हुआ है, तो उसकी जांच करने और दंड देने की कार्यप्रणालियां तय हैं। दरअसल देश का आम आदमी इन सरकारी एजेंसियों की प्रक्रिया नहीं जानता और उनसे खौफ खाता है, लिहाजा उनकी आड़ में जालसाज लूट रहे हैं।



विमर्श

प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आश्वस्त भी किया है कि सरकार साइबर अपराध और इस तरह की जालसाजी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने जा रही है। एजेंसियों ने अपने काम आरंभ भी कर दिए हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री के इस सरोकार का अपना ही महत्व है, क्योंकि यह जालसाजी और डिजिटल अरेस्ट किसी महामारी की तरह फैल रही है। साइबर अपराधियों ने किसी उद्योगपति से 7 करोड़ रुपये लूट लिए, तो एक सेवानिवृत्त यूनिवर्सिटी प्रोफेसर को 75 लाख रुपये किसी अनाम बैंक खाते में ट्रांसफर करने को विवश कर दिया। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में किसी से 19 लाख रुपये लूट लिए और जालसाज ने खुद को 'मुंबई फाइनेंशियल टास्क फोर्स' का सदस्य बताया। साइबर अपराधियों ने हर रोज अखबार बेचने वाले को भी नहीं बख्शा और उसके खाते से 1 लाख रुपये झटक लिए। साइबर अपराधियों हर दिन ठगी के नये-नये तरीके ईजाद कर रहे हैं और इनके जाल में शिक्षित लोग भी फंस जाते हैं। लखनऊ में ही एक प्रतिष्ठित संस्थान की महिला डॉक्टर को सात दिनों तक डिजिटल अरेस्ट पर रखा गया और करोड़ों रुपये की ठगी अपराधियों ने की। आगरा में इससे भी भयानक घटना हुई। डिजिटल अरेस्ट की शिकार एक शिक्षिका की दहशत में मौत ही हो गयी। साइबर अपराधी मनोवैज्ञानिक रूप से इतने डरा देते हैं कि लोगों की सोचने-समझने की क्षमता ही खत्म हो जाती है और पीड़ित व्यक्ति इन ठगों के इशारों पर बर्ताव करने लगता है। दरअसल साइबर अपराध जालसाजी और लोगों को लूटने की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी बन गयी है। ये अपराधी पढ़े-लिखे इंजीनियर नहीं, बल्कि बेहद औसत किस्म के होते हैं, लेकिन वे 'साइबर अपराध' के पक्के खिलाड़ी हैं। हरेक जालसाजी में एक नकली पुलिस वाला होता है, जिसकी वर्दी, टोपी सब नकली होती है। इसके अलावा सीबीआई, ईडी, कस्टम, नारकोटिक्स, कभी-कभार रिजर्व बैंक आदि का प्रतिनिधि भी खुद को ये ठग बताते हैं। नकली सर्वोच्च अदालत भी दिखा दी जाती है और फर्जी वारंट भी पेश कर दिया जाता है। वीडियो कॉल पर बात करते हुए अपराधी बार-बार कहते हैं कि पास में कोई तीसरा आदमी नहीं होना चाहिए। कभी-कभार पुलिसिया रौब भी दिखाते हैं। जालसाज इतना मनोवैज्ञानिक दबाव डालते हैं कि डिजिटल अरेस्ट वाला व्यक्ति, अंततः, पैसा ट्रांसफर करने को विवश हो जाता है। ये अपराधी अपने नकारात्मक हुनर में इतने सिद्धहस्त होते हैं कि किसी के बेटा, बेटी या अन्य परिजन की आवाज 'क्लोन' करके भी सुना देते हैं। आप उस आवाज को ही 'असली' मान कर समझौता करने को तैयार हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात में इस फर्जीवाड़े को पूरी तरह साझा किया है। इंडियन साइबर क्राइम कॉऑरडिनेशन सेंटर (आई4सी) के मुताबिक, साइबर ठगों ने जालसाजी के कई तरीके विकसित किये हैं। इनमें डिजिटल अरेस्ट, ट्रेडिंग स्कैम, निवेश घोटाला, रोमांस, डेटिंग स्कैम आदि।

साइबर अपराधियों के ठिकाने भी आपके शहर में भी हो सकते हैं, दूसरे राज्यों में हो सकते हैं और विदेशों में भी हो सकते हैं। कुल मिलाकर इन ठगों ने ऐसा तरीका विकसित किया है कि भारत में बैठे-बैठे अमरीका और इंग्लैंड तक ठगी करते हैं। चीन, पाकिस्तान जैसे देशों में बैठकर भारतीयों को ठग लेते हैं। मतलब साइबर अपराधी कहीं भी हो सकते हैं और किसी भी देश के व्यक्ति को ठग सकते है। हरियाणा का नूह और झारखंड का जामताड़ा तो इनका फेमस ठिकाना है ही लेकिन इसके साथ ही चीन, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल से लेकर कई अपराधी म्यांमार, लाओस, कंबोडिया आदि देशों में भी बैठकर साइबर ठगी को अंजाम देते हैं। सवाल यह है कि सरकार इन अपराधों से आम आदमी को कैसे मुक्ति दिला सकती है? कैसे लोगों की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा साइबर ठगों से की जाये।

भारत में साइबर अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन उसकी विशेषज्ञ पुलिस हमारे पास नहीं है। जो सामान्य पुलिस है, उसे ही बदल-बदल कर साइबर का काम सौंप लिया जाता है। उन्हें जालसाजों की तरह महारत हासिल नहीं है और न ही वे बदलती प्रौद्योगिकी में सिद्धहस्त होते हैं। ऐसे में साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट सरीखे अपराधों से हमारी व्यवस्था कैसे निपट पाएगी? साइबर अपराधी लगातार अपनी प्रौद्योगिकी और कार्यशैली बदलते रहते हैं, लिहाजा उन्हें दबोचना वाकई एक गंभीर चुनौती है। प्रधानमंत्री के सरोकार से जनता में कुछ जागृति आ सकती है, लेकिन इससे आगे बढ़कर ठोस पहल की जरूरत है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

सोशल मीडिया



मोनोपोली का जाल बिछाने व उसे बचाने वाले कौन? अडानी को डिफेंस खरीद में बिचौलिया बनाने वाले कौन? मोनोपोली का फायदा किसे, अडानी, भाजपा या कोई और? राहुल गांधी.



भाई-बहन के स्नेहिल संबंधों और अटूट प्रेम व विश्वास के प्रतीक पावन पर्व 'भाई दूज' की प्रदेश और देश वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। केशव प्रसाद मौर्य.



यूपी व देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी, सेकेंडरी शिक्षा का बहुत ही बुरा हाल है। इस कारण गरीब घरों के करोड़ों बच्चे सही शिक्षा से लगातार वंचित हो रहे हैं। मायावती.

# संस्कारों का महत्व

हमारे संस्कार हमारे व्यक्तित्व की रचना करते हैं। साधना के दो भेद हैं। 1 भावनात्मक, 2 क्रियात्मक। स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजरोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है। गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

अंतर्दृष्टि

# भाई साहब, मेरी बात सुन लीजिए!

व्यंग्यलोक

हां जी भाई साहब! ये गाड़ी पांच मिनट में चलने वाली है। पांच मिनट बाद हम कहां और आप कहां लेकिन भाई साहब आप मेरी बात सुन लीजिए! बहन जी मेरी बात सुन लीजिए! आप सरकारी नौकरी करते हैं! आपकी बॉस से खटपट है! आप ऑफिस नहीं जाना चाहते हैं! आप ऑफिस का कमीशन खाना चाहते हैं! आपको हर कदम पर अपनी नौकरी खतरे में नजर आती है, तो घबराइए मत! एक बढ़िया कंपनी का नेता खरीद लीजिए। खरीदें! खरीदें! खरीदें! एक बढ़िया कंपनी का नेता खरीद लें। नेता आप के ट्रांसफर पर काम आता है। नेता आपको कोटा परमिट दिलाता है। नेता आपको कचरा उठाने का ठेका दिलाता है। नेता आपको बगैर लाइन में धक्के खाये रेल यात्रा के लिए टिकट दिलवाता है। आप अस्पताल जाते हैं आपको नेता की जरूरत। आप ऑफिस जाते हैं आपको नेता की जरूरत। आप थाने में रपट लिखाने जाते हैं तब भी आपको नेता की जरूरत। तो फिर उठिये। एक नेता खरीद लीजिए। फिर उसे पालतू बना लीजिए। यही सब कुछ है इस किताब में। भाइयो! बहनो! मेरे हाथ में किताब है नेता कैसे खरीदें? इस किताब में नेता खरीदने का चित्र सहित वर्णन है। चुनाव के अवसर पर कंपनी ने आपके भले के लिए इसे छापा है। अभी ये किताब खरीदिए। शाम को नेता खरीदकर खूब मजे कीजिए। चुनाव के टैम पे, नेता जी है सेल पे! किताब में हर एक बात का विवरण है। नेता खरीद क्यों? नेता खरीद कब? नेता खरीद कैसे? लीजिए एक अनोखी किताब! जो आपके जीवन में खुशियां ही खुशियां भर देगी। कीमत! कीमत आप पान खाकर थूक देंगे! चार दोस्तों में चाय पी कर खत्म कर देंगे! कीमत सिर्फ पांच रुपैया! पांच रुपैया! पांच रुपैया! नेता कैसे खरीदें की कीमत पांच रुपैया! जिस सज्जन को खरीदना है, हाथ खड़ा कर लें! जिस किसी बहन जी को खरीदना है, हाथ खड़ा कर लें। इस किताब के साथ चमचे की खरीद कैसे करें कि एक छोटी किताब फ्री में दी जा रही है! नेता की खरीद के साथ एक चमचा फ्री! नेता के साथ चमचा एकदम मुफ्त! बाजार में इन्हीं दोनों किताबों की कीमत पूरे हजार रुपये है। किंतु बस में कंपनी ने प्रचार के लिए छपाई का मूल्य पांच रुपये रखा है। नेता की कीमत पांच रुपया। देख लीजिए भाई साहब! देखने का कोई दाम नहीं है। कंपनी का प्रचार है आपका फायदा है। चुनावी समय में रेट एकदम डाउन है। लीजिए! हर संसद में, हर सड़क पे, हर होटल में, हर मॉटल में, बारह महीनों चौबीसों घंटे, हरदम काम आने वाली किताब! चुनाव के समय में अनोखी असरदार! आज ही खरीदिए कोई बढ़िया कंपनी का नेता! नेता कुलमुला रहा है बिकने के लिए। नेता मंडी सज चुकी है। नेता जी मार्केट में बिक रहे हैं। सिर्फ पांच रुपये में नेता बिकाऊ है।



रामविलास जॉगिड़

# 'काला हिरण,' इसके बारे में आइये सब कुछ जानें



वन्य जीवन

बाबा सिद्दीकी की दिन-दहाड़े हत्या हुई है और इसकी जिम्मेदारी गैंगेस्टर लारेंस विश्नोई गुट ने यह कहते हुए ली है कि सिद्दीकी काले हिरणों के हत्यारे सलमान खान का दोस्त था, तब से सलमान खान और विश्नोई समाज तो सुर्खियों में हैं ही, लोगों को उन काले हिरणों के बारे में जानने की भी बेहद जिज्ञासा है, हरियाणा और राजस्थान में मौजूद विश्नोई समाज, जिनकी रक्षा के लिए अपनी जिंदगी तक को दांव में लगा देता है। यही नहीं काले हिरणों के कमजोर और बीमार बच्चों की जिंदगी बचाने के लिए जरूरत पड़ने पर विश्नोई समाज की महिलाएं इन्हें अपने स्तनों से दूध तक पिलाने के लिए तैयार रहती हैं ताकि उनकी जान बचायी जा सके। शाकाहारी विश्नोई समाज यूं तो बेहद जीवप्रेमी है ही, लेकिन काले हिरण की सुरक्षा के लिए वह जिस तरह तन मन से समर्पित रहता है, उसके पीछे एक वजह यह भी है कि विश्नोई समाज काले हिरण को अपने गुरु और जन्मदाता गुरु जम्भेश्वर का अवतार मानता है।

विश्नोई कोई धर्म नहीं है बल्कि गुरु जम्भेश्वर महाराज के 29 सिद्धांतों पर आधारित जीवन जीने का तरीका है। कहा जाता है कि जब गुरु जम्भेश्वर महाराज अपनी देह त्याग रहे थे, तब उन्होंने कहा था कि उनके बाद विश्नोई समाज काले हिरण को उनका अवतार मानकर पूजा करे। तब से विश्नोई समाज अपनी जान की बाजी लगाकर भी काले हिरण की रक्षा करता है। खैर, यह तो एक समाज की आस्था की बात हुई, मगर सवाल है कि क्या यह काला हिरण बाकी हिरणों से अलग है? क्या यह चमत्कारी जीव है? आखिर काले हिरण की समूची जैविक प्रोफाइल क्या है? आज इसे जानने की हर किसी को जबर्दस्त जिज्ञासा है। काला हिरण, जिसका वैज्ञानिक नाम एंटीलोप केरवीकैप्रा है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के विशिष्ट शाकाहारी स्तनधारियों में से एक है। इसकी सुंदरता, अनोखी शारीरिक संरचना और पलभर में हवा से बातें करने वाली तूफानी रफ्तार वाली चाल, इसे बाकी हिरणों से अलग और खास बनाती है। इसका बायोडाटा कुछ इस प्रकार है- कुल का नाम बोवीडाए यानी गौ-जातीय, वर्ग स्तनधारी, गण खुरधारी, वंश एंटीलोप और जाति केरवीकैप्रा है। यह आमतौर पर 100 से 150 सेंटीमीटर तक लंबा, लगभग 74 से 84 सेंटीमीटर तक ऊंचा और नर काला हिरण करीब 34 से 45 किलोग्राम तथा मादा काला हिरण 31 से 39 किलोग्राम वजन का होता है। नर काले हिरण का रंग काला और सफेद होता है। इसके शरीर के ऊपरी हिस्से का रंग गहरा काला, जबकि पेट और अंडरबेली सफेद होती है। इसके शावक यानी बच्चे हल्के भूरे रंग के होते हैं। काले हिरण में सिर्फ नर हिरण के सींग होते हैं, जो 45 से 65 सेंटीमीटर तक बढ़ सकते हैं और एक विशिष्ट घुमावदार आकृति में होते हैं। काला हिरण साल में आमतौर पर दो बार प्रजनन कर सकता है, लेकिन ज्यादातर एक ही बार, मानसून के समय प्रजनन करते हैं। इसकी गर्भधारण अवधि 5 से 6 महीने की होती है और एक बार में आमतौर पर एक ही बच्चा पैदा होता है, किसी दुर्लभ मामले में दो भी हो सकते हैं। काले हिरण के बच्चे जन्म लेने के कुछ घंटों में ही उठकर चलने फिरने लगते हैं। जहां तक इनके आवास का संबंध है, तो ये खुले घास के मैदानों, सूखे क्षेत्रों, झाड़ियों से भरे स्थानों आदि में रहना पसंद करते हैं। दुनिया में ये वर्तमान में भारत के अलावा नेपाल में पाये जाते हैं, जबकि कभी पाकिस्तान व अफगानिस्तान में भी पाये जाते थे। नेपाल में इनकी संख्या 1000 से 1500 के बीच है। भारत में ये राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के एक छोटे से हिस्से में पाये जाते हैं। अपने यहां इनकी कुल आबादी 50,000 से 80,000 के बीच मानी जाती है।

भारत और नेपाल के अलावा कहीं भी खुली जगह में नहीं पाये जाते, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक संरक्षण संघ ने काले हिरण को 'नियर थ्रेटेंड' श्रेणी में शामिल किया हुआ है अर्थात काला हिरण लुप्त होने के खतरे वाली कैटेगिरी का हिस्सा हैं। भारत में इसे वन्यजीवों के संरक्षण के लिए बनाये गये वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के दायरे में रखा गया है, जिस कारण कोई इसका शिकार, तस्करी आदि नहीं कर सकता। काला हिरण शाकाहारी होता है, यह मुख्यतः घास, छोटी मोटी झाड़ियों और पौधों के कोमल हिस्से खाते हैं। इसका जीवन 10 से 15 साल होता है। विश्नोई समाज इन्हें अतिरिक्त रूप से सुरक्षा देता है और हर तरह की बाधाओं से इनको बचाता है, इससे इनका जीवनकाल 18 से 20 साल तक हो जाता है।

**के.पी.सिंह.**

## आप की बात

### गरीबी निवारण

उत्तर प्रदेश सरकार ने गरीबी निवारण के लिए अनेक प्रयास शुरू किये हैं जो कि जरूरी है। इससे गरीबी खत्म होगी। पहले भी कई योजनाएं संचालित हैं। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### सरकारों का रोजगार दायित्व

रोजगार इस देश के लिए सबसे बड़ी समस्या है और इसके समाधान के लिए सरकार अगर प्रयास करती है, तो इसके लिए उसकी सराहना होनी चाहिए। बेरोजगारी के इस दौर में केन्द्र सरकार ने अपने रोजगार दायित्व को निभाते हुए 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वायदा बीते साल इसी महीने में किया था। सरकारी नौकरी को लेकर युवाओं में कितनी उम्मीदें होती हैं कि पिछड़े राज्यों के युवा तो बाकायदा 40 साल की उम्र तक परीक्षाओं के फार्म भरते रहते हैं और आखिर में अधिकांश को रोजगार नहीं मिल पाता। ऐसे युवाओं का भविष्य संकट ग्रस्त हो जाता है। क्योंकि 40 साल तक सरकारी नौकरी के लिए प्रयास करने के बाद जब नौकरी हाथ नहीं लगती है तब इस उम्र में निजी क्षेत्र में फिट होना बहुत कठिन हो जाता है। पिछड़े और अधिक जनसंख्या वृद्धि वाले राज्यों में निजी क्षेत्र की नौकरियां रोजगार का जरिया कम और शोषण का माध्यम अधिक हैं। सरकारें अपने स्तर पर चाहे जितने लंबे-चौड़े दावे करें लेकिन उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में कुछ विशिष्ट योग्यता वाले रोजगार को छोड़ दिया जाये, तो आम तौर पर प्राइवेट नौकरी में सरकारी के मुकाबले एक-चौथाई वेतन भी नहीं मिलता और काम पांच गुना। ऐसे में सरकार ने सरकारी नौकरी के दारवाजे खोलकर उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों के युवाओं के सपनों को साकार करने का काम किया है। यह ठीक है कि सबको नौकरी नहीं दी जा सकती है, लेकिन जो लोग सरकारी नौकरी पायेंगे, उनकी गरीबी खत्म हो जायेगी।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## कार की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीकापुर-अयोध्या।** सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन के चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रविवार दोपहर करीब 11:30 बजे कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चैरे बाजार में प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर हुआ। बताया गया कि चैरे चंदौली निवासी शुभम निषाद पुत्र सुभाष निषाद रविवार दोपहर करीब 11:30 बजे चैरे बाजार में खरीदारी करने आया था सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात कार की चपेट में आने से कुचलकर शुभम निषाद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चैरे बाजार चैकी पुलिस द्वारा एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया जांच पड़ताल के बाद चिकित्सक संत कुमार मौर्य ने मृत घोषित कर दिया चिकित्सक ने बताया कि अस्पताल लाने से पूर्व मौत हो चुकी थी। मृतक युवक शुभम निषाद अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। पिता की मौत बचपन में ही ढाई वर्ष की उम्र मे हो गई थी। तथा मां भी पिता की मौत के बाद मर गयी। तभी से इसका पालन पोषण का कार्य आयी है। सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत से परिवार में सिर्फ बुजुर्ग दादी भानुमति का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

# श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ में पढ़ायें जायेंगे चारों वेदः आचार्य मनोज दीक्षित

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में 3.45 एकड के भू-भाग में 12000 स्क्वायर मीटर परिक्षेत्र में बने श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन द्वारा

- **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से मिली वेद पाठशाला की मान्यता**
- **दो सौ ब्रह्मचारियों के लिए किया जा रहा छात्रावास का निर्माण**

सभी वेदों को पढ़ाने की मान्यता प्रदान की गई है। उक्त जानकारी श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ तिहुरा माझा के वेद भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता में गुरुकुल के संस्थापक अध्यक्ष व महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान के कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने दी।

उन्होंने बताया की शुक्ल यजुर्वेद के तीन, अथर्ववेद के एक, सामवेद के एक, ऋग्वेद के एक, आचार्य की मान्यता वेद विद्या प्रतिष्ठान द्वारा दी गई है जबकि आधुनिक विषय में संस्कृत विषय में एक, गणित व कंप्यूटर में एक, आचार्य की मान्यता मिली है, कृष्ण यजुर्वेद व अथर्ववेद के एक-एक आचार्य का नियुक्ति प्रस्ताव प्रतिष्ठान को न्यास द्वारा भेजा गया है, जिसकी शीघ्र अनुमति मिलने की संभावना है। 29 मार्च 2018 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन अखिल भारतीय सह प्रमुख अनिरुद्ध देश पांडे के साथ अनेक लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों की उपस्थिति में श्री राम वल्लभा कुंज जानकी घाट के अधिकारी राजकुमार दास के संरक्षण में उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए भवन में पांच बटुक से प्रारंभ गुरुकुल आज अपने पूर्णत्व को प्राप्त कर रहा है, आज गुरुकुल के पास 12000 स्क्वायर मीटर में पांच शालाओं से युक्त हरा भरा परिसर है। गुरुकुल की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए श्री दीक्षित ने कहा की केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा



गुरुकुल को उत्तर प्रदेश का एक आदर्श गुरुकुल विकसित करने का प्रस्ताव ट्रस्ट को प्राप्त हुआ है, प्राचीन शिक्षा व सनातन की इस पौध शाला (गुरुकुल) से निकले 50 से अधिक बटुक ज्योतिष शास्त्र न्याय शास्त्र, गणित शास्त्र, व्याकरण, धनुर्विद्या, संगीत शास्त्र सीखने के लिए देश के लगभग 9 प्रांतों के प्रतिष्ठित गुरुकुलों में अध्ययन कर रहे हैं, गुरुकुल के 20 बटुक भारत सरकार द्वारा 60,000 की वार्षिक स्कॉलरशिप तथा 12 बटुक उत्तर प्रदेश संस्कृत बोर्ड द्वारा सामान्य ज्ञान छात्रवृत्ति के रूप में 12000 की वार्षिक स्कॉलरशिप प्राप्त कर रहे हैं। गुरुकुल की योजना के बारे में बताते हुए श्री दीक्षित ने बताया गुरुकुल परिसर में 95 लाख की लागत से पौराणिक व आधुनिक पुस्तकों का पुस्तकालय वा कंप्यूटर लैब एक सामाजिक संस्था द्वारा प्रस्तावित है जिसे शीघ्र निर्माण शुरू होगा जबकि गुरुकुल में 200 बटुकों के लिए 2300 स्क्वायर फिट में अत्याधुनिक भोजन शाला, ज्योतिष शाला, वा 200 ब्रह्मचारियों के छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान श्री गुरु वशिष्ठ सेवा न्यास के उपाध्यक्ष प्रो. रामनयन राय, कोषाध्यक्ष प्रो. आर.के. सिंह महासचिव डॉ. दिलीप सिंह, सह प्रबंधक आदर्श सिंह ऋषभ, आचार्य नीरज कुमार ओझा उपस्थित रहे।

## गौशाला जरहरा में गोवर्धन और गौ पूजा संपन्न



**बाराबंकी।** देश समाज धर्म संस्कृति के लिए गोवंश की महत्ता न कभी कम रहा है और न भविष्य में कमतर होगी। बीच के कालखंड में तकनीकी प्रयोग के बढ़ जाने से विषम स्थितियाँ उत्पन्न जरूर हुई हैं। उक्त विचार मुख्य अतिथि दुग्ध संघ पराग मंडलाध्यक्ष अयोध्या मंडल आनंद वर्मा ने गौवंश आश्रय स्थल जरहरा में विधि विधान से गोवर्धन पूजा व गौपूजन के साथ गौमाता की रक्षा हेतु हवन के बाद व्यक्त किये। इससे पूर्व गौशाला में नींबू, पाकड़ व अर्जुन के पौधे लगाए गए। तथा केयरटेकरों को मिष्ठान व उपहार वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदीप सारंग, पंकज वर्मा, आशीष वर्मा, वासुदेव वर्मा, राधेरमण वर्मा, अरणेंद्र कुमार वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, संजय वर्मा, नंद किशोर वर्मा, सुधीर मिश्र, मनोज वर्मा, अखिलेश वर्मा मौजूद रहे।?

## संपूर्ण समाधान दिवस कल

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से 04 नवम्बर 2024 जिले की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी मोनिका रानी तथा तहसील सदर बहराइच में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव जनससमयाओं की सुनवाई करेंगे। शेष तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के सम्बन्ध में माह नवम्बर व दिसम्बर 2024 के लिए जारी रोस्टर के अनुसार माह नवम्बर के तृतीय शनिवार 16 नवम्बर को तहसील महसी में डीएम एवं मिहींपुरवा (मोतीपुर) में एडीएम, माह दिसम्बर के प्रथम शनिवार 07 दिसम्बर को तहसील नानपारा में डीएम एवं महसी में एडीएम तथा तृतीय शनिवार 21 दिसम्बर को तहसील कैसरगंज में डीएम एवं पयागपुर में एडीएम जनसुनवाई करेंगे।

# नहाय-खाय के साथ कल शुरू होगा महापर्व छठ

अयोध्या। बिहार व पूर्वांचल का सबसे बड़ा महापर्व छठ मंगलवार को नहाय-खाए से होगा। रामनगरी में भी इसकी धूम रहती है। बड़ी संख्या में व्रती सरयू तट पर उमड़ते हैं। महिलाएं संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीघार्यु के लिए पूरे 36 घंटे का निर्जला उपवास करेंगी। छह नवंबर को खरना होगा। उसी रात से ही 36 घंटे का

- **आठ नवंबर को होगा व्रत का समापन**

निर्जला उपवास शुरू होगा। सात नवंबर को तीसरे दिन व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। आठ नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती पारण करते हैं। नहाय खाए के दिन पूरे घर की साफ-सफाई की जाती है। स्नान करने के बाद व्रत का संकल्प लिया जाता है। इस दिन चना दाल, कद्दू की सब्जी और चावल का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। अगले दिन खरना से व्रत की शुरूआत होती है। इस दिन महिलाएं पूरे दिन व्रत रखती हैं और शाम को मिट्टी के चूल्हे पर गुड़वाली खीर का प्रसाद बनाती हैं और फिर सूर्यदेव की पूजा करने के बाद यह प्रसाद ग्रहण किया जाता है। व्रत का पारण छठ के समापन के बाद ही किया जाता है। खरना के अगले दिन शाम के समय महिलाएं नदी या तालाब में खड़ी होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले ही नदी या तालाब के पानी में उतर जाती हैं और सूर्यदेव से प्रार्थना करती हैं। इसके बाद उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद पूजा का समापन कर व्रत का पारण किया जाता है। साहित्यकार डॉ. रामानंद शुक्ल बताते हैं कि छठ पर्व में गीत ही मंत्र हैं। इन गीतों में परिवार और संतान के साथ सूर्य, पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण की।

# परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमार्थियों को मिलें सभी सुविधाएंः वेद गुप्ता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के साथ आगामी दिनों में होने वाली चौदह कोसी व पंच कोसी परिक्रमा मेले की तैयारियों के दृष्टिगत निमार्णाधीन चौदहकोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि परिक्रमा हेतु दूर दूर से आने वाले परिक्रमार्थियों के लिए सारी सुविधाएं पूर्व की भांति परिक्रमा मार्ग पर ही प्राप्त हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाय जिससे कि परिक्रमार्थियों को परिक्रमा करते समय किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा ना उठानी पड़े। उन्होंने कहा कि लाखों की संख्या में पूरे भारतवर्ष से श्री अयोध्या जी की ऐतिहासिक 14 कोसी परिक्रमा व उसके उपरांत पंचकोसी परिक्रमा करने श्रद्धालु आते हैं। 14 कोसी और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चैड़ीकरण का भी कार्य चल रहा है उसी के साथ हमको परिक्रमा



भी करानी है। हमें यह भी ध्यान रखना है कि अयोध्या की महिमा और इसका स्वर्णिम काल विश्वविदित है, इसलिए हमें परिक्रमा करने आए श्रद्धालुओं के लिए हर प्रकार से स्वागत सत्कार में तैयार रहना है उनको चाहे प्राथमिक चिकित्सा हो चाहे पथ पर सुगम परिक्रमा करना हो, चाहे भोजना - जलपान अथवा स्नान, पूजा पाठ करना हो इन सभी बातों के लिए हमको धरातल पर उतरकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा ताकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद हो रही परिक्रमा सभी के लिए यादगार सिद्ध हो।

जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने निरीक्षण के दौरान पी0डब्लू0डी0 के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मार्ग के निर्माण के दौरान निकलने वाले मलबे को तत्काल हटवा के परिक्रमा पथ को सुगम बनाते हुए सभी कार्यो को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाय। उन्होंने कहा कि परिक्रमा हेतु आने वाले श्रद्धालु नंगे पैर परिक्रमा करते है जिसको ध्यान में रखते हुए मार्ग को सुगम बनाया जाय। उन्होंने नाका हनुमानगढ़ी से चैदहकोसी परिक्रमा मार्ग होते हुए पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत हो रही प्रथम बार की परिक्रमा में ऐतिहासिक भीड़ होने की संभावना के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व ट्रैफिक संबंधित पूर्ण व्यवस्थाएं बना लेने के लिए भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को जगह-जगह जन सुविधाओं को सृजित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर एस0डी0एम0 सदर विकास दूबे, पीडब्ल्यूडी के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर ओम प्रकाश वर्मा,पीडब्ल्यूडी सी0डी0-3 के अधिशासी अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान चित्रगुप्त मंदिर मे धूमधाम की गयी कलम-दवात की पूजा



**बाराबंकी।** धनोखर स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर मे भैयादुज पर कायस्थों ने कलम-दवात की पूजा अर्चना की। हर साल भाई दूज के दिन चित्रगुप्त की पूजा का विधान है। इस दिन चित्रगुप्त के साथ कलम, दवात और बहीखाता की पूजा की जाती है। चित्रगुप्त पूजा के दिन सभी को कलम दवात की पूजा जरूर करनी चाहिए। कलम की पंचोमंत्राचार विधि से पूजा करके श्री चित्रगुप्त का स्मरण करें और उनसे हाथ जोड़कर उस कलम को आशीर्वाद रूप में प्राप्त करने की प्रार्थना करें। इस अवसर पर रंजीत बहादुर श्रीवास्तव, हरिहर श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, राजीव कुमार श्रीवास्तव, एड0 आलोक श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, आलोक टीचर, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, संजय निगम, शरद श्रीवास्तव, मनमीत श्रीवास्तव, अखिलेश, अभिषेक श्रीवास्तव मौजूद रहे। इसी क्रम मे प्राचीन चित्रगुप्त मंदिर घंटाघर पर कलम दवात की पूजा सम्पन्न हुई।

## मोदी ने पसमांदा मुस्लिम की आवाज उठाकर राष्ट्रीय विमर्श का बनाया मुद्दाः वसीम राईन



**बाराबंकी।** कॉग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी को पिछड़ों में सिर्फ.हिन्दू ओबीसी ही दिखते हैं। इन्हें देश के कुल 52 प्रतिशत ओबीसी में करीब 13 प्रतिशत मुस्लिम पिछड़ों यानी पसमांदा मुसलमानों से कोई मतलब नहीं हैं। उक्त बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कही। उन्होंने आगे कहा कि ज्यादातर मुस्लिम पिछड़े 10 अगस्त 1950 के पहले दलित वर्ग में थे और अन्य धर्मो के एससी दलितों की तरह इन्हें भी एससी आरक्षण का लाभ मिलता था। जिन्हें तत्कालीन कॉग्रेस/नेहरू सरकार ने तत्कालीन मुस्लिम समाज के मौलाना आजाद, मदनी, बुखारी, फिरंगी, नदवी जैसे ताकतवर सियासी और मजहबी रहनुमाओं से मिलीभगत करके संविधान के अनुच्छेद 341 में राष्ट्रपति के एक परेशिडेंसियल आर्डर पैरा (3) के जरिये तत्कालीन एससी आरक्षण में धार्मिक प्रतिबंध लगाकर मुस्लिम दलितों (अछूतों) को इस आरक्षण से बाहर कर दिया था। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने आगे कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने दलितों से बदतर हालात में पहुंच चुके मुस्लिम पिछड़ों और दलितों यानी पसमांदा की आवाज उठाकर ना सिर्फ इसे एक राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया। बल्कि मुस्लिम पिछड़ों को अपने राष्ट्रीय संगठन, राज्यसभा, एमएलसी, उप्र में मंत्री, निगमों/आयोगों में चेयरमैन आदि बनाकर और कुछ राज्यों में विस टिकट देकर एक बेहतर हिस्सेदारी देने की शुरूआत की।

# विधायक ने किया सिंगापुर कॉर्निवाल का उद्धाटन

जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** दशहरा बाग स्थित हैदरगढ़ रोड़ पर सिंगापुर कार्निवाल बाराबंकी दीपावली महोत्सव का सदर विधायक धर्मराज यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व

- **आयोजक बोले! सिंगापुर एयरलाइन के भव्य जहाज के अंदर से होगा प्रवेश**
- **विभिन्न सेल्फी प्वाइंट, झूले होगे मुख्य आकर्षण**

मुख्य अतिथि सदर विधायक सुरेश यादव का महोत्सव आयोजक मो0 सलमान सल्लू ने बूके देकर स्वागत किया। आयोजक मो0 सलमान सल्लू ने बताया कि कार्निवाल में आने वाले लोगों को सिंगापुर एयरलाइन के भव्य जहाज के प्रवेश द्वार से होकर अंदर जाना होगा। जंहा आकर्षक और खूबसूरत नजारे उनको देखने को



मिलेंगे। होम डेकोर, फूड स्टाल्स, बच्चों व बड़ों के मनोरंजन के लिए झूले और फूड कोर्ट इत्यादि ये सब लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके साथ ही देशी उत्पाद, वस्त्र, फर्नीचर, मसाले, हैण्डलूम-हैण्डी क्राफ्ट सहित अन्य चीजों के स्टाल मे भारी डिस्काउट उपलब्ध रहेगा।

इसी के साथ महोत्सव मे लगाये हारर शो की म्यूजिक व ग्राफिक्स से लोग डर का आनन्द उठा पायेगे। तथा प्रेशर संनमून, ब्रेक डांस, नाव कोलम्बस, डैज्गन टेज्न, ज्वाइड व्हील समेत बच्चों के झूले मौजूद रहेंगे। सुरक्षा को लेकर पूरे महोत्सव परिसर और परिसर के बाहर हर स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है। उद्घाटन अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा, प्रीतम सिंह वर्मा, हाजी उसामा अंसारी, मो0 रिजवान आदि मौजूद रहे।

# छठ पूजा में गोरखपुर से मुम्बई का सफर होगा आसान

जिला संवाददाता(vol)

गोरखपुर। छठ पूजा पर गोरखपुर से बांद्रा टर्मिनस जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने 09093ध्09094 बांद्रा टर्मिनस.गोरखपुर.बलसाड अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल

- **गोरखपुर से मुंबई के लिए छठ पूजा में चलेगी वीकली स्पेशल ट्रेन**
- **रेलवे ने जारी किया शेड्यूल**

ट्रेन का संचालन एक ट्रिप के लिए करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से 3 नवंबर को और गोरखपुर से 4 नवंबर को चलेगी। रेलवे ने इसका पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि 09093 बांद्रा टर्मिनस.गोरखपुर अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 3 नवंबर को बांद्रा टर्मिनस से सुबह 4रू40 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बोरीवली में सुबह 5रू15 बजेए पालघर में 5रू57 बजेए दहानू रोड में 6रू22 बजेए वापी में 7रू22 बजेए बलसाड में 7रू42 बजेए उधना में 8रू35 बजेए सूरत में 9रू00 बजेए भारूच में 9रू47 बजेए बड़ोदरा में 11रू10 बजेए रतलाम में 4रू30 बजेए उज्जैन में 6रू25 बजेए संत हिरदाराम नगर में रात 10रू25 बजेए बीना में अगले दिन 1रू45 बजेए वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन झांसी में सुबह 5रू10 बजेए कानपुर सेंट्रल में 8रू50 बजेए लखनऊ में 10रू05 बजेए बाराबंकी में 10रू52 बजेए गोंडा में 12रू35 बजेए मनकापुर में 1रू42 बजेए बस्ती में 3रू02 बजेए और खलीलाबाद में 4रू07 बजे रुकते हुए शाम 6रू00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।09094 गोरखपुर.बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 4 नवंबर को गोरखपुर से रात 10रू00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन खलीलाबाद में 10रू37 बजेए बस्ती में 11रू07 बजेए मनकापुर में 11रू55 बजेए गोंडा में अगले दिन सुबह 12रू30 बजेए बाराबंकी में 1रू47 बजेए लखनऊ में 2रू50 बजेए कानपुर सेंट्रल में 4रू40 बजेए वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन झांसी में 9रू30 बजेए बीना में दोपहर 12रू00। में 6रू40 बजेए रतलाम में 9रू30 बजेए तीसरे दिन बड़ोदरा में सुबह 2रू10 बजेए भारूच में 3रू02 बजेए सूरत में 4रू10 बजे और बलसाड में सुबह 6रू00 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी।

**ऐसी होगी कोच की व्यवस्था**

इस ट्रेन में कुल 20 कोच होंगेए जिनमें 3 शयनयानए 15 साधारण द्वितीय श्रेणीए 1 सैस्त्व और 1 जनरेटर सह लगेज यान कोच शामिल होंगे। शयनयान कोच भी अनारक्षित होंगेए जिससे यात्रियों को छठ पर्व के दौरान यात्रा में सहूलियत मिलेगी।

## गौ आश्रय स्थलों पर समारोहपूर्वक आयोजित हुई गोवर्धन पूजा



**बहराइच।** शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के मार्गदर्शन में शनिवार को जनपद के गौ आश्रय स्थलों में समारोहपूर्वक गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजन, ग्राम प्रधान, सम्बन्धित ब्लाकों के खण्ड विकास अधिकारी, पशुपालन विभाग की ओर से मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, ग्राम सचिव सहित बड़ी संख्या स्थानीय नागारिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।उल्लेखनीय है कि गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में गौ आश्रय स्थलों में विशेष रूप से साफ-सफाई की गई तथा भवनों को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। शाम होते ही माटी के दीप प्रज्ज्वलित कर विधि विधान के साथ पूजापाठ कर संरक्षित गोवंशों की पूजा एवं सेवा कर उन्हें हरे चारे के साथ-साथ गुड़, चना व फल का सेवन कराया गया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान केसरटेकर्स तथा गो सेवकों को अंगवस्त्र व मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया। गौ आश्रय स्थल कटरा बहादुरगंज में सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत प्रमुख शिवम जायसवाल ने विधिविधान के साथ गो पूजा कर संरक्षित गोवंशों को गुड़ और केला खिला कर गौसेवा की।

# ऐतिहासिक हिंदू-मुस्लिम एकता द्वार का हुआ जीर्णोद्वार, रौशनी से हुआ जगमग



जिला संवाददाता(vol)

**जैदपुर, बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत जैदपुर मे ऐतिहासिक हिन्दू-मुस्लिम एकता द्वार की देखभाल न होने

- **नगर पंचायत अध्यक्षा निलोफर का सभासदो ने जताया आभार**

के चलते अपना अस्तित्व खोता हुआ नजर आ रहा था। जिसको 20 वर्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अलीम अंसारी द्वारा बनवाया गया था। उक्त द्वार के जीर्णोद्वार कराये जाने को लेकर नगर पंचायत सभासदो द्वारा नगर पंचायत अध्यक्षा स्वः अलीम की पत्नी निलोफर को अवगत कराया गया। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्षा द्वारा चैयरमैन प्रतिनिधि दाऊद व कलीम अंसारी की देख-रेख मे रंगवाने, रिपेयरिंग करवाकर एंव लाईटो से सजाया गया। जिसके बाद ऐतिहासिक द्वार दीपावली की रात रौशनी से जगमग हुआ। जीर्णोद्वार कराये जाने पर अधिशासी अधिकारी आलोक वर्मा, सभासद मो0 कासिम, कलीम अंसारी, तफज्जुल हुसैन, ताहिर अंसारी, सुफियान, शाहआलम, निजामुद्दीन, अलताफ, राम सिंह, डा0 टेकचंद, सुमन, आरिफ आदि ने नगर पंचायत अध्यक्षा को धन्यवाद दिया।

# छापे के दौरान पकड़ी गई 9.5 कुंतल प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली

**बहराइच।** जिले में प्रतिबंधित थाई मंगूर मछली के अवैध व्यापार की शिकायतें मिलने का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ा संज्ञान लेते हुए थाई मांगुर मछली के व्यापार को रोकने हेतु मत्स्य व पुलिस विभाग की संयुक्त गठित की गईं हैं। उल्लेखनीय है कि

- **डीएम द्वारा गठित की गईं है मत्स्य व पुलिस की संयुक्त टीमें**

ग्रीन ट्रिब्यूनल और भारत सरकार ने वर्ष 2000 में विदेशी थाई मांगुर मछली को प्रतिबंधित कर दिया था। इस मछली के खाने से कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग जैसी बीमारियां जनित होती हैं।सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि 02 नवम्बर की अपरान्ह में मुखबिर से सूचना मिली कि प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली पिकअप वाहन से लहरपुर सीतापुर के मार्ग से सिसैया खीरी के रास्ते जनपद बहराइच को लाई जा रही है।

मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर सहायक निदेशक मत्स्य के नेतृत्व में ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक बाबूराम, पुलिस उ.नि. दिनेश बहादुर सिंह व आशुतोष



सिंह, आरक्षी गौरव कुमार, अमित कुमार व जितेन्द्र यादव की टीम ने पिकअप वाहन को रोककर चेक किया गया।

जांच की कार्यवाही में वाहन पर लगभग साढ़े नौ कुण्टल प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली लोड पायी गई। इस दौरान पूछताछ करने पर वाहन चालक ने आशीष कुमार पुत्र सुग्रीव प्रसाद ने बताया कि वह ग्राम हिलालपुर, थाना लहरपुर जनपद सीतापुर का रहने वाला है। वाहन चालक ने बताया कि यह माल उसने लहरपुर सीतापुर से नानपारा के लिए लोड किया था।

ए.डी. मत्स्य डॉ. कुमार ने बताया कि इसी दौरान मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार व तहसीलदार अम्बिका चैधरी की मौजूदगी में पकड़ी गई सम्पूर्ण प्रतिबंधित थाई मंगूर फिश जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रू0 01 लाख है, को गड्ढा खोदवाकर विनष्टीकरण करवा दिया गया। इस कार्यवाही की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी कराई गई है। ए.डी. मत्स्य डॉ. कुमार ने आमजन से अपेक्षा की है कि यदि उनके संज्ञान में प्रबिंधित थाई मंगूर फिश बिक्री की सूचना मिलती है तो उनके मो.न. 9532320002 पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

## घर में फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के गुजरामऊ गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवती का शव घर के अंदर दुपट्टे के सहारे लटकता मिला परिजनों को मिला। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम की जांच पड़ताल क बाद स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा दिया है।मिली जानकारी के मुताबिक थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के गुजरामऊ गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में हरिप्रसाद की 22 वर्षीय बेटी खुशबू का शव घर के अंदर दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकता मिला। घर के अंदर फंदे से बेटी को लटकता देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम और स्थानीय पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को फंदे से नीचे उतरवा कर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है। इनायत नगर थाने के उपनिरीक्षक शिवसागर चैधरी ने बताया कि प्रथम दृश्य मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का स्पष्ट पता लग सकेगा। मृतका युवती के कमरे से एक टूटी फूटी मोबाइल की बरामद किया गया है।

## दो नाबालिग भाई रहस्य ढंग से लापता

**बीकापर-अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के बछरामपुर निवासी दो सगे नाबालिग भाई शनिवार को रहस्य में ढंग से लापता हो गए। दोनों सगे भाई हैं। लापता बालको के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। बछरामपुर निवासी अंसार अली द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के मुताबिक उनके दो पुत्र मोहम्मद साईद 13 वर्ष तथा इरफान अली 10 वर्ष शनिवार सुबह करीब 11 बजे घर से बकरियों के लिए पत्ती लेने गए थे। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटे। खोजबीन की जा रही है लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा है।

दोनों भाइयों के गायब होने से परिजन अनहोनी के आशंका से काफी परेशान है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि सूचना मिलने के बाद धारा 1372 बीएस के तहत रिपोर्ट दर्ज करके खोजबीन कराई जा रही है।

# धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा, मनी भैयादूज

## मेजरगंज कालीमाता मंदिर परिसर में महिलाओं ने किया सार्वजनिक पूजन





सुलतानपुर (वीओएल)।रविवार को गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज का पर्व शहर समेत पूरे जिले में उत्साह के साथ मनाया गया। घरों के आंगन में महिलाओं ने गाय के गोबर से भगवान गोव?र्धन की आकृति बनाकर परंपरानुसार पूजन किया। इसके बाद बहनों ने भाईयों की आरती उतारी व माथे पर तिलक कर लंबी आयु की कामना की मेजरगंज स्थित कालीमाता मंदिर परिसर में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजन किया। गोवर्धन पर्व हर साल दीपावली के अगले दिन मनाया जाता है, लेकिन इस बार पर्व की तिथियों में भिन्नता के चलते यह पर्व रविवार को मनाया गया। मेजरगंज में प्राचीन माता मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पर्वत की आकृति बनाया। गोवर्धन पूजा पर्व द्वापर युग की घटना से जुड़ा है। उस समय इंद्रदेव ने ब्रज में अतिवृष्टि करा दी। इससे लोग परेशान हो उठे। तब भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव का अहंकार तोड़ने के लिए गोव?र्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठा लिया। ब्रज के सभी लोगों को उसी पर्वत के नीचे शरण दे दी।इसी घटना को स्मरण करते हुए दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा पर्व परंपरागत रूप से मनाया जाता है।इसी परंपरा को निभाने के लिए महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना की। नए चावल से पकवान तैयार कराकर भगवान को अर्पित किया गया। मौजूद लोगों ने अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया।ममता सोनी, मीरा देवी, निर्मला देवी, प्रज्ञा, निशी, प्रभावती, कृष्णा, ममता, नंदनी, पूनम आदि मौजूद रहीं।

### भाइयों के माथे पर तिलक कर बहनों ने मांगी लंबी आयु

सुलतानपुर।जिलेभर में बहन-भाई के प्रेम का पवित्र पर्व भैया दूज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस मौके पर बहनों ने अपने मायके पहुंचकर भाइयों के माथे पर कुमकुम का तिलक लगाया और पान-सुपारी तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप रूमाल, कपड़े और अन्य आकर्षक उपहार भेंट किए।ऐसे में बहनों ने अपने भाई की लंबी आयु के लिए भगवान से प्रार्थना की।बदले में भाइयों ने भी अपनी बहनों को तिलक लगाकर उन्हें भी मिठाई खिलाई और उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का वचन दिया।पौराणिक कथाओं में उल्लेख है कि इसी दिन भगवान यम अपनी बहन यमुना से मिलने आए थे।यमराज का तिलक करके मां यमुना ने उनका सम्मान किया, जिससे वे प्रसन्न हुए। यमराज ने वचन दिया कि शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को जो बहन अपने भाई का तिलक करेगी, उसके घर परिवार में सुख-समृद्धि आएगी और भाइयों की लंबी उम्र होगी।

संक्षेप

### दुनिया प्रोसेस के तहत अहलेबैत के सदके में बनी है : डॉ. कल्बे रुशैद

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। रविवार को सालाना मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को दिल्ली से आए शिया स्कॉलर मौलाना डॉ. कल्बे रुशैद रिजवी ने सैदपुर में सम्बोधित किया। मौलाना ने कहा कि बिना प्रोसेस के दुनिया की कोई चीज नहीं बनी, स्टेशन भी बना है तो प्रोसेस के तहत बना है। इसी तरह यह दुनिया प्रोसेस के तहत बनी है वो अहलेबैत के सदके में बनी है। मौलाना ने कहा कि आज हमारे समाज का आलम ये है कि इंस्टाग्राम को ईमान बयान करने की जगह बना डाला है। हम फेसबुक पर जंग जीतते और जिंदा होते हैं हालांकि हक कभी बातिल के असलहो से नहीं लड़ता, हक अपने ही असलहे से लड़ता है। अगर असलहा टूट भी जाए तो आसमान से आएगा। मौलाना कल्बे रुशैद ने कहा कर्बला जोड़ने का नाम है तोड़ने का नाम नहीं, यहां अंजुमनों में एखतेलाफ नहीं होना चाहिए। कर्बला बिखरने का नाम नहीं है। मजलिस का संचालन अनीस जायसी ने किया। यहां जमीरुल हसन, मौलाना सफदर जैदी, शबीह अहमद बब्लू, मुजाहिद अकबर, डॉ जफर आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

जगदीशपुर अमेठी। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज कर छानबीन में जुटी। कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत रोड नंबर दो के समीप ग्रामीणो द्वारा एक युवक का शव देखने पर हडकंप मच गया जहां आसपास के तमाम लोग इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव की शिनाख्त जव्वाद उम्र लगभग छब्बीस वर्ष निवासी इन्हौना के रूप मे होने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया इस सम्बन्ध मे पुलिस ने बताया कि युवक नशेडी पृवत्ति का प्रतीत हो रहा था जो एक दिन पूर्व घर से गायब था अंतोगत्वा शव को पोस्टमार्टम भेज कर छानबीन जारी है।

### प्रथम दिवस कलश यात्रा संपन्न

जामो ,अमेठी।जामों ब्लॉक के कल्याणपुर श्रीमत स्वामी परमहंस आश्रम पर कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया से कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी तक दिनांक 3 नवंबर दिन रविवार से 10 नवंबर 2022 दिन रविवार तक आयोजित होने वाली श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा महोत्सव के क्रम में आज श्रीमत स्वामी परमहंस आश्रम कल्याणपुर से जामों में बूढ़े बाबा पर दर्शन पूजन करने के बाद जोरावरपुर होते हुए हरगांव स्थित बाबा सिद्धादास धाम पर जल भरी हुई।कथा व्यास पंडित राम शंकर दास शास्त्री जी महाराज, अध्यक्ष श्री राम कृपा सेवा ट्रस्ट अयोध्या व्यवस्थापक श्री श्री स्वामी राघवेंद्र चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज की उपस्थिति में जलभरी हरगांव धाम सागर से हुआ।आयोजक श्रीमद् स्वामी परमहंस जन सेवा संस्थान कल्याणपुर जामो अमेठी द्वारा सभी भक्तों के साथ साथ रथ पर व्यास जी महाराज एवं राघवेंद्र चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज के साथ क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिसमें से प्रमुख रूप से संग्राम सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, चन्द्रमौलि सिंह प्रवक्ता भाजपा अमेठी, रामकृपाल सिंह, कप्तान सिंह फौजी, ददन सिंह, हरिकेश सम्राट सिंह, करन सिंह सहित क्षेत्र के सभी भक्त गण उपस्थित रहे।

## कटका क्लब की अनोखी पहल : आवारा पशुओं के गले में बांधी रेडियम बेल्ट



सुलतानपुर (वीओएल)। जिले में रात के समय सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए कटका क्लब सामाजिक संस्था ने एक अभिनव अभियान शुरू किया है। इस पहल के तहत 25 से अधिक गायों के गले में रेडियम बेल्ट बांधी जा रही है, जिसका उद्देश्य वाहन चालकों और आवारा पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि सड़क हादसों में अक्सर आवारा पशु मुख्य कारण बनते हैं।रेडियम बेल्ट वाहन चालकों के लिए एक संकेत के रूप में काम करेगी। जब वाहनों की लाइट इन बेल्ट पर पड़ती है, तो ये चमकती हैं, जिससे चालक समय रहते सतर्क हो सकते हैं और हादसे टल सकते हैं। कटका क्लब के तुषार वर्मा ने बताया कि भारत में हर साल लगभग 1.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा आवारा पशुओं के कारण होता है। प्रदेश प्रभारी आकाश सिंह ने कहा कि सरकार ने सड़कों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए यातायात नियम लागू किए हैं, लेकिन इस तरह के जनसहभागिता प्रयास भी महत्वपूर्ण हैं।इस अभियान में मोनू यादव, सुधीर यादव, प्रीतेश यादव, और सूरज विश्वास समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।कटका क्लब का यह प्रयास जिले में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने में सहायक साबित होगा।

## गणेश व लक्ष्मी पूजा में पहुंचकर विधायक ने टेका मत्था



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।तहसील क्षेत्र में लक्ष्मी पूजा महोत्सव की धूम है।कांधापुर, नहर चैराहा, जयसिंहपुर कस्बे में भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की प्रतिमा देखने के लिए चैथे दिन शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को पहुंचे।सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कांधापुर में मां लक्ष्मी की आरती उतारी।
जयसिंहपुर कोतवाली के समीप नहर चैराहा और कांधापुर में युवाओं द्वारा माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है।जिसके दर्शन के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को दर्शन के लिए पहुंचे दर्जनों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान कर दिया।श्री लक्ष्मी माता पूजा समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया।कांधापुर में भाजपा विधायक राज प्रसाद उपाधयाय, वरिष्ठ उद्यमी महेंद्र बहादुर सिंह, ब्लाक प्रमुख राहुल शुक्ला ने पंडाल में स्थापित देव प्रतिमाओं की आरती उतारी।विधायक ने धार्मिक आयोजन के लिए पूजा समिति के सदस्यों की सराहना की।रविवार को कांधापुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।भाजपा मंडल महामंत्री रत्नेश तिवारी, सरयू प्रसाद, भोलू सिंह, रज्जन, सुनील, कृपा शंकर, राजनाथ, प्रधान बृजेश यादव आयोजन को सकुशल संपन्न कराने में लगे हुए हैं।

## कलम कार्यकर्ताओं ने मनायी भगवान चित्रगुप्त की जयंती



अमेठी। जनपद में कायस्थ वर्ग एवं कलम कार्यकताओं ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी की जयंती पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने परिवार एवं अन्य लोगों के मौजूदगी में टीकर माफी में पूजन अर्चन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ?चित्रगुप्त नमस्तुभ्याम वेदाक्सरदत्रे? यानी भगवान चित्रगुप्त स्वर्ग और नरक के पात्रता के दाता है।भगवान चित्रगुप्त एक प्रमुख हिन्दू देवता हैं। वेदों और पुराणों के अनुसार श्री धर्मराज (यमराज) के साथ भगवान चित्रगुप्त मनुष्यों के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा रखते है जिसके आधार पर मनुष्य को स्वर्ग और नरक भेजा जाता है।मनुष्य के परलोक व पुनर्जन्म का निर्णय भगवान चित्रगुप्त जी के बताए आंकड़ों के अनुसार श्री यमराज करते हैं। मनुष्यों की मृत्यु के पश्चात, पृथ्वी पर उनके द्वारा किए गये कार्यों के आधार पर उनके लिए स्वर्ग या नरक का निर्णय लेने का अधिकार यमराज जी के पास है अर्थात किस को स्वर्ग मिलेगा और कौन नरक में जाएगा इस बात का निर्धारण भगवान धर्मराज (यमराज) भगवान चित्रगुप्त जी के द्वारा दिये गये आंकड़ों के आधार पर ही करते है। कहते है कि यमराज जी और भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा करने और अपने बुरे कर्मों के लिए क्षमा मांगने से मनुष्य को नरक का फल नही भोगना पड़ता है। मान्यताओं के अनुसार भगवान चित्रगुप्त कायस्थों के इष्टदेव हैं।वेदों के अनुसार कायस्थ का उद्गम पितामह श्रृष्टिकर्ता भगवान ब्रह्मा जी ने अपनी काया (ध्यान योग) की सम्पूर्ण अस्थियों से बनाया था तभी इनका नाम काया+अस्थि = कायस्थ पड़ा। कायस्थ जाति भारत वर्ष में रहने वाले हिन्दू समुदाय की एक जातियों का वांशिक कुल है। पुराणों के अनुसार कायस्थ प्रशासनिक कार्यों का सफल निर्वहन करने वाले और उच्च कोटि के सलाहकार माने जाते है।इस मौके पर डा शरद श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, हर्षित श्रीवास्तव, क्षितिज श्रीवास्तव, डॉ अंशु श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, सहित अन्य कायस्थ बंधु मौजूद रहे।इसके अलावा पूरे शीतल में कायस्थ बंधुओं ने पूजन अर्चन किया। गौरीगंज में पूर्व सभासद समाजसेवी सतीश श्रीवास्तव ने माधव कृपा प्रॉपर्टीज के परिसर में भगवान चित्रगुप्त पूजन किया गया।इस मौके पर दीपक श्रीवास्तव, रजनीश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अमेठी में कायस्थाना मुहल्ले में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के हरिकेश श्रीवास्तव ने चित्रगुप्त पूजन अर्चन किया गया। करौंदी में भी अशोक श्रीवास्तव, डा राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव ने भी पूजन अर्चन किया गया।

### सऊदी अरब से आया सफीक का शव

सुलतानपुर (वीओएल)।बीते 15 अक्टूबर को सऊदी अरब में करंट की चपेट में आने से दोस्तपुर थाना क्षेत्र के रिहायकपुर निवासी सफीक की मौत हो गयी थी।पिता मोहम्मद मुंशी व परिवारीजन बेहद परेशान थे।शव भारत लाने की प्रक्रिया से अनजान मोहम्मद मुंशी को सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल हक के विषय में जानकारी हुई तो अब्दुल हक ने मोहम्मद मुंशी को भरोसा दिलाते हुए मृतक सफीक के शव को भारत वापस लाने की बात कही। उन्होंने विदेश मंत्री को पत्र लिखकर सऊदी अरब की स्थिति भारतीय दूतावास संपर्क कर सारी घटना से अवगत कराते हुए शव को भारत वापस भेजने की मांग की।अब्दुल हक के लगातार संपर्क और प्रयास का परिणाम रंग लाया।सफीक की मौत पर जांच प्रक्रिया पूर्ण होकर सऊदी अरब सरकार शव भारत भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया।

### चार अदद गोवंश व गोकशी के उपकरण के साथ अन्तर्जनपदीय 3 गौतस्कर गिरफ्तार

अमेठी।जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उ0नि0 संजय सिंह थाना मुंशीगंज मय हमराही देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मडेरिका के पास रोड के किनारे गोवंशों को क्रूरतापूर्वक बांधकर 1 पिकअप पर लादकर सरुवांवा से सुलतानपुर की तरफ जा रहे है।उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम मडेरिका के आगे सरुवांवा बैंक के पास पिकअप को रोका गया तो हम पुलिस बालो को देखकर पिकअप चालक गाड़ी का दरवाजा खोलकर भाग गया। पिकअप को चेक किया गया तो चार गोवंश क्रूरतापूर्वक रस्सी से बंधे हुए पिकअप पर लदे मिले, जिसके साथ 2 व्यक्ति खड़े हुए थे एवं 1 व्यक्ति आगे पिकअप के अन्दर बैठा मिला।नाम पता पूछने पर पीछे खड़े व्यक्ति में से एक ने अपना नाम मो0 इश्तियाक उर्फ माना पुत्र खलील निवासी चट्टिया कसाई हसनपुर थाना बंधुआकला जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 24 वर्ष एवं दूसरे ने अपना नाम असलम शाह पुत्र मो0 नासिर निवासी रौजा तकिया थाना बंधुआकला जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 25 वर्ष बताया।पिकअप की अगली शीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मो0 फरीद पुत्र मो0 अनीस निवासी चट्टिया कसाई हसनपुर थाना बंधुआकला जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 22 वर्ष बताया तथा भागने वाले व्यक्ति का नाम जमाल पुत्र युनुस निवासी इमामगंज मजरे हसनपुर थाना बंधुआकला जनपद सुलतानपुर बताया। पिकअप मे लदी गायों के संबन्ध में पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया गया कि हम लोग गोवंशों को पकड़कर अन्य जिलों में ले जाकर सुनसान जगहो पर गोकशी करते है और गोमांस को बेंच देते है। पिकअप वाहन की तलाशी से पिकअप में रखे गोवध करने के उपकरण एक अदद चापड़, लकड़ी का एक ठीहा, लोहे का एक तराजू, एक किलो का बाट, नायलान की रस्सी, 1 अदद चाकू, बरामद हुआ पिकअप वाहन वढ 44 टी 1857 के संबंध में तीनो ने बताया कि यह पिकअप हमारे भागे हुए साथी जमाल पुत्र युनुस निवासी इमामगंज मजरे हसनपुर थाना बंधुआकला जनपद सुलतानपुर की है।पिकअप के कागज मांगने पर दिखा न सके।पुलिस द्वारा मौके से उक्त तीनो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

### युवक से बाइक सवार बदमाशों ने की लूट




अमेठी। रविवार तड़के सुबह ड्यूटी पर जा रहे एक युवक से तीन अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट की। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा गांव के पास स्थित ईंट भट्टे के पास हुई। भुवालापुर निवासी शशांक यादव, जो पीड़ित युवक है, अपनी बाइक से प्रतिदिन की तरह रोजाना में ड्यूटी के लिए जा रहा था। तभी पल्सर बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उसे रोका और तमंचे के बट से सिर पर हमला कर दिया। हमले के बाद बदमाशों ने युवक की बाइक और मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही अमेठी कोतवाली और संग्रामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। अमेठी सीओ और एसओजी टीम भी घटना की जांच में जुटी हुई है और युवक से पूछताछ कर रही है। दिनदहाड़े सरेराह हुई लूट की घटना ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है, पुलिस सीसीटीवी फुटेज व युवक द्वारा दी गई शिनाख्त के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं घटना को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लूट के अलावा अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही हैं। जल्दी ही घटना का अनावरण किया जायेगा।

### मुख्य मंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन



अमेठी। मुख्य मंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन जनपद के रामगंज बाजार में आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में मरीज ने पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा 45 मरीज का इलाज भी संपन्न हुआ।निरीक्षण पीएचसी राम गंज का किया स्टाफ नर्स रेखा यादव छळ संजय कुमार अनुपस्थित मिले।मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने मेले का निरीक्षण कर आए हुए मरीजों से बात की एवं व्यवस्था का जायजा लिया उन्होंने कहा कि कर्मचारी ईमानदारी पूर्वक कार्य करें तो जरूरतमंद लोगों को फायदा होगा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले से लोगों को भारी संख्या में लाभ मिल रहा है।उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक विकास खंड में अलग-अलग तारीख में मेले का आयोजन संपन्न कराया जा रहा है।

### यातायात जागरूकता माह : आमजनमानस को ट्रैफिक रूल के प्रति किया जागरूक



अमेठी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में रविवार को यातायात जागरूकता माह नवंबर के तीसरे दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज में पड़ने वाले होटलों, ढाबों पर जागरूकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस विशेषकर ट्रक चालकों को जागरूक किया गया तथा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुए आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन (जैसे- गलत दिशा में वाहन चलाना, सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

## मेरी माटी मेरा कुंड अभियान इस्माइलपुर में

### मेरा गांव देव गांव अभियान से जुड़ेंगे 251 गांव



अमेठी।गायत्री शक्तिपीठ अमेठी रविवार को मेरी माटी-मेरा कुण्ड अभियान भादर ब्लॉक के इस्माइलपुर बड़ा ग्रामसभा में चलाया गया।

युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 18 से 22 मार्च 2025 में आयोजित होने वाले राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रयाज के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मेरी माटी मेरा कुण्ड अभियान में इस्माइलपुर बड़ा ग्रामसभा के लोगों ने अपने घरों की मिट्टी का पूजन कराकर यज्ञ किया। जिला समन्वयक डॉ० त्रिवेणी सिंह ने बताया कि 251 कुण्डीय यज्ञ में हवन कुण्डों का निर्माण 251 गाँवों की पूजित मिट्टी से किया जायेगा। आज इस्माइलपुर बड़ा में आयोजित कार्यक्रम में लोग अपने-अपने घरों से मिट्टी लेकर आये, जिसका विधिवत पूजन के साथ पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न किया गया।इस माटी से इस्माइलपुर बड़ा गाँव का हवनकुंड बनेगा, जिस पर इस्माइलपुर बड़ा गाँव के सभी श्रद्धालु हवन करेंगे। इसी प्रकार 251 गाँव में मिट्टी पूजन का कार्यक्रम चलेगा और प्रत्येक गाँव का अपना अलग कुण्ड होगा। यज्ञाचार्य इंद्रदेव शर्मा ने कार्यक्रम सम्पन्न कराते हुए बताया कि राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ ऐतिहासिक होने वाला है। अमेठी व आस-पास के 251 से अधिक गाँव तक मेरा गाँव देव गाँव अभियान पहुँचेगा।

उत्तर प्रदेश का सबसे विराट यज्ञ अमेठी में होने जा रहा है, ये अमेठीवासियों के लिये गौरव के साथ-साथ सौभाग्य की बात है। यज्ञाचार्य सत्यम अग्रहरि सहायक की भूमिका में रहे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेंद्र प्रसाद सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, समर बहादुर सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राज कुमार सिंह, सुरेश कुमार सिंह, शुभम सिंह, सतीश चंद्र बरनवाल, लाल चन्द्र गुप्ता, राम पियारे मौर्या, राम करन मौर्या आदि शामिल हुए।

## धूमधाम से संपन्न हुई कुश्ती प्रतियोगिता



बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)। गोमती नदी के तट पर स्थित प्राचीन कल्याणी माता के मंदिर परिसर में दीपावली के दूसरे दिन से शुरू हुआ दो दिवसीय मेला इस वर्ष भी उत्साह से भरा रहा।मेला रात के मनोरंजन के लिए प्राचीन नौटंकी नाच से भी सजीव हो उठा।यहां मन्नत पूरी होने पर चढ़ावे की प्रथा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की दुकानों ने भी ग्रामीणों को आकर्षित किया।मेले के पहले और दूसरे दिन विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सुलतानपुर और अन्य जनपदों के पहलवानों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजक, स्थानीय ग्राम प्रधान मुरलीधर वर्मा ने बताया कि विजेता पहलवानों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इस बार कुश्ती का मुकाबला सैनी मालपुर के मनोज और सुल्तानपुर पंत स्टेडियम के विकास के बीच हुआ, जो बराबरी पर समाप्त हुआ। इस दौरान समाजसेवी बजरंग सिंह, पारा बाजार चैकी इंचार्ज चंद्रशेखर सोनकर, कांस्टेबल इंद्रेश यादव, रामबरन वर्मा, आशुतोष वर्मा और प्रधान राम शंकर यादव समेत हजारों दर्शक उपस्थित रहे।मेले ने पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना दिया।

संक्षेप

## दबंगों ने युवक को पीटकर किया घायल

**आगरा।** एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है यह वीडियो थाना खंदौली क्षेत्र का बताया जाता है। सूत्रों के मुताबिक थाना खंदौली क्षेत्र के गांव नाई की सराय में दबंगों ने राह चलते युवक तरुण कुमार उर्फ टी.के. को सरिया, लाठी, डंडे, ईंट आदि से बेरहमी से पीट - पीट कर किया अधमरा।स्थानीय लोगों ने दबंगों के भय से नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कान्हा, गोलू पुत्रगण मंगल सिंह घनश्याम, बंटी उर्फ गजेंद्र, प्रेमपाल सिंह पुत्रगण चंद्रभान सिंह आदि निवासी नाई की सराय ने महादेवी नगर के बंबा पर बैठे युवक को मारापीटा और अपने साथ उठाकर ले गए, उसके बाद गाँव में लेजाकर बुरी तरह से मारपीट करते हुए अधमरा कर दिया किसी प्रकार जब सूचना घरवालो को लगी तो घरवाले पहुंचे तो तरुण कुमार अधमरी हातल में पड़ा हुआ था जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए यमुनापार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# यम द्वितीया पर्व पर मथुरा-वृंदावन के घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** यमद्वितीया पर आज लाखों श्रद्धालुओं ने यमुना में आस्था की डुबकी लगाई। भाईबहनों ने यमुना स्नान कर यमुनाजी और धर्मराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। स्नान का दौर मध्य रात के बाद शुरू हो गया। भोर होते ही भीड़ उमड़ पड़ी। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ

**● बहिन-भाइयों ने हाथ पकड़कर लगाई यमुना में डुबकीलगायी**

गुजरात, राजस्थान, बिहार और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में आए भाई बहनों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर यमुना में डुबकी लगाई। विश्राम घाट पर बहनो ने यमराज के दर्शन कर भाई को टीका किया और दीघार्यु की कामना की। रविवार को यम द्वितीया के स्नान का दौर मध्य रात के बाद से ही शुरू हो गया। भोर होते ही भीड़ उमड़ पड़ी। भाई-बहन भी स्नान करते नजर आए तो सामूहिक रूप से परिवार के लोगों ने यमुना में डुबकी लगाई। कई बहनों ने भाई को बीच में बैठाकर चलनी के पानी से स्नान कराया गया। इस दौरान यमुना के दोनों किनारे के घाट भीड़ से अट गए। चहुंओर भीड़ का नजारा रहा। खान के बाद श्रद्धालुओं ने यमुना महारानी और यमराज के मंदिर में दर्शन किए। बहनों ने भाई को तिलक किया और मिष्ठान खिलाते हुए लंबी उम्र की कामना की। यम द्वितीया पर लड्डू गोपाल भी यमुना स्नान के लिए पहुंचे। कोई भक्त आराध्य को लेकर पंजाब से आया तो कोई भोपाल से। उन्होंने मथुरा में लड्डू गोपाल के साथ यमुना में डुबकी लगाई। भोपाल से परिवार के साथ यम द्वितीया स्नान के लिए सारिका आई हैं। परिवार के सदस्य धार्मिक यात्रा पर निकले तो लड्डू गोपाल को अकेला कैसे छोड़ देते। लड्डू गोपाल को साथ लेकर यह परिवार मथुरा आया। रविवार को लड्डू गोपाल को भी यमुना जल से स्नान कराया गया। मान्यता है कि भाई-बहन यमुना स्नान के बाद विश्राम घाट स्थित धर्मराजजी



यमुनाजी के मंदिर के दर्शन करते हैं। बहनें भाई के माथे पर टीका कर लंबी आयु की प्रार्थना करती हैं। भाई बहनों को उपहार देते हैं।मान्यता है कि यमराजजी अपनी बहन यमुना से मिलने यम द्वितीया के दिन ही विश्राम घाट पर आए थे। यमुनाजी ने यमराज (धर्मराज) के टीका किया। यमराज ने यमुनाजी से वरदान मांगने को कहा। यमुनाजी ने कहा कि वह भगवान श्रीकृष्ण की पटरानी हैं, उन पर सबकुछ है, क्या मांगे। फिर भी यमराज ने वरदान मांगने को कहा। यमुनाजी ने कहा उनके अंदर स्नान करने वाला बैकुंठ को जाए। यमराजजी ने कहा कि इस तरह से उनका खाली हो जाएगा, लेकिन यम द्वितीया के दिन जो भाई-बहन विश्राम घाट पर स्नान करेंगे, वह बैकुंठ जाएंगे। जिन के भाई-बहन नहीं होते हैं वह अपने तीर्थ-पुरोहितों को भाई-बहन बना लेते हैं। वहीं

घरों में भी भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बहनें भाई के टीका कर लंबी उम्र की प्रार्थना करेंगी। भाई भी बहनों को उपहार देंगे। बहन भी भाई का मुंह मीठा कराने को मिठाई खिलाती है। यम द्वितीया पर लाखों भाई- बहन यमुना स्नान कर रहे हैं। नगर निगम ने सुरक्षा को लेकर चाक- चैबंद इंतजाम किये थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को नाव और स्टीमर के अलावा गोताखोर तैनात किए। सुरक्षा के मद्देनजर भारी मात्रा में पुलिस जवान तैनात रहें। महिलाओं के लिए कपड़े बदलने को चेजिंग रूम बनाए गए हैं। यमुनापार अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था की गई थी। खोया-पाया केंद्र व कैंप कार्यालय बनाए गए थे। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने को दोनों ओर बेरिकेडिंग की गई है।

## मिशन शक्ति फेज 5 के तहत किया जा रहा जागरूक



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है।महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद में मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में छात्र छात्राओं शिक्षकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के तहत सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरूक किया गया। इसी क्रम में थाना सिरसागंज के कस्बा सिरसागंज , थाना रसूलपुर के दुर्गेश नगर, थाना बसई मो0 के ग्राम बसई मोहम्मदपुर, थाना दक्षिण के जैन मंदिर, थाना लाइनपार के रामनगर, थाना मक्खनपुर के नगला तुरकिया, थाना टूण्डला के बड़ा चौराह, थाना रामगढ़ के रामगढ़ रोड़ थाना पचोखरा के ग्राम सिकरारी थाना जसराना के घिरोर चौराहा, थाना उत्तर के नगला दखल, थाना फरिहा के नगला रंजीत, थाना खैरगढ़ के खैरगढ़ बजार, थाना नसीरपुर के नगला नसीरपुर, थाना रजावली के गढ़ी वैशाली थाना नारखी के ग्राम बछगांव, थाना नगला सिंघी के ग्राम पंचायत लतीफपुर आदि में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरुक किया गया।

# जेल में भाइयों को लगाया टीका तो छलके आंसू

**मथुरा।** आज कारागार में भाई-बहन का त्योहार भैया दूज बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कारागार के बाहर मुलाकात हेतु आयी बहनों एवं माताओं को गर्मी से बचाव हेतु कारागार द्वारा टेन्ट लगवाकर छाया करवायी गयी थी तथा उनके पीने हेतु शीतल जल का काउन्टर लगवाया गया था जिसमें स्वंय

**● सुबह से लगी बहिनों की लंबी लाइनें**

सेवी व्यक्तियों के सहयोग से सभी के लिए एक-एक पैकट पारले क्रीम बिस्कुट की व्यवस्था करायी गयी। कारागार के अन्दर भी एक बड़ा टेन्ट लगवाया गया। मुलाकात स्थल पर शीतल जल व सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी कराई गई। भाई दूज का त्योहार सकुशल कारागार में संम्पन्न हुआ। जिला कारागार में भाईदूज के दिन एक भावुक क्षण देखा गया जहां भाई- बहन के अटूट प्यार के आगे जेल की सलाखें भीं पिघल गई। भाई दूज के पर्व के मौके पर कारागार में



भाइयों और बहनों के अटूट प्रेम का गवाह बनी। दुनिया और कानून के नजरों में भले ही एक बहन का भाई अपराधी हो लेकिन ये बात बहन का दिल नहीं मानता। जेल में बंद भाइयों को बहनों ने भाई दूज का टीका किया। इस दौरान सभी बहनें और जेल में बंद कैदी भी भावुक नजर आए। देशभर में भाई दूज का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी सुबह से ही जिला कारागार में भाई दूज के पर्व पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। जिला कारागार में बंद कैदियों ने कड़ी सुरक्षा में बहनों से भाईदूज का टीका करवाया गया। इस दौरान सभी बहनें और जेल में बंद कैदी भी भावुक नजर आए। बता दें, भाई दूज के पर्व पर जेल प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था उन बहनों के लिए की जाती है जो अपने भाई से मिलने और भाई दूज पर मंगल टीका करने के लिए जेल पर पहुंचती है। बताया जाता है कि वर्ष में केवल दो बार भाई बहन को एक साथ जेल में मिलने का मौका मिलता है। जिसमें एक रक्षाबंधन पर्व है तो दूसरा भाई दूज का पर्व है। भाई एवं बहन दोनों को इस दिन का बड़े बेसर्वी से इंतजार रहता है। बहनें भाइयों के लिए मिठाई लेकर जेल पहुंची और भाइयों को मिठाई खिलाकर मंगल टीका किया तो बहनों से भाइयों ने भी अपराध की दुनिया छोड़ देने का वादा किया। भैया दूज पर तिलक करने पहुंची बहनों को जेल में बंद अपने भाइयों से मिलने में किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने भाइयों से मुलाकात कर उनके माथे पर तिलक कर उनके दीघार्यु की कामना की साथ ही जेल से बाहर आने की भी कामना की। भाई को जेल में बंद देख बहनें भावुक होते दिखाई दीं। जबकि है प्रशासन द्वारा बहनों को शल्पाहार की व्यवस्था की गई है और जो मिलने बहाने आई उनका यही कहना है ऐसा किसी के साथ ना हो।

# भाई दूज पर बहिन को छोड़ने जा रहे भाई की मौत

मथुरा। भाईदूज पर बहिन को स्टेशन छोड़ने जा रहे भाई की दुर्घटना में मौत हो गई। परिवार में कोहराम मचा है। आज तड़के कृष्णा नगर क्षेत्र में एक बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार भाई-बहन घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने भाई को मृत घोषित कर दिया और बहिन की दशा बिगड़ती देख उसे इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार हाईवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोवर्धन रोड़ स्थित असगरपुर निवासी सौरभ (18) पुत्र खजान सिंह आज सुबह लगभग 4.30 बजे पलवल की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने वाली बड़ी बहन को मथुरा जंक्शन बाइक पर छोड़ने आ रहा था, तभी मधुवन होटल के निकट बाइक में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई बहिन घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने उपचार के लिए इन्हें जिला अस्पताल भिजवाया, जहां सौरभ को मृत घोषित कर दिया गया।

**मौत पर आशंका के बाद चिकित्सक ने पुनः की जांच, बहिन की दशा गंभीर**

मथुरा। जिला अस्पताल के आपात चिकित्साधिकारी डा. लाल सिंह द्वारा जिला अस्पताल लाए गए युवक सौरभ को प्राथमिक परीक्षण के दौरान ही मृत घोषित कर दिया और उसका शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस के पहुंचने पर मोरचरी में परिवारीजनों ने युवक की सांसें चलने और शरीर के गर्म होने पर उसके मृत न होने की आशंका जतायी, जिससे लगभग एक घंटे तक भ्रम की स्थिति रही। परिवारीजनों ने सौरभ को भर्ती कराने के लिए प्राइवेट एंबुलेंस भी बुलवा ली। इस बीच पुलिस द्वारा आपात चिकित्साधिकारी को इसकी सूचना दी गई।

## हरियाणा की बच्ची ताज पर बिछड़ी, पुलिस ने परिजनों से मिलाया



**आगरा।** हरियाणा के हिसार से ताजमहल देखने आए मनोज कुमार की 6 वर्षीय बच्ची ताजमहल देखने के बाद पश्चिमी गेट निकास द्वार के पास से बिछड़ गई बच्ची के परिजन आर के बैरियर की तरफ चले गए जबकि बच्ची नीम तिराहा बैरियर की तरफ अकेली चली गई जो थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के जवानों को रोते हुए मिली जिसके परिजनों की जानकारी के लिए प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलक राम भाटी के निर्देशन में आर टी सेट मैसेज सीसीटीवी फुटेज एवं रेडियो अनाउंसमेंट के माध्यम से 30 मिनट के अंदर परिजनों को खोज कर बच्ची से मिलाया गया परिजनो का बच्ची के मिल जाने से खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने आगरा पुलिस की सहायता के लिए भार व्यक्त किया।

## दो पक्षों में मारपीट, युवक घायल

**आगरा।** रसगुल्ले के कड़वे स्वाद को लेकर दुकानदार और ग्राहको के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षो की तरफ से जमकर ईंट फिकाई हुई जिसमे एक युवक काफी चोटिल हो गया। दुकानदार ने बड़ी मुश्किल से खुद को घायल बेटे सहित दुकान में बंद करके अपनी जान बचाई। दुकानदार ने घटना के पीछे पड़ोसी हलवाई पर आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष द्वारा थाने पर तहरीर दी गई है।आपको बता दें कि थाना ट्रांसयमुना के बालाजी नगर चौराहे पर हलवाई की दुकान है। दीवाली की रात 9 बजे के लगभग कुछ युवक पहले पास की मिठाई की दुकान पर आए। मिठाई खाने के बाद विवेक, लटूरी, लुवकुश, रोहित, अंकुश के साथ मे अन्य युवक बगल की श्री राम चन्द्र स्वीट्स की दुकान पर पहुँचे और रसगुल्ले खाने लगे। रसगुल्लों का स्वाद कड़वा लगने पर उन्होंने इसकी शिकायत दुकान पर बैठे अंकित से की। अंकित ने कहा कि रसगुल्ले ताजा बने हैं कड़वे नही हो सकते अगर चाहे तो वह किसी अन्य ग्राहक को चेक करवा सकता है। इसी बात से उग्र होकर युवको ने दुकान में रखे रसगुल्ले और अन्य मिठाईयां सड़क पर फेकना शुरू कर दिया। अंकित ने जब इस बात का विरोध किया तो सभी 8 से 10 युवको ने अंकित को गद्दी से खींच लिया मारपीट करने लगे जिसमे उसका सिर फट गया। इसी बीच शोर सुनकर दुकान स्वामी जो अपने दूसरे बेटे के साथ दुकान के अंदर मिठाईयां बना रहे थे बाहर निकल आए तो उन लोगो ने उनके ऊपर भी किसी भारी वस्तु से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद युवको द्वारा ईंट पत्थरो की फिकाई शुरू कर दी गई। बमुश्किल दुकान स्वामी ने अपने बेटों सहित खुद को दुकान का शटर गिराकर बंद किया और अपनी जान बचाई।श्री राम चन्द्र स्वीट्स के मालिक दिनेश चंद्र का आरोप है कि इन सभी युवको का उनकी दुकान के पास स्तिथ कैला देवी स्वीट्स के नाम से दुकान पर आना जाना है। एक माह पूर्व कैला देवी स्वीट्स के मालिक संजू के पिता ने दीवाली पर देख लेने की धमकी दी थी। दीवाली वाली रात में संजू और उसके पिता द्वारा इन युवको को बुलाकर हमला करवाया गया है। पीड़ित दिनेश चंद्र द्वारा घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। जिसके बाद थाने पहुँच कर उनके द्वारा सभी दबंग युवको के खिलाफ तहरीर दी गई। घटना का वीडियो रविवार की सुबह से जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इस मामले में थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि एक पक्ष की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों का मेडिकल करवाया गया था मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

# गिरिराज की पूजा करने से मनुष्य ही नहीं मुक्ति को भी मिलती है मुक्तिः अरुण



**मथुरा।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्य सभा सांसद अरुण सिंह ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर गोवर्धन के प्रसिद्ध गिरिराज दानघाटी मंदिर पहुंच कर दुग्धाभिषेक किया। शनिवार सुबह भाजपा महासचिव अरुण सिंह दानघाटी मंदिर पहुंचे। मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अरुण सिंह ने मंत्रोच्चार के बीच गिरिराज जी का दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

मंदिर सेवायत दीपचंद पुरोहित श्याम बाबू पुरोहित ने पूजा अर्चना कराई।मंदिर कार्यालय में नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि सहित स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने अरुण सिंह को दुपट्टा ओढ़ा कर स्वागत किया। कार्यालय में संक्षिप्त वार्ता में भाजपा महा सचिव ने कहा कि गिरिराज जी की भूमि पवन भूमि है। यह मनुष्य ही नहीं मुक्ति को भी मुक्ति मिलती है। ये भूमि संसार को संदेश देने वाली भूमि है। इस अवसर पर गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह राजस्थान के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बैडम गोवर्धन चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ठाकुर रामजीलाल पंकज शर्मा मंडल अध्यक्ष ठाकुर परशुराम मुखिया पवन कौशिक पंकज ठाकुर हरिचंद ठाकुर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# यम द्वितीया पर्व की व्यवस्थाओ को देखने महापौर, यमुना घाटों पर पहुंचे

**मथुरा।** रविवार को महापौर विनोद अग्रवाल ने वार्ड पार्षदों, नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मियों साथ बंगाली घाट स्वामी घाट विश्राम घाट हंसगंज घाट जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। महापौर विनोद अग्रवाल ने घाटों के चारों ओर घूम-घूम कर साफ-सफाई, पहुंच पथ, रौशनी, लाइटिंग सहित अत्यधिक पानी एवं तेज बहाव वाले स्थलों का निरीक्षण किया. इस संबंध में महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया गुरुवार को ही बैरिकेडिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया था वहीं उन्होंने बताया दीपावाली के दूसरे दिन से ही विश्राम घाट पर में नहाने के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है, जो छठ पूजा तक जारी रहता है. इसको देखते हुए इस बार दीपावाली के दूसरे दिन ही बैरिकेडिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।इस वर्ष घाट पर पाइलिंग करके स्टेनलेस स्टील की पाईप एवं जंजीर लगाकर बैरिकेडिंग किया गया है। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा सभी घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, शौचालय बनाए गए हैं. वहीं उन्होंने बताया नगर निगम क्षेत्र



अंतर्गत पड़ने वाली सभी घाटों, तालाबों, नगर सहित पहुंच पथ की साफ-सफाई युद्धस्तर पर सुनिश्चित की गई है।निगरानी के लिए यमुना के घाटों पर कर्मचारी तैनात किए गए थे। वहीं गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी बताया यम द्वितीया पर श्रद्धालुओं को यमुना में शुद्ध जल से स्नान मिले इसके लिए हिंडन कट से 2950 क्यूसेक गंगाजल मथुरा की ओर शुक्रवार को छोड़ा गया था। वहीं उन्होंने बताया इस दिन भाई-बहन हाथ पकड़कर लगाते हैं यमुना में डुबकी। मथुरा में इसकी अलग ही मान्यता है। यहां इस दिन यम की फांस से मुक्ति की कामना लेकर भाई-बहन यमुना में डुबकी लगाते हैं। इसके बाद यमुना पूजन कर भाई-बहन विश्रामघाट पर धर्मराज और उनकी बहन यमुना का पूजन करते हैं। इस अवसर पर प्रदीप गोस्वामी प्रमोद बंसल विजय शर्मा श्याम शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी नितिन चतुर्वेदी अंकुर अग्रवाल पंकज चतुर्वेदी पार्षद बाल किशन चतुर्वेदी हनुमान गुर्जर अंकुर गुर्जर धर्मेश देवेंद्र पार्षद प्रतिनिधि रामकिशन पाठक सर्वेश चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

## ट्रकों से तेल चोरी करने वाले 4अभियुक्त गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा ट्रको से तेल चोरी करने वाले गिरोह के चार अभियुक्तो तालिब को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। जिसमें एक अभियुक्त तालिब के बाँये पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया। दिनांक 17-09-2024 को रात्रि थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत टोल के पास हाइवे पर सड़क के किनारे खड़े ट्रक से तेल टैंक का ताला तोडकर लगभग 300 लीटर डीजल चोरी करने की घटना के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। शनिवार रात्रि को थाना टूण्डला पुलिस टीम को चैकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि तेल टैंक से चोरी से सम्बन्धित अभियुक्तगण नगला महादेव तिराहे की ओर किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से स्विफ्ट डिजायर कार से जा रहे है।

उक्त सूचना का संज्ञान लेकर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तत्काल मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर 04 अभियुक्त तालिब पुत्र नूर बसर निवासी सिवाल खास थाना जानी मेरठ, जुबेर पुत्र बिलाल निवासी हारा थाना सरूरपुर मेरठ साजिद चौहान पुत्र जमील निवासी हारा थाना सरूरपुर मेरठ, सबील पुत्र इस्लाम निवासी हारा थाना सरूरपुर जनपद मेरठ को हिरासत में लिया गया । पूर्व में चोरी किये गये तेल की बरामदगी हेतु अभियुक्त तालिब को घटनास्थल नगला महादेव खण्डहर ले जाया गया, जहाँ पर अभियुक्त द्वारा पूर्व से ही रखे अवैध लोडिड तमंचे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में एक अभियुक्त घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। और अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## भैया दूज पर गोला ने फोड़ा बम

**आगरा।** दीपावली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जैसे-जैसे ही सामान की बिक्री होती गई उसकी कीमतें आसमान छूती हुई चली गई। पटाखे से लेकर फुलझड़ी तक कीमत घंटे पर बदलती चली गई। दीपावली का त्यौहार होने के बाद ही अब भैया दूज है भैया दोज से दो दिन पहले तक गोला की रेट ?200 किलो के हिसाब से थी लेकिन रविवार को सुबह से ही गोला की रेट 350 रुपए हो गई चारों तरफ मिठाइयों की दुकानें सजी हुई है मिठाई की कीमत भी आसमान छू रही है आखिरकार जिस चीज की जरूरत है उसे चीज की कीमत घंटे के हिसाब से बदली जा रही है आपको बता दें कि 2 दिन पहले गोला लूट कांड में थाना बहरन क्षेत्र के आवलखेड़ा पुलिस चौकी से चार कदम की दूरी पर चार लुटेरे भारत सरकार लिखी हुई गाड़ी में गोला लूट कर फरार हो गए।

# ताज सुरक्षा पुलिस की तमिलनाडु में हो रही चर्चा, पर्यटक के अकाउंट में भेजी धनराशि

जिला संवाददाता(vol)

**आगरा।** सेवा सुरक्षा एवं संवेदना की भावना के साथ ही ताज सुरक्षा पुलिस पर्यटकों की दिल से सेवा कर रही है। प्रतिदिन वह अपनी कार्यशैली से नई मिसाल कायम कर रही है। 20 अक्टूबर को एक पर्यटक मुर्गमनी तमिलनाडु से ताजमहल देखने आए थे। ताजमहल भ्रमण के बाद उनका पर्स रास्ते में गिर गया। जो प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलकराम घाटी को प्राप्त हुआ।

जिसमें नौ हजार पांच सौ रुपए एटीएम कार्ड, इविंग लाइसेंस, विभागीय पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक कागजात थे। लेकिन उनका कोई मोवाल नंबर नहीं था प्रभारी निरीक्षक द्वारा पर्स के मालिक की खोजबीन शुरू की गई। कोई मोबाइल नंबर ना होने के कारण मालिक तक सूचना करने में परेशानी हो रही थी। फिर कार्ड में रखा एक मोबाइल नंबर जो किसीइचिंग सिखाने वाली कंपनी का था उससे संपर्क कर उनके दूविंग लाइसेंस के आधार पर ट्रांसपोर्ट विभाग से उनका मोबाइल नंबर तलाशा गया। मोबाइल नंबर मिल जाने पर उनसे बात की गई और जब उन्हें उनके पर्स के मिलने की जानकारी दी गई तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। और यह सत्यापित होने के बाद कि यह पर्स उन्हीं का है उनकी धनराशि को उनके बैंक अकाउंट में डलवाया गया। और उनके सभी आवश्यक प्रपत्र एटीएम, विभागीय पहचान पत्र एवं दुइविंग लाइसेंस इत्यादि को पोस्ट ऑफिस के जरिए रजिस्टर्ड डाक से भेजा गया। पर्यटक के सभी धनराशि एवं कागजात सुरक्षित मिल जाने के बादपर्यटक ने ताज सुरक्षा पुलिस के लिए आभार मैसेज प्रेषित कर अपने अनुभव साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि ताज सुरक्षा पुलिस प्रशंसा की पात्र है और और पुलिस के लिए एक गौरव की बात है कि उसको ईमानदारी की चर्चा उत्तर प्रदेश में ही नहीं तमिलनाडु तक की जा रही है। निश्चित रूप से आगरा पुलिस की कामयाबी में पुलिस के उच्चाधिकारियों का मार्गदर्शन कुशल निर्देशन एवं जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण संभव हो सका है। प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलकराम भाटी द्वारा उच्चाधिकारियों के निदेशों का कड़ाई से पालन करते हुए अपने अधीनस्थ नियुक्त सभी कर्मचारियों में पालन किए जाने के लिए व्यावहारिक तरीके से समझाया जा रहा है। और अपनी एक अलग छवि बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## डिवाइडर पर चढ़ा टैंकर, पलटने से बचा



**मथुरा।** मथुरा भरतपुर मार्ग पर आज एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। पशुओं को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित टैंकर डिवाइडर पर चढ गया। चालक परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली। इस सब से मथुरा-भरतपुर मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी और यहां से गुजरने वाले वाहन जाम में फंसे रहे।

मामला भरतपुर रोड स्थित जाजमपटटी के पास का है। आज तडके यहां से टैंकर चालक तेजगति से गुजर रहा था तभी सामने से आये पशुओं को बचाने के चक्कर में टैंकर अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर पर चढ गया। गनीमत रही कि टैंकर पलटने से बाल-बाल बच गया और चालक परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन इससे यातायात बाधित हो गया और लोगों की भारी भीड़ लग गयी। हादसे के चलते मथुरा- भरतपुर मार्ग पर घंटों जाम लग गया और वाहनों की लंबी कतार लग गयी। बाद में सूचना पर पुलिस ने क्रेन की मदद से टैंकर को डिवाइडर से हटवाया जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

संक्षेप

## भारत पांच साल में वैश्विक खिलाड़ी के रूप में उभरा

नयी दिल्ली। पिछले पांच साल के दौरान भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पेट्रोलियम, रत्न, कृषि रसायन और चीनी जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भारत ने 2018 और 2023 के दौरान इन क्षेत्रों में वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल सामान, न्यूमेटिक टायर, नल और वॉल्व, तथा सेमीकंडक्टर उपकरणों में भी हिस्सेदारी बढ़ी है। मंत्रालय के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2023 में पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 84.96 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसके साथ ही वैश्विक व्यापार में भारत की बाजार हिस्सेदारी 2018 के 6.45 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.59 प्रतिशत हो गई।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल अपने पुराने रिकॉर्ड पीछे छोड़े

बेंगलुरु। अमेजन इंडिया ने आज बताया कि पूरे एक महीने तक चलने वाला उसका अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 देश भर में ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा खरीदारी उत्सव रहा है। 24 घंटे के प्राइम अर्ली एक्सेस के साथ एजीआईएफ 2024 का शुभारंभ 27 सितंबर को हुआ था। इसमें ग्राहकों को लैपटॉप, टीवी, स्मार्टफोन, फैशन एवं ब्यूटी, होम डेकोर, अप्लायंसेज, फर्नीचर और ग्रॉसरी जैसी श्रेणियों में शीर्ष ब्रांडों के 25,000 से अधिक नए उत्पादों को खरीदने का शानदार मौका मिला। एजीआईएफ 2024 ने विक्रेता की सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए और पिछले साल की तुलना में विक्रेताओं की बिक्री में 70प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई, जो एक करोड़ से अधिक थी। ऑनलाइन मार्केटप्लेस ने अपनी फॉस्?ट डिलीवरी की क्षमता को और बढ़ाया, पूरे भारत में प्राइम मेंबर्स को 3 करोड़ से अधिक उत्पाद उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए गए इस प्रकार इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 26 फीसद की शानदार वृद्धि देखी गई।

## कार्तिक आर्यन ने अपने अनुभव के बारे में बताया

कानपुर। हमने पिछले हफ्ते दो पत्ती के कलाकारों की रोमांचक कहानियों का आनंद लिया और अब नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 में भूल भुलैया 3 के स्टार-स्टडेड कलाकारों और क्रू - कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी, राजपाल यादव और अनीस बज्मी के साथ आमी जे तोमार के लिए खुद को तैयार करें। यह दिवाली स्पेशल एपिसोड एक डरावने किस्से के साथ आता है, जो पहले कभी नहीं देखी गई भुतिया दिवाली एपिसोड बनाता है।इस एपिसोड में ऐसा ही एक डरावना पल तब आता है, जब कपिल के पूछने पर कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 की शूटिंग के दौरान अलौकिक शक्तियों का सामना करने के अपने असल जिंदगी के अनुभव के बारे में बताते हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया कि ऐसा तब हुआ जब हम लोग (भूल भुलैया 3) के सेट पर शूट कर रहे थे। एक बड़ी हवेली थी, अंधेरा था, पूरा माहौल ही डरावना सा था। हमारा शॉट लेने से पहले मैं किसी से बात ही कर रहा था, कि अचानक से किसी ने मुझे पीछे से स्क्रैच कर दिया।

## स्वास्तिक प्रोडक्शन का म्यूजिक वीडियो लॉन्च

मुंबई। अपने पौराणिक और आध्यात्मिक टीवी प्रोडक्शन के लिए प्रतिष्ठित स्वास्तिक प्रोडक्शन ने भगवान हनुमान की गौरवशाली कथाओं का उत्सव मनाने के लिए अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया। वीर हनुमान नामक यह कार्यक्रम 30 अक्टूबर 2024 को हुआ और इस अवसर पर ख्यात गायक हर्षित सक्सेना द्वारा स्वरित एक म्यूजिक वीडियो भी लॉन्च किया गया। इस शाम का सबसे खास हिस्सा रोमांचकारी नया म्यूजिक वीडियो रहा, जो कि प्रभु हनुमान को समर्पित है और उनके जीवन काल की और बाल हनुमान के रूप में उनकी लीलाओं का वर्णन करता है, साथ ही लंका की उनकी यात्रा को बताता है और प्रभु श्रीराम द्वारा उन्हें अयोध्या के कोतवाल के रूप में स्थापित करने जैसे अद्भुत दृश्यों को प्रस्तुत करता है, जो कि उनके साहस और उनकी भक्ति को स्वास्तिक प्रोडक्शन की ओर से दी गई एक आदरांजलि है। स्वास्तिक प्रोडक्शन परंपराओं और नए कलात्मक माध्यमों को जोड़ने का काम सालों से करता आया है। लेकिन यह पहला और एकमात्र प्रोडक्शन हाउस है, जिसने इतने भव्य स्तर पर हनुमानगढ़ी पर गाना रचा है।

# कंपनियों की पूंजी 1.07 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,07,366.05 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ।



बीएसई और एनएसई पर एक नवंबर को नव संवत 2081 की शुरुआत के मौके पर मुहूर्त कारोबार आयोजित किया गया। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 321.83 अंक या 0.40 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 36,100.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,32,755.93 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 25,775.58 करोड़ रुपये बढ़कर 9,10,686.85 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी की बाजार हैसियत 16,887.74 करोड़ रुपये बढ़कर 5,88,509.41 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज की 15,393.45 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 18,12,120.05 करोड़ रुपये हो गई। आईटीसी ने सप्ताह के दौरान 10,671.63 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार पूंजीकरण 6,13,662.96 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 2,537.56 करोड़ रुपये बढ़कर 5,96,408.50 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट इन्फोसिस की बाजार हैसियत 38,054.43 करोड़ रुपये घटकर 7,31,442.18 करोड़ रुपये पर आ गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 27,299.54 करोड़ रुपये घटकर 9,20,299.35 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस के मूल्यांकन में 26,231.13 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 14,41,952.60 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,662.78 करोड़ रुपये घटकर 13,26,076.65 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपये (करीब 11.2 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाले हैं। इस तरह यह एफपीआई की निकासी के मामले में सबसे खराब महीना रहा है। घरेलू बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन तथा चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए हैं।



इससे पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च, 2020 में शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे।

एफपीआई ने इस ताजा निकासी से पहले सितंबर में शेयरों में 57,724 करोड़ रुपये डाले थे। यह उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर था। अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे थे। भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रम, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, चीनी अर्थव्यवस्था में प्रगति और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे जैसे वैश्विक घटनाक्रम भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजे और त्योहारी मांग के आंकड़ों पर एफपीआई की निगाह रहेगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। पूरे महीने में सिर्फ एक दिन एफपीआई लिवाल रहे हैं। इस तरह 2024 में शेयरों में उनका कुल निवेश घटकर 6,593 करोड़ रुपये रह गया है। एफपीआई की बिकवाली की वजह से प्रमुख सूचकांक अपने शीर्ष स्तर से काफी नीचे आ गए हैं। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान बॉन्ड से सामान्य सीमा के माध्यम से 4,406 करोड़ रुपये निकाले हैं और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) से 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# आरआईएनएल को चलती स्थिति में बनाये रखने के लिए सरकार ने कंपनी में डाले 1650 करोड़

नयी दिल्ली। सरकार ने परिचालन और वित्तीय मुद्दों से जूझ रही सार्वजनिक क्षेत्र की राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल) में करीब ।,650 करोड़ रुपये डाले हैं। एक आधिकारिक दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

इस्पात मंत्रालय ने एक नोट में कहा गया है कि सरकार आरआईएनएल को चलती हालत में बनाए रखने के लिए कई उपाय कर रही है। दस्तावेज के अनुसार, इस संबंध में भारत सरकार ने 19 सितंबर, 2024 को कंपनी में इक्विटी के रूप 500 करोड़ रुपये डाले हैं। इसके अलावा 27 सितंबर, 2024 को कंपनी को कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए ।,140 करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एसबीआई कैपिटल को आरआईएनएल की व्यवहार्यता पर एक रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा गया है। इसमें कहा गया है, आरआईएनएल गंभीर वित्तीय संकट में है और इस्पात मंत्रालय... वित्त मंत्रालय के परामर्श से आरआईएनएल को चालू हालत में बनाए रखने के लिए कई कदम उठा रहा है। इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली आरआईएनएल एक इस्पात निर्माण कंपनी है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में इसका 75 लाख टन का संयंत्र है। कंपनी गंभीर वित्तीय और परिचालन से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही है। आरआईएनएल का कुल बकाया 35,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। जनवरी, 2021 में, मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने रणनीतिक विनिवेश के माध्यम से आरआईएनएल में सरकारी हिस्सेदारी के 100 प्रतिशत विनिवेश के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। इसे विशाखापत्तनम स्टील प्लांट या विजाग स्टील भी कहा जाता है। कंपनी के निजीकरण के सरकार के फैसले का श्रमिक संघों ने विरोध किया था। उनका कहना था कि आरआईएनएल के पास खुद के इस्तेमाल वाली लौह अयस्क खान नहीं है, जिसकी वजह से उसे मौजूदा संकट झेलना पड़ रहा है।

# विदेशों में मजबूती, मांग बढ़ने से बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में तेजी और खाद्य तेलों की मांग बढ़ने के कारण देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। देशी डी-आयल्ड केक (डीओसी) के महंगा होने की वजह से कमजोर निर्यात मांग के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखने को मिली।



बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बायोडीजल निर्माण में खाद्य तेल-तिलहनों का इस्तेमाल बढ़ने के कारण विदेशों में सीपीओ और सोयाबीन डीगम तेल के दाम निरंतर मजबूत हो रहे हैं। खाद्य तेल-तिलहनों के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से विदेशों में डीओसी का उत्पादन बढ़ने लगा है और वहां डीओसी का बाजार टूटा है। ऊंचे भाव के कारण देशी डीओसी की निर्यात मांग निरंतर घटने लगी है। इसी वजह से देश में सोयाबीन फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम पर बिक रही है। आयातित तेल से अब भी देशी तेल महंगा है। इसकी वजह से सोयाबीन तेल की मांग प्रभावित हुई है। अगर सरकार को किसानों को उनकी फसल के वाजिब दाम दिलाने हैं तो किसानों को सोयाबीन डीओसी के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देनी पड़ेगी। दूसरी ओर सप्ताहांत के दिनों में विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने तथा शिकॉगो एक्सचेंज में मजबूती से सोयाबीन तेल के दाम तेज रहे। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बाजार तेज होने और घरेलू मांग में सुधार के कारण मूंगफली तेल-तिलहन में मजबूती रही। वैसे राजस्थान जैसे राज्यों में सोयाबीन, सूरजमुखी और मूंगफली तिलहन एमएसपी से नीचे दाम पर बिक रहा है। सरकार के एमएसपी में बढ़ोतरी करने के बाद आयातित तेलों के सामने मूंगफली जैसे खाद्य तेल का बाजार ही नहीं है। इस ओर सरकार को ध्यान देना होगा कि देशी तेल-तिलहनों का बाजार विकसित हो, नहीं तो केवल सरकारी खरीद होने से स्थिति नहीं सुधरेगी। सूत्रों ने कहा कि यह गलत धारणा है कि खाद्य तेलों के दाम में साधारण वृद्धि से महंगाई बढ़ती है। बल्कि इसके उलट खाद्य तेलों का दाम बांधने के कारण देशी तेल-तिलहनों की पेराई प्रभावित होने से दूध, घी, चिकेन, अंडे आदि के दाम बढ़ते हैं क्योंकि इनका उत्पादन बढ़ाने में तिलहन से प्राप्त होने वाले खल और डीओसी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से तय होगी बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों और घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।




विशेषज्ञों ने कहा कि यह सप्ताह काफी घटनाक्रमों वाला रहेगा। सप्ताह के दौरान कई वृहद आर्थिक आंकड़े आने हैं, जो बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इसके अलावा वैश्विक रुख से भी बाजार को दिशा मिलेगी। यह सप्ताह वैश्विक मोर्चे पर घटनापूर्ण होने वाला है। पांच नवंबर को होने वाला अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर सभी की निगाह है। इसके अलावा अमेरिकी एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक महत्वपूर्ण होगी। भू-राजनीतिक दबाव और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार को प्रभावित करेंगी। घरेलू मोर्चे पर दूसरी तिमाही के नतीजों का अंतिम चरण काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। साथ ही सभी की निगाह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख पर रहेगी। बाजार का परिदृश्य अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई, सेवा पीएमआई, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, अमेरिकी एसएंडपी ग्लोबल कम्पोजिट पीएमआई, ग्लोबल सेवा पीएमआई और बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) के ब्याज दर पर निर्णय से दिशा लेगा। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने एक नवंबर को दिवाली के अवसर पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार आयोजित किया, जो नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक है। इस सप्ताह निवेशकों की निगाह अमेरिकी बाजार के घटनाक्रमों पर रहेगी। खासकर पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव और फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक पर। घरेलू मोर्चे पर डॉ. रेड्डीज, टाइटन, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स सहित अन्य कंपनियों के तिमाही नतीजे आएंगे। साथ ही एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई और सेवा पीएमआई जैसे प्रमुख आंकड़े जारी होंगे, जो बाजार की दृष्टि से काफी महत्व रखते हैं।

# कीमतें घटने से सितंबर तिमाही में सीमेंट कंपनियों का मुनाफा प्रभावित

नयी दिल्ली। देश की प्रमुख सीमेंट कंपनियों के मार्जिन में सितंबर तिमाही में गिरावट आई है। इसकी मुख्य वजह कीमत कम होना है, जिससे सीमेंट कंपनियों की प्राप्तियां घटी हैं।

देश की तीन प्रमुख सीमेंट कंपनियों - अल्ट्राटेक सीमेंट, अंबुजा सीमेंट और डालमिया भारत को छोड़कर अन्य मसलन नुवोको विस्टास कॉर्प, जेके सीमेंट, बिड़ला कॉरपोरेशन और हीडलबर्ग सीमेंट सहित अन्य छोटे खिलाड़ियों के मुनाफे और राजस्व में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में गिरावट आई है। उद्योग विश्लेषकों का कहना है कि अल्ट्राटेक और अंबुजा सीमेंट्स की बिक्री की मात्रा में वृद्धि मुख्य रूप से दोनों कंपनियों द्वारा कई अधिग्रहणों के कारण हुई है, जिससे उद्योग में उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। उद्योग को मानसून के लंबे समय तक रहने, बाढ़ और सरकारी मांग में धीमी वृद्धि जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा, जिससे कुल मिलाकर मांग कमजोर हुई। हालांकि, उद्योग के लिए बिजली, ईंधन और अन्य लागत काफी हद तक स्थिर रहीं।

जून, 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर सीमेंट की औसत कीमत लगभग 348 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग थी। सितंबर में यह सालाना आधार पर 11 प्रतिशत घटकर 330 रुपये प्रति बैग रह गई। हालांकि, मासिक आधार पर इसमें दो प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इक्रा की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में सीमेंट की कीमतें सालाना आधार पर 10 प्रतिशत घटकर 330 रुपये प्रति बैग रह गईं। एक साल पहले सीमेंट की औसत कीमतें 365 रुपये प्रति बैग और 2022-23 में 375 रुपये प्रति बैग थीं। अग्रणी सीमेंट निर्माता अल्ट्राटेक ने सितंबर तिमाही में मात्रा के लिहाज से तीन प्रतिशत की वृद्धि के साथ 68 प्रतिशत क्षमता का उपयोग किया है। हालांकि, जुलाई-सितंबर की अवधि में ग्रे सीमेंट की बिक्री प्राप्ति में सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 2.9 प्रतिशत की गिरावट आई। देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी अंबुजा सीमेंट्स की सितंबर तिमाही में बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1.42 करोड़ टन (एमटी) रही।

पेज एक का शेष

## दिल्ली की वायु

विहार में एक्यूआई 400 से अधिक रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बेहद खराब, 401 से 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर एक्यूआई को बेहद गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 94 प्रतिशत रहा। आईएमडी ने दिन में आसमान साफ रहने तथा अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के बावजूद दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की रोकथाम के लिए उठाए गए कदम अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। पीयूसी के बिना वाहन चल रहे हैं पुराने वाहन प्रदूषण फैला रहे हैं निर्माण स्थलों पर प्रदूषण नियंत्रण के उपाय नहीं किए जा रहे हैं। सीएक्यूएम ने सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं ताकि ग्रेप 2 के प्रावधानों को लागू किया जा सके। एनसीआर में प्रदूषण की रोकथाम के लिए लगे ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान)- एक व ग्रेप-2 के प्रावधानों और प्रतिबंधों का सख्ती से पालन नहीं हो रहा है। एनसीआर की सड़कों पर बगैर पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र) के वाहन रफ्तार भर रहे हैं। अपनी उम्र पूरी कर चुके वाहन भी सड़कों पर प्रदूषण फैला रहे हैं। कई निमार्णाधीन और विध्वंस स्थलों पर प्रदूषण की रोकथाम के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा ग्रेप के नियमों का पालन नहीं करने पर की कार्रवाई के आंकड़े हकीकत दिखा रहे हैं। इस बीच दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर सीएक्यूएम ने दिल्ली सहित एनसीआर में प्रदूषण की रोकथाम के लिए जिम्मेदार सरकारी एजेंसियों को सख्ती बढ़ाने और कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं।एनसीआर में 15 अक्टूबर को ग्रेप-एक व 22 अक्टूबर को ग्रेप-2 के प्रावधानों को लागू किया गया था। सीएक्यूएम ने प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए गए प्रावधानों पर कार्रवाई की निगरानी व फॉलोअप के लिए एनसीआर से संबंधित राज्यों में ग्रेप निगरानी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जिसका प्रमुख सीएक्यूएम के सदस्य को बनाया गया है। सेंट्रल कंट्रोल रूम व राज्यों के नोडल अधिकारियों के बीच बिना रोकटोक के एक दूसरे तक सूचनाएं पहुंचाने के लिए एक वाट्सऐप ग्रुप भी बनाया गया है। आयोग के अनुसार ग्रेप लगने के बाद 15 से 31 अक्टूबर के बीच एनसीआर में सात हजार निर्माण व विध्वंस स्थलों का निरीक्षण किया गया। जिसमें से 653 निर्माण व विध्वंस स्थलों पर प्रदूषण की रोकथाम के लिए उपाय नहीं किए गए थे। इस वजह से 597 निर्माण व विध्वंस स्थलों पर काम करने वाली एजेंसियों के खिलाफ जुमार्ने के रूप में पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क लगाया गया है। 56 निर्माण व विध्वंस स्थल बंद करा दिए गए हैं।

एनसीआर में पीयूसी नहीं होने पर 54 हजार वाहनों के चालान किए गए हैं। वहीं समय पूरा होने के बाद भी सड़कों पर रफ्तार भरने वाले 3900 पुराने वाहन जब्त किए गए हैं। करीब 1400 औद्योगिक ईकाइयों व 1300 डीजल जनरेटर (डीजी सेट) का निरीक्षण किया गया। नियमों का पालन नहीं होने पर कई डीजी सेट बंद कराए गए। ठोस कचरा प्रबंधन में भी लापरवाही बरती जा रही है और कूड़ा जलाने की धटनाएं भी हो रही हैं। सीएक्यूएम की टीम ने अवैध मलबा डालने की साइटों का भी निरीक्षण किया है। सीएक्यूएम के अनुसार एनसीआर में ऐसे 5300 निरीक्षण किए गए हैं। इस दौरान कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सीएक्यूएम ने दावा किया है कि सड़कों पर धूल की रोकथाम व पानी की छिड़काव के लिए एनसीआर में वाटर स्प्रिंकलर व एंटी स्माग गन बढ़ाए गए हैं। दिल्ली में सड़कों की सफाई व धूल हटाने के लिए औसतन 81 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन (एमआरएसएम) प्रतिदिन लगाए जाते हैं। वहीं एनसीआर में स्थित हरियाणा और उत्तर प्रदेश के शहरों में 36 मशीनें हैं। इसी तरह एनसीआर में प्रतिदिन औसतन 600 वाटर स्प्रिंकलर व 600 एंटी स्माग गन तैनात किए गए हैं।

## कार सवार ने

यातायात पुलिसकर्मियों को बोनट पर टांग कर कार को दौड़ा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार रात किशनगढ़ पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने पुलिस को बताया कि बेर सराय लाल बत्ती के पास एक गाड़ी यातायात पुलिस के अधिकारी को टक्कर मारकर भाग गई है। हालांकि गाड़ी का नंबर वह नोट नहीं कर पाए। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि वारदात में दो यातायात पुलिसकर्मी एएसआई प्रमोद सिंह और हवलदार शैलेश चौहान घायल हुए हैं। उन्हें सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया है। वहां पर दोनों पुलिसकर्मियों का बयान लिया गया। यातायात पुलिस में तैनात एएसआई प्रमोद ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि शनिवार की रात वह हवलदार शैलेश के साथ शाम करीब 7.45 बजे बेर सराय मार्केट रोड (वेदांत देशिका मार्ग) पर तैनात थे। तभी एक कार लालबत्ती को नजरंदाज करते हुए उनकी ओर आने लगी। हवलदार शैलेश ने कार चालक को रोकने का इशारा किया तो शुरूआत में चालक ने कार रोक दी। जब शैलेश ने कार चालक को गाड़ी से बाहर आने को कहा तो वह वहां से भागने की कोशिश करने लगा और करीब 30 मीटर तक पुलिसकर्मी को बोनट पर टांग कर कार दौड़ाने के बाद उन्हें वहां छोड़कर भाग गया। जाते हुए उसने उन्हें टक्कर भी मार दी।

स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम व फॉरेंसिक की टीमों ने भी मौके का मुआयना कर जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस को वहां लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपी की कार का नंबर मिल गया है। कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि चालक कार के बोनट पर लटके पुलिसकर्मी को कैसे तेज गति से कार चलाते हुए ले जा रहा है।

## सीएम योगी

चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र आ सकते हैं और इस कारण पुलिस अलर्ट पर है। मुंबई के बांद्रा इलाके में 12 अक्टूबर को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## हावड़ा मेल

धमाका ट्रेन के सामान्य श्रेणी के डिब्बे में एक प्लास्टिक की बाल्टी में हुआ, जिसमें कुछ पटाखे रखे थे। उन्होंने कहा कि घटना की जांच जारी है।

## संविधान की रक्षा

लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यापारिक मित्रों के लिए सबकुछ किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी जी की सरकार केवल अपने बड़े कारोबारी मित्रों के लिए काम करती है। उनका मकसद आपको बेहतर जीवन देना नहीं है। यह आपके शिक्षित युवाओं के लिए नयी नौकरियों के अवसर देने के लिए नहीं है। यह बेहतर स्वास्थ्य या शिक्षा प्रदान करने के लिए भी नहीं है। प्रियंका ने रविवार को अपने भाई के साथ निर्वाचन क्षेत्र में जनसभा और नुक्कड़ सभाएं कीं। पार्टी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, अपनी चुनावी पारी की शुरुआत कर रहीं कांग्रेस महासचिव सात नवंबर तक केरल में रहेंगी।

## करोड़ों मतदाताओं

है। यहां पांच नवंबर को चुनावी तिथि से पहले ही बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंच रहे हैं। मतदान केंद्र की समन्वयक सुजैन का मानना है कि समय पूर्व मतदान प्रक्रिया के प्रति बहुत सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। हम मतदान प्रक्रिया में व्यस्त हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यहां वोट डालने वाले हर मतदाता को सभी जरूरी सहायता मिले। लोग समय पूर्व मतदान की सुविधा को लेकर बेहद उत्साहित हैं। जॉन जे कॉलेज में वोट डालने पहुंचे एक मतदाता ने कहा कि मुझे इस तरह की लचीली प्रणाली पसंद है। मैं सिर्फ इसलिए अपना वोट बर्बाद नहीं करना चाहता कि मैं मंगलवार को उपलब्ध नहीं रह पाऊंगा। यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण समय है और हम उस व्यक्ति को वोट नहीं देने का जोखिम नहीं उठा सकते, जो हमारा नेतृत्व करेगा।

## राजशाही अंदाज में

गिरि महाराज, महंत कमल भारती महाराज, महंत तीरथ गिरि महराज, महंत योगदानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर विद्या चेतन सरस्वती महाराज आदि शामिल हुए। नगर प्रवेश झूंसी के रामापुर से प्रारंभ होकर यमुना नदी के तट पर स्थित श्री मौज गिरि आश्रम में संपन्न हुआ।

जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज ने बताया कि इस नगर प्रवेश में विभिन्न प्रांतों से करीब एक हजार साधु संत आए हैं जो दत्तात्रेय जयंती तक मौज गिरि आश्रम में प्रवास करेंगे।

जूना अखाड़ा के साथ ही किन्नर अखाड़ा के साधु संत भी नगर प्रवेश में सम्मिलित हुए जिनमें किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण, महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि और अन्य साधु संत शामिल हुए। इस नगर प्रवेश में साधु संत घोड़े और रथ पर सवार होकर निकले और चौराहों पर पुलिस अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कीडगंज में नगर के महापौर गणेश केसरवानी ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ साधु संतों का माला पहनाकर स्वागत किया।

जूना अखाड़ा के संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा, आज यमुना के तट पर साधु संत पूजा पाठ करेंगे और दत्तात्रेय जयंती तक मौज गिरि आश्रम में प्रवास करेंगे। उन्होंने बताया, शरद पूर्णिमा के दिन जूना अखाड़ा के साधु संत रामापुर में आए थे और उस दिन गंगा स्नान किया। अब नगर प्रवेश के पूरे कार्तिक माह साथ साधु संत यमुना में स्नान करेंगे और कालिंदी उत्सव मनाएंगे। कुम्भ मेला क्षेत्र में भूमि आबंटित होने के बाद सरकार की अनुमति से हम कुम्भ मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। जूना अखाड़ा के नगर प्रवेश के दौरान किसी तरह के विघ्न से बचने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

संगम नगरी में महाकुम्भ मेला मकर संक्रांति (14 जनवरी 2025) से शुरू होकर महाशिवरात्रि तक चलेगा जिसमें 40 करोड़ से अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

## झारखंड में

रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनजातीय समुदाय के अधिकारों पर कोई असर न पड़े। उन्होंने कहा, यदि भाजपा झारखंड में सत्ता में आती है तो वह सरना धर्म कोड के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी और उचित निर्णय लेगी। झारखंड में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा। शाह ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो झारखंड में 2.87 लाख सरकारी नौकरियों सहित रोजगार के पांच लाख अवसर पैदा किए जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने और अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें निर्वासित करने के लिए कानून लाएगी। उन्होंने दावा किया कि अवैध प्रवासियों से माटी, बेटी, रोटी को खतरा है और भाजपा स्थानीय लोगों को सुरक्षा प्रदान करेगी। शाह ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन पश्चिम बंगाल और झारखंड में घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालेगी। शाह ने कहा, भ्रष्ट और असंवेदनशील हेमंत सोरेन सरकार के पांच साल के कार्यकाल के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराध में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इस अवधि के दौरान बलात्कार के मामलों में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई।




## बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन, ऑस्ट्रेलिया में कुछ खास करने का प्रयास : रोहित



मुंबई। कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला गंवाने के बाद स्वीकार किया कि स्टार बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन निश्चित रूप से भारत के लिए चिंता का विषय है लेकिन वादा किया कि टीम ऑस्ट्रेलिया में कुछ खास करने की कोशिश करेगी। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में मेजबान भारत को 3-0 से हरा दिया। रोहित (91) और विराट कोहली (93) तीन टेस्ट मैचों में 200 से कम रन बना पाए जो भारत की हार का प्रमुख कारण था। रोहित ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह चिंता का विषय है। अगर बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, जो हो गया, सो हो गया। एक खिलाड़ी के तौर पर, एक कप्तान के तौर पर, एक टीम के तौर पर, हम सभी को आगे के बारे में देखना होगा।

हमें देखना होगा कि हम यहां जो हासिल नहीं कर पाए, उसे कैसे सुधार सकते हैं। हमारे पास ऑस्ट्रेलिया में जाकर कुछ खास करने का अच्छा मौका है। हम इस पर ध्यान केंद्रित करेंगे। घरेलू मैदान पर शर्मनाक हार से भारत पहले ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष से खिसक चुका है। लेकिन रोहित अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे की चुनौती पर ही ध्यान देना चाहते हैं, उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम इतने आगे के बारे में सोच सकते हैं। मैं ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला से आगे नहीं सोचूंगा। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला हमारे लिए अब बहुत महत्वपूर्ण है। हम इसके बाद क्या होगा, इसके बारे में सोचने के बजाय श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करेंगे। रोहित ने कहा, हमारे कई खिलाड़ी पहले भी वहां खेल चुके हैं और कई खिलाड़ी पहले वहां नहीं खेले हैं, यही वजह है कि हम वहां थोड़ा पहले जाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम परिस्थितियों के अभ्यस्त हो सकें।

## हम आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहते थे : टॉम लैथम



मुंबई। भारत के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ करने से बेहद खुश न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने कहा कि उनके खिलाड़ी गेंद और बल्ले से आक्रामक और सक्रिय होकर मौके का फायदा उठाने में सफल रहे। भारतीय टीम जीत के लिए 147 रन का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में 121 रन पर आउट हो गयी। इस 25 रन की हार के साथ ही भारतीय टीम का घरेलू सरजमीं पर कम से कम तीन मैचों वाली टेस्ट श्रृंखला में पहली बार क्लीन स्वीप हुआ है। लैथम ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, बहुत बहुत खुश हूं। श्रृंखला की शुरुआत से लेकर इस स्थिति तक पहुंचने के लिए खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा काम किया है। मुंबई में इस जीत को हासिल करना और भी खास है। हम बल्ले और गेंद से मिली चुनौती से निपटने में सफल रहे।

उन्होंने कहा, हमारी टीम हर मैदान की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में सफल रही। खिलाड़ियों ने जिस तरह से अलग अलग परिस्थितियों में ने खुद को ढाला वो शानदार हैं। यह पूरी तरह से टीम प्रयास है। पिछले मैच में मिच और इस मैच में एजाज ने बढ़िया प्रदर्शन किया। हम यहां आक्रामक रूख अपनाना चाहते थे। बल्ले से आक्रामक रूख अपनाने के साथ हम गेंद से सजग प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे थे। इस श्रृंखला से पहले न्यूजीलैंड को श्रीलंका में 0-2 की करारी शिकस्त मिली थी। लैथम ने श्रीलंका में टीम के प्रदर्शन का बचाव किया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने वहां खराब प्रदर्शन किया। भारत दौरे पर टॉस हमारे पक्ष में रहा और हम मैच में दबदबा बनाने के लिए रन बनाने में सफल रहे। मैच में 11 विकेट लेने कर प्लेयर ऑफ द मैच बने एजाज पटेल ने कहा कि उन्होंने सिर्फ पिच का फायदा उठाने पर ध्यान केंद्रित किया और गेंद की उछाल को लेकर आश्वस्त थे।

### संक्षेप

## दीक्षा संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं, हुल ने जीता खिताब

रियाद। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर रविवार को यहां अरामको टीम सीरीज में संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं जबकि चार्ले हुल ने अंतिम दौर में 66 के कार्ड से खिताब अपने नाम किया। दीक्षा ने अंतिम दौर में हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर तीन अंडर 69 बनाया जिससे वह टूर्नामेंट में संयुक्त 29वें स्थान पर रही जबकि प्रणवी उर्स (76) संयुक्त44वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने अंतिम दौर में चार बर्डी और एक बोगी जबकि प्रणवी ने एक बर्डी लगाई और पांच बोगी कर बैठी।

## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने ओडिशा एफसी को हराया

गुवाहाटी। अलादीन अजराई के शानदार दो गोल और गिल्मों फर्नांडीज के गोल की मदद से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोमांचक मैच में ओडिशा एफसी को 3-2 से हरा दिया। ओडिशा के लिए हुगो बोमोस और डिएगो मौरिसियो ने गोल किये। अजराई ने 12वें और 40वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को 2-0 से बढ़त दिला दी। पर ओडिशा के लिए बोमोस ने 60वें मिनट में गोल दागा और स्कोर 2-। कर दिया। नॉर्थईस्ट यूनाईटेड के लिए फर्नांडिज ने 11 मिनट बाद तीसरा गोल दागा। मौरिसियो ने 83वें मिनट में गोल कर ओडिशा के लिए हार का अंतर कम किया।

## राशिद 25वें स्थान पर, ली बनें इंडोनेशिया मास्टर्स के चैम्पियन

जकार्ता। भारतीय गोल्फर राशिद खान रविवार को यहां बीएनआई इंडोनेशियाई मास्टर्स के आखिरी दौर में 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर रहे। शुरुआती दो दौर में 67-67 के कार्ड खेलने बाद वह संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थे लेकिन तीसरे दौर में 72 और चौथे दौर में 71 के कार्ड के कारण वह कुल 11 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में काफी नीचे खिसक गये। भारत के एसएसपी चौरसिया (68) सात अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें स्थान पर रहे जबकि 2023 के चैंपियन गगनजीत भुल्लर (72) संयुक्त 44वें स्थान पर रहे। कनाडा के रिचर्ड ली चौथे दौर में 70 का कार्ड खेलने के बाद कुल 23 अंडर के स्कोर के साथ इसके विजेता बने। उन्होंने सात साल के खिताबी सूखे को खत्म करते हुए एशियाई टूर अपना तीसरा खिताब जीता।

## भारत को अब ऑस्ट्रेलिया में 4-0 से जीतना ही होगा

**मुंबई।** न्यूजीलैंड ने भारत में 3-0 से टेस्ट जीतकर इतिहास रच दिया है। जबकि टीम इंडिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की राह को बहुत मुश्किल बना लिया है। टीम को अब बाकी टीमों पर निर्भर नहीं रहना तो 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली 5 टेस्ट की सीरीज में 4 मैच जीतने ही होंगे। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने भारत में टेस्ट सीरीज जीतकर फाइनल में पहुंचने के दरवाजे खोल लिए। अगर टीम भारत में हार जाती तो फाइनल की रेस से बाहर हो जाती, लेकिन उसने इतिहास रचा और अपनी उम्मीदें कायम रखीं। 5 टीमें अब भी फाइनल की दावेदार भारत की अपने ही घरेलू मैदान पर शर्मनाक हार के बाद 5 टीमों के हळउ फाइनल में पहुंचने के रास्ते खुल गए हैं। भारत और न्यूजीलैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें भी फाइनल में जगह बना सकती हैं। पांचों टीमें पॉइंट्स टेबल की टॉप-5 पोजिशन पर भी हैं।

# घर में मिली भारत को करारी शिकस्त

### भारतीय टीम नहीं बना सकी 147 रन, न्यूजीलैंड ने 3-0 से क्लीन स्वीप करके रचा इतिहास

एजेंसी




मुंबई। जब भारत के विश्व स्तरीय बल्लेबाज नौसीखिए नजर आ रहे थे तब न्यूजीलैंड ने इसका फायदा उठाकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही रविवार को यहां 25 रन से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से नया इतिहास रचा। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 174 रन बनाकर भारत के सामने 147 रन का लक्ष्य रखा लेकिन कई दिग्गज बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के लिए यह पहाड़ जैसा बन गया। ज षभ पंत की 64 रन की साहसिक पारी के बावजूद भारतीय टीम 29.1 ओवर में 121 रन पर ढेर हो गई।

यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम का अपनी धरती पर तीन मैच की श्रृंखला में सूपड़ा साफ हुआ। इससे पहले भारतीय टीम को अपनी धरती पर 2000 में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो मैच की श्रृंखला में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम का हाल में घरेलू मैदानों पर शानदार रिकार्ड रहा है लेकिन इस श्रृंखला में न्यूजीलैंड के सामने उसकी एक नहीं चली। मेहमान टीम ने परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठाकर खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया। भारत का स्पिनरों को मदद पहुंचाने वाली पिच तैयार करने का दांव उल्टा पड़ गया। अपनी इस शर्मनाक हार के लिए भारतीय टीम ही दोषी है। उसके सामने बहुत बड़ा लक्ष्य नहीं था लेकिन उसने जल्दबाजी दिखाई तथा 16 रन के अंदर पांच विकेट गंवाने से उसका स्कोर पांच विकेट पर 29 रन हो गया। भारत को लंच के बाद जीत के लिए 55 रन की दरकार थी और उसके चार विकेट बचे हुए थे। भारत की नैया पार लगाने की जिम्मेदारी पंत के कंधों पर था लेकिन उनके विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैच का रुख न्यूजीलैंड की तरफ मुड़ गया। न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने वानखेड़े स्टेडियम को फिर से अपने लिए भाग्यशाली साबित करते हुए 57 रन देकर छह विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स ने 42 रन के एवज में तीन विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया।

पंत ने न्यूजीलैंड की हर चुनौती का डटकर सामना किया लेकिन उनका आउट होना भारत के लिए करारा झटका था। न्यूजीलैंड ने पटेल की गेंद पर विकेट के पीछे कैच की अपील की जिसे अंपायर ने ठुकरा दिया। कीवी टीम ने रिव्यू लिया। रिप्ले से स्पष्ट नहीं हो रहा था कि गेंद बल्ले या दस्ताने को स्पर्श करके गई है लेकिन तीसरे अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया। भारत को कप्तान रोहित शर्मा की अति आक्रामकता वाला रवैया भारी पड़ा। रोहित शर्मा (11) ने दो चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन उन्होंने मैट हेनरी की उछाल लेती गेंद पर अपना पसंदीदा पुल शॉट लगाया। जब गेंद हवा में लहरा रही थी, हेनरी ने तभी जश्न मनाना शुरू कर दिया था क्योंकि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकों में से एक ग्लेन फिलिप्स कैच करने के लिए दौड़ लगा रहे थे और वह अपने साथी के भरोसे पर खरे भी उतरे। पहली पारी में 90 रन बनाने वाले शुभमन गिल केवल एक रन बनाकर एजाज पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। पटेल ने अभी तक 43 रन देकर चार विकेट लिए हैं। विराट कोहली (01) आते ही पवेलियन लौट गए। पटेल की फ्लाइट लेती गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई।

यशस्वी जयसवाल (05) दूसरे छोर से बल्लेबाजी का पतन देख रहे थे लेकिन जल्द ही वह इसका हिस्सा बन गए। फिलिप्स ने उन्हें पगबाधा आउट किया। सरफराज खान (01) ने फिर से स्वीप शॉट खेलकर अपना विकेट इनाम में दिया। अब पूरी जिम्मेदारी पंत पर थी। उन्होंने रविंद्र जडेजा (06) के साथ छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। पटेल की गेंद पर विल यंग ने शॉर्ट लेग पर शानदार कैच लेकर जडेजा को पवेलियन का रास्ता दिखाया। पंत के आउट होने के बाद वाशिंगटन सुंदर (12) और रविचंद्रन अश्विन (08) ने कुछ देर तक संघर्ष किया लेकिन इससे जीत का अंतर ही कम हो पाया। न्यूजीलैंड ने इससे पहले अपनी दूसरी पारी नौ विकेट पर 171 रन से आगे बढ़ाई लेकिन वह इसमें केवल तीन रन जोड़ पाया। जडेजा (55 रन देकर पांच विकेट) ने पटेल को आउट करके उसकी पारी का अंत किया और इस तरह से दूसरी पारी में भी पांच विकेट लेकर मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर, श्रृंखला की बराबर



नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के वनडे में पहला शतक और सैम कुरेन के साथ उनकी 140 रन की साझेदारी की मदद से इंग्लैंड में दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 15 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला ।-। से बराबर की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 328 रन बनाए। इंग्लैंड ने 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 329 रन बनाकर जीत दर्ज की। लिविंगस्टोन ने गुरुवार को पहले मैच में इंग्लैंड की आठ विकेट की हार में टीम की तरफ से सर्वाधिक 48 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए थे। उन्होंने दूसरे मैच में 77 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 85 गेंदों में नाबाद 124 रन बनाए।

उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और नौ छक्के लगाए जिससे इंग्लैंड वेस्टइंडीज में दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। फिल साल्ट के 59 रन और जैकब बेथेल (55)) के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने अच्छी शुरुआत की। इंग्लैंड का स्कोर एक समय चार विकेट पर 176 रन था। इसके बाद कुरेन (52) ने अपने कप्तान का अच्छा साथ देकर टीम को लक्ष्य तक पहचाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से कप्तान शाई होप ने 127 गेंद पर 117 रन की कप्तानी पारी खेली जिसमें उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा कीसी कार्टी (71) और शेरफेन रदरफोर्ड (54) ने अर्धशतक जमाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में योगदान दिया। श्रृंखला का तीसरा और निर्णायक मैच बुधवार को ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेला जाएगा।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स : सबालेंका व ओलिनी ने पहले दिन की जीत दर्ज



एजेंसी

रियाद (सऊदी अरब)। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने सऊदी अरब में चल रहे डब्ल्यूटीए फाइनल्स के पहले मैच में झेंग किनवेन पर सीधे सेट में जीत दर्ज की। सबालेंका ने शनिवार को 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की और चीन की खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 5-0 कर दिया। इस जीत से सबालेंका साल का अंत शीर्ष पर करने की ओर बढ़ रही हैं। बेलारूस की खिलाड़ी को नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए अपने तीन ग्रुप मैच में से केवल दो जीतने की जरूरत है। इटली की चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने ग्रुप मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को हराया। पाओलिनी ने साल के अंत में होने वाले टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में 7-6(5) 6-4 से जीत हासिल की।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक हार पर तेंदुलकर ने आत्मनिरीक्षण की मांग की**

मुंबई। भारतीय टीम का तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सूपड़ा साफ होने से स्तब्ध सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गजों ने टीम से आत्मनिरीक्षण का आह्वान करते हुए टेस्ट प्रारूप में अनावश्यक प्रयोग बंद करने और बेहतर पिचों पर खेलना शुरू करने का आग्रह किया। श्रीलंका से 0-2 की हार के बाद यहां पहुंची न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 25 रन से हार झेलने के बाद भारत को पहली बार घरेलू मैदान कम से कम तीन मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ वाली हार का सामना करना पड़ा।

## राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियानशिप में 31 टीम लेंगी भाग

एजेंसी



चेन्नई। हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप सोमवार से यहां शुरू होगी जिसमें देशभर की 31 टीम भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 16 नवंबर तक चलेगी जिसमें टीमों को आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में हर टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएगी जो 13 नवंबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 15 नवंबर को जबकि फाइनल और तीसरे नंबर के लिए खेले जाने वाला मैच 16 नवंबर को होगा। पूल ए में गत चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी तथा छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम जबकि पूल सी में तमिलनाडु की हॉकी यूनिट, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा। पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू कश्मीर शामिल हैं। पूल जी में हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात जबकि पूल एच में मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल हैं।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सही संयोजन बनाने पर ध्यान लगा है नये कप्तान रिजवान का**

मेलबर्न। पाकिस्तान के नए वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि सोमवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से अगले साल घरेलू मैदान पर होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी तैयारियों की शुरुआत होगी। पिछले रविवार को रिजवान ने बाबर आजम की जगह पाकिस्तान के कप्तान के रूप में कार्यभार संभाला था। पहले वनडे की पूर्व संध्या पर पीसीबी द्वारा जारी एक बयान में रिजवान ने कहा, अगले साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हमें काफी संख्या में वनडे मैच खेलने हैं।

## अनाहत ने कोस्टा ओपन पीएसए चैलेंजर खिताब जीता



**नयी दिल्ली।** युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया में कोस्टा नॉर्थ कोस्ट ओपन 2024 में महिला एकल का खिताब जीतकर साल की अपनी छठी पीएसए चैलेंजर ट्रॉफी हासिल की। टूर्नामेंट में तीसरी वरीयत 16 वर्षीय भारतीय ने फाइनल में जापान की छठी वरीयता प्राप्त अकारी मिडोरिकावा को सीधे गेमों में 3-0 (11-6, 11-6, 11-7) से हराया।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनाहत ने शानदार खेल दिखाया और केवल एक गेम गंवाया। सेमीफाइनल में उन्होंने हांगकांग की सातवीं वरीय क्रिस्टी वोंग को 3-।(11-5, 7-11, 11-7, 11-9) से मात दी। इससे पहले उन्होंने पहले राउंड में हांगकांग की बोबो लैम और हेलेन टैंग को हराया था। हांग्झोउ एशियाई खेलों में महिला टीम और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत को वरीयता के कारण पहले दौर में बाई मिली। इस साल की शुरुआत में उन्होंने जनवरी में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन लिटिल मास्टर्स और सीनियर टूर्नामेंट का खिताब जीता। इसके बाद अप्रैल में हमदर्द स्क्वाशर्टर्स नॉर्दर्न स्लैम पीएसए चैलेंजर का खिताब जीता। उन्होंने जून और अगस्त में क्रमशः एचसीएल स्क्वाश टूर के चेन्नई और कोलकाता चरण में जीत हासिल की तथा अगस्त में रिलायंस पीएसए चैलेंज 3 टूर्नामेंट भी जीता। अनाहत जापान में डायनाम कप एसक्यू-क्यूब ओपन के फाइनल में पहुंचीं लेकिन चोट के कारण उन्हें मिस्र की रुकय्या सलेम के खिलाफ खिताबी मुकाबले से हटना पड़ा।

## अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में भारत को 17 पदक

एजेंसी



नयी दिल्ली। पार्थवी ग्रेवाल, वंशिका गोस्वामी और हेमंत सांगवान ने कोलेराडो (अमेरिका) में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किये जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने 17 पदक जीत कर दमदार प्रदर्शन किया। आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में भारत की महिला मुक्केबाजों ने 10 पदक के साथ पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन किया।

पार्थवी ने महिलाओं के 65 किग्रा फाइनल में नीदरलैंड की आलिया होपेमा पर 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की जबकि वंशिका ने शनिवार को यहां महिलाओं की 80 किग्रा वर्ग में जर्मनी की विक्टोरिया गैट को महज एक मिनट और 37 मिनट में शिकस्त दे दी। हेमंत ने 90 किग्रा वर्ग में अमेरिका के रिशोन सिम्स पर 4-। के विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके पुरुष वर्ग में भारत का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। निशा (51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (54 किग्रा) और कृतिका वासन (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक जीतने वाले मुक्केबाजों में 11 खेलों इंडिया से जुड़े खिलाडी है जबकि इसमें से आठ साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) राष्ट्रीय उत्कृष्ठता केंद्र के प्रशिक्षु है। भारत के पदक विजेता

स्वर्णः कृषा वर्मा (महिला 75 किग्रा), पार्थवी ग्रेवाल (महिला 65 किग्रा), वंशिका गोस्वामी (महिला 80 से अधिक किग्रा), हेमंत सांगवान (पुरुष 90 किग्रा)।

रजतः निशा (महिला 51 किग्रा), सुप्रिया देवी थोकचोम (महिला 54 किग्रा), कृतिका वासन (महिला 80 किग्रा), चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (महिला 70 किग्रा), राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा)।

कांस्यः ज षि सिंह (पुरुष 50 किग्रा), कृष पाल (पुरुष 55 किग्रा), सुमित (पुरुष 70 किग्रा), आर्यन (पुरुष 85 किग्रा), लक्ष्य राठी (पुरुष 90 से अधिक किग्रा)।

## ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को सात विकेट से हराया

एजेंसी



मैकॉय (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया ए ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां भारत ए को चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच में सात विकेट से हराया जिसमें भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन गेंद बदलने के विवाद में फंस गए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 139 रन से आगे बढ़ाई। कप्तान नाथन मैकस्वीनी (नाबाद 88) और ब्यू वेबस्टर (नाबाद 61) ने चौथे विकेट के लिए 141 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। मैच के चौथे दिन की शुरुआत हालांकि गेंद बदलने को लेकर उठे विवाद से हुई। इस मामले को लेकर

**गेंद विवाद में फंसे ईशान किशन**

भारतीय खिलाड़ियों की अंपायर शॉन क्रेग के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। अंपायर को यह कहते हुए सुना गया कि गेंद पर खरोंच लगी थी जिसके कारण उसे बदला गया, जबकि किशन ने गेंद बदलने के फैसले को बेवकूफी भरा बताया। अंपायर क्रेग को स्टंप माइक्रोफोन में गेंद बदलने के अपने फैसले के बारे में बताते हुए सुना गया। वह कह रहे थे, गेंद पर स्क्रैच करो, हम उसे बदल रहे हैं। अब और बहस नहीं। चलो खेल शुरू करते हैं। इस पर किशन चुप नहीं रहे। उन्होंने जवाब दिया, तो हम इस गेंद से खेलने जा रहे हैं...यह बहुत ही मूर्खतापूर्ण फैसला है। इस पर क्रेग ने जवाब दिया, माफ करें, असहमति जताने पर आपकी शिकायत की जाएगी। यह अनुचित व्यवहार है। आपके कारनामों के कारण हमने गेंद बदल दी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बाद में बयान जारी करके कहा कि गेंद को खराब होने के कारण बदला गया तथा दोनों कप्तानों और टीम प्रबंधन को इसके बारे में चौथे दिन का खेल शुरू होने से पहले सूचित कर दिया गया था। किशन पर असहमति का आरोप नहीं लगाया जाएगा। भले ही गेंद बदल दी गई थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ए को पांच पेनल्टी रन नहीं दिए गए, जैसा कि आचार संहिता के अनुच्छेद 41.3.4 में कहा गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की आचार संहिता के तहत गेंद की स्थिति में बदलाव करना लेवल तीन का आरोप है।

# एलएसी पर चीन सैनिक हट रहे पीछे

## भारत, चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में कुछ प्रगति की : एस जयशंकर

एजेंसी



ब्रिस्बेन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत और चीन ने सैनिकों को पीछे हटाने की दिशा में कुछ प्रगति की है। उन्होंने इस घटनाक्रम को स्वागत योग्य कदम बताया। जयशंकर की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध वाले दो बिंदुओं-डेमचोक और देपसांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के पीछे हटने के कुछ दिनों बाद आई है। भारतीय सेना ने देपसांग में सत्यापन गश्त शनिवार को शुरू की, जबकि डेमचोक में गश्त शुक्रवार को शुरू हुई थी।

जयशंकर ने ब्रिस्बेन में प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, भारत और चीन के संदर्भ में हमने कुछ प्रगति की है। आप जानते हैं कि हमारे संबंध कुछ कारणों से बहुत ही खराब थे। हमने पीछे हटने की दिशा में कुछ प्रगति की है। विदेश मंत्री ने कहा, वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास बहुत बड़ी संख्या में चीनी सैनिक तैनात हैं, जो 2020 से पहले वहां नहीं थे और बदले में हमने भी जवाबी तैनाती की। इस अवधि के दौरान संबंधों के अन्य पहलू भी प्रभावित हुए हैं। इसलिए स्पष्ट रूप से, हमें पीछे हटने के बाद देखना होगा कि हम किस दिशा में आगे बढ़ते हैं। जयशंकर ने कहा, लेकिन हमें लगता है कि पीछे हटना एक स्वागत योग्य कदम है। इससे यह संभावना खुलती है कि अन्य कदम भी उठाए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले महीने रूस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात के बाद उम्मीद थी कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और मैं दोनों अपने समकक्षों से मिलेंगे। तो चीजें इस तरह हुई हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में कहा था कि पिछले कई हफ्तों की बातचीत के बाद भारत और चीन के बीच एक समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, जिससे 2020 में उठे मुद्दों का समाधान निकलेगा। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैनिकों को पीछे हटाने और गश्त करने पर सहमति बनी, जो चार साल से जारी गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। जून 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के संबंधों में गिरावट आई थी।

# मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत की सराहना व सम्मान करना सिखाया : कमला



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को प्रकाशित एक लेख में बचपन में की गईं भारत की अपनी यात्राओं और कैंसर का इलाज करने के अपनी मां के मिशन को याद किया। हैरिस ने दक्षिण एशियाई के ऑनलाइन प्रकाशन द जगरनॉट में प्रकाशित एक लेख में कहा, जब मैं और मेरी बहन बड़े हो रहे थे, तब मेरी मां ने हमें हमारी विरासत की सराहना और सम्मान करना सिखाया। हम लगभग हर दूसरे साल दिवाली के मौके पर भारत जाया करते थे। हम अपने दादा-दादी और अन्य रिश्तेदारों के साथ समय बिताते थे।

उन्होंने कहा, और उपराष्ट्रपति के तौर पर मेरे आवास (उपराष्ट्रपति के सरकारी आवास) पर दिवाली समारोह का आयोजन किया जाना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। इसका मकसद न केवल अवकाश मनाना है बल्कि दक्षिण एशियाई अमेरिकी प्रवासियों के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है। राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित अपने लेख में हैरिस ने कहा कि 19 साल की उम्र में उनकी मां श्यामला हैरिस भारत से अमेरिका आईं। उन्होंने लिखा, मेरी मां के जीवन के दो लक्ष्य थे: पहला- अपनी दो बेटियों- मेरा एवं मेरी बहन माया का पालन पोषण करना तथा दूसरा स्तन कैंसर का इलाज करना। राष्ट्रपति चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका के लोग एक ऐसा राष्ट्रपति चाहते हैं जो सभी अमेरिकियों के लिए काम करे।

## संक्षेप

### दिल्ली में महिला की हत्या, लिव-इन पार्टनर पर संदेह

नयी दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में 25 वर्षीय एक महिला की उसके लिव-इन पार्टनर ने कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उसे शनिवार रात 11 बजे फोन पर घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने कहा, 'पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। पुलिस ने बताया कि महिला को उसके भाई गोलू ने फंदे से लटका हुआ देखा। गोलू उसके साथ ही रहता था। पुलिस के अनुसार शव का शवगृह में निरीक्षण किया गया और उस पर कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई, लेकिन गले पर छोटे निशान दिखाई दिए। महिला के पति की बीमारी के कारण मौत हो गई थी।

### केजरीवाल शुरू करेंगे पदयात्रा

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज दिन में पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन से अपनी पदयात्रा फिर से शुरू करेंगे। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। फरवरी 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले आप नेता दिल्ली के कई विधानसभा क्षेत्रों में पैदल मार्च कर रहे हैं। आप के नेता संजय सिंह ने उक्त जानकारी दी।

# धर्मांतरण पर एससी का दर्जा मामले की समीक्षा कर रहे आयोग का कार्यकाल बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने उस आयोग का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है, जिसका गठन यह समीक्षा करने के लिए किया गया था कि क्या अपना धर्म बदलकर सिख और बौद्ध धर्म के अलावा अन्य धर्मों को अपनाने वाले व्यक्तियों को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा दिया जा सकता है।

एक नवंबर को जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। दरअसल आयोग को 10 अक्टूबर को अपना कार्य समाप्त करना था लेकिन उसने अपनी रिपोर्ट को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था जिसके बाद आयोग का कार्यकाल बढ़ाने का फैसला किया गया। इस आयोग का गठन छह अक्टूबर 2022 को जांच आयोग अधिनियम 1952 के तहत किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व प्रधान न्यायाधीश के जी बालाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित आयोग धर्म परिवर्तन के संदर्भ में जातिगत पहचान की बारीकियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए समाजशास्त्रियों, इतिहासकारों और प्रभावित समुदायों के प्रतिनिधियों सहित हितधारकों के साथ बातचीत कर रहा है।

# महाराष्ट्र में किसान सबसे ज्यादा उपेक्षित : कांग्रेस

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गठबंधन विश्वासघात के आधार पर बना है और राज्य की जनता वादे पूरे नहीं करने के लिए उन्हें माफ नहीं करेगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि राज्य में किसान सबसे ज्यादा उपेक्षित हैं, क्योंकि उनसे किए गए बड़े-बड़े वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, महायुति एक ऐसी सरकार है जो विश्वासघात पर बनी हुई है - भरोसे से विश्वासघात, विचारधारा से विश्वासघात और स्वयं महाराष्ट्र के लोगों से विश्वासघात पर। किसान इनके राज में सबसे ज्यादा उपेक्षित रहे हैं। सरकार ने उन्हें सिर्फ बड़े-बड़े वादे दिए हैं, हासिल कुछ भी नहीं हुआ है। कांग्रेस नेता ने कहा, जिन लोगों ने जलयुक्त शिवार का वादा किया था, उन्होंने केवल जलमुक्त शिवार ही दिया है। महाराष्ट्र उन्हें माफ नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2019 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मराठवाड़ा से एक जल ग्रिड बनाने के लिए 20,000 से 25,000 करोड़ के पैकेज का वादा किया था।

कहा गया था कि इससे हर गांव में पाइप से पीने का पानी पहुंचाया जाएगा। रमेश ने कहा, इस साल गर्मियों में इस वादे के पांच साल पूरे हो गए - और यह मराठवाड़ा में सबसे अधिक पानी की कमी वाले वर्षों में से एक था।

# श्रीलंका संसदीय चुनाव से संबंधित शिकायतों के मामलों में 190 गिरफ्तार

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका में हुए 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में अब तक छह उम्मीदवारों सहित 191 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। संसदीय चुनाव के लिए मतदान 14 नवंबर को होगा। पुलिस ने बताया कि उसे संसदीय चुनाव से संबंधित 168 शिकायत मिली हैं। समाचार पोर्टल न्यूजफर्स्ट.एलके ने पुलिस मीडिया प्रवक्ता डीआईजी (उप महानिरीक्षक) निहाल थलदुवा के हवाले से कहा, इसमें अपराध की 30 शिकायत और चुनाव कानूनों के उल्लंघन से संबंधित 138 शिकायत शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन 191 लोगों को 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में अब तक गिरफ्तार किया गया है उनमें चुनाव लड़ रहे छह उम्मीदवार भी शामिल हैं। पुलिस ने इन शिकायतों के संबंध में 45 वाहन भी जब्त किए हैं।

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसे संसदीय चुनावों से संबंधित।,259 शिकायत मिली हैं। समाचार पोर्टल ने कहा कि इनमें से 13 शिकायत हिंसा के संबंध में हैं।

# ईरानी-अमेरिकी पत्रकार को हिरासत में रखा गया : अमेरिका

एजेंसी



दुबई। ईरान पर इजराइल के हमले के बाद से बढ़े तनाव के बीच, एक ईरानी-अमेरिकी पत्रकार को तेहरान द्वारा हिरासत में रखे जाने की जानकारी मिली है। अमेरिकी प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एसोसिएटेड प्रेस को पत्रकार रेजा वलीजादेह को हिरासत में रखे जाने की जानकारी दी। यह जानकारी ऐसे समय में मिली जब ईरान द्वारा अमेरिकी दूतावास पर कब्जा किए जाने और लोगों को बंधक बनाए जाने की घटना के 45 साल पूरे हुए हैं। वलीजादेह रेडियो फर्दा के लिए काम करते थे। रेडियो फर्दा अमेरिकी सरकार द्वारा वित्त पोषित रेडियो फ्री यूरोपरेडियो लिबर्टी के अंतर्गत एक संस्थान है। वलीजादेह ने फरवरी में सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि उन्हें ईरान वापस लाने के प्रयास के तहत उनके परिवार के सदस्यों को हिरासत में लिया गया। वलीजादेह ने इसके बाद अगस्त में दो संदेश साझा किए थे जिनसे पता चला कि वह ईरान लौट आए हैं, जबकि ईरान का धर्मतंत्र रेडियो फर्दा को शत्रु संस्थान के रूप में देखता है।

पिछले कुछ सप्ताह से अटकलें लगाई जा रही हैं कि वलीजादेह को हिरासत में लिया गया है। ईरान में मामलों पर नजर रखने वाली ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी ने कहा कि इस साल की शुरुआत में देश में आने पर उन्हें हिरासत में लिया गया लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया। एजेंसी ने बताया कि इसके बाद उन्हें फिर से गिरफ्तार किया गया।

# पांच की जगह सात किलो मिलेगा राशन : सोरेन

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत गठबंधन सत्ता में आया तो लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मौजूदा पांच की जगह सात किलो राशन मिलेगा। सोरेन ने कहा कि झामुमो नीत गठबंधन पेंशन राशि भी बढ़ाएगा। सोरेन ने आरोप लगाया कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में 11 लाख राशन कार्ड और तीन लाख पेंशन रद्द कर दी गईं, जिसके चलते कई आदिवासी, दलित भूख से मर गए। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, मुझे गर्व है कि जहां भाजपा राज में भूख से मौतें आम थी।

# दिल्ली गोदाम में आग से दो लोगों की मौत

एजेंसी



नयी दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में रविवार तड़के फर्नीचर के एक गोदाम में भीषण आग लगने के बाद दम घुटने से दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों लोग गोदाम की छत पर एक कमरे में सो रहे थे।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा, तड़के चार बजकर 25 मिनट पर फर्नीचर गोदाम में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घटनास्थल से दो लोगों को निकाला गया और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि आग इमारत की छत से लगी। पुलिस ने एक बयान में कहा, परिसर की गहन तलाशी ली गई और छत पर एक कमरा अंदर से बंद मिला। टीम ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि अंदर दो लोग थे।

दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि मृतकों की पहचान श्रमिक अतुल राय (45) और रिक्शा चालक नंद किशोर (65) के रूप में हुई है। राय गोदाम में काम करता था और वहीं सोता था। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया उनकी मौत संभवतः दम घुटने से हुई। पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्वाई शुरू की जाएगी।

## इंटरटेनमेंट...

# भूल भुलैया : कहानी दिलचस्प, सही ढंग से दिखाने में नाकाम



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म भूल भुलैया-3 रिलीज हो गई है। फिल्म की लेंथ 2 घंटे 38 मिनट है। इस हॉरर कॉमेडी जॉनर वाली फिल्म को 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है। फिल्म की कहानी क्या है? कहानी की शुरूआत प्राचीन बंगाल के रक्तोघाट नाम की एक रियासत से होती है। वहां राज दरबार लगा हुआ है।

बैकग्राउंड में 'आमी जे तोमार' गाना बजता है। इस गाने पर एक महिला डांस करती रहती है। तभी राजा अपने अंगरक्षकों के साथ आते हैं, और उस महिला को जिंदा जला देते हैं। ठीक 200 साल बाद वर्तमान की कहानी शुरू होती है। रूह बाबा (कार्तिक आर्यन) अपने एक दोस्त के साथ लोगों को भूत छुड़वाने के नाम पर ठगने का काम करता है। तभी उसकी मुलाकात मीरा (तृप्ति डिमरी) से होती है। मीरा रूह बाबा को पैसे की लालच देकर रक्तोघाट ले जाती है। रूह बाबा महल पहुंचता है तो उसे नए-नए रहस्य पता चलते हैं। उसे पता चलता है कि महल में मंजुलिका नाम की एक चुड़ैल की आत्मा है। वो अपनी मौत का बदला लेना चाहती है। तभी मल्लिका (विद्या बालन) और मंदिरा (माधुरी दीक्षित) की एंट्री होती है। दोनों की एक्टिविटी मंजुलिका जैसी होती है। वे दोनों रुहान यानी रूह बाबा के पीछे पड़ जाती हैं। उन्हें लगता है कि रुहान की वजह से ही पिछले जन्म में मंजुलिका को मारा गया था। हालांकि, अंत में बहुत बड़ा राज खुलता है, जिससे कहानी पूरी बदल जाती है। अब यह राज जानने के लिए आपको फिल्म देखनी पड़ेगी। स्टारकास्ट की एक्टिंग कैसी है? भूल भुलैया-2 की तरह इस बार भी कार्तिक आर्यन रूह बाबा के किरदार में प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे हैं। वे कई सीन में अक्षय कुमार की याद दिलाते हैं। उनकी कॉमिक टाइमिंग से लेकर डरने की एक्टिंग जैसी सारी चीजें नेचुरल लगी हैं। इस बार उनका किरदार पहले की अपेक्षा थोड़ा हटकर और चुनौतीपूर्ण है।

माधुरी दीक्षित और विद्या बालन से बेहतर काम निकलवाया जा सकता था। खासतौर पर यहां विद्या की बात करनी जरूरी है। भूल भुलैया के पहले पार्ट में उन्होंने जो काम किया था, यहां उसका आधा भी नहीं दिखा है। वो पर्दे पर थकी हुई भी लगी हैं। तृप्ति डिमरी की एक्टिंग से ज्यादा उनकी बॉडी पर फोकस किया गया है। सपोर्टिंग एक्टर्स में विजय राज, संजय मिश्रा और राजपाल यादव का काम औसत है। डायरेक्शन कैसा है? कहानी अच्छी है, लेकिन स्क्रीनप्ले बिखरा हुआ है।

# दिलबर व कमरिया के लिए नोरा को नहीं मिली फीस

मुंबई। नोरा फतेही ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरूआत 2018 की फिल्म सत्यमेव जयते के सॉन्ग दिलबर से की। इस गाने को काफी पसंद किया गया। इतना ही नहीं यूट्यूब पर एक बिलियन से ज्यादा व्यूज हैं। हालांकि, नोरा को इसके लिए पैसे नहीं मिले। एक इंटरव्यू में नोरा ने बताया कि जब उन्हें दिलबर और कमरिया का ऑफर मिला, तब वे इंडिया छोड़ने का सोच रही थीं।

लेकिन फिर उन्हें लगा कि यह खुद को साबित करने का समय है। मेलबर्न के इंडियन फेस्टिवल में बात करते हुए नोरा ने कहा, 'इन गानों को मुझे अपनी शर्तों पर करना था। जब मैं निमार्ताओं से मिली, तो मुझे कोई पैसा नहीं मिला। मैंने मुफ्त में किया, क्योंकि मैंने सोचा कि ये पैसे कमाने का नहीं, बल्कि खुद को साबित करने और नाम बनाने का समय है।

# बिग बॉस के नये 'होस्ट' रवि किशन

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के स्टार और सांसद रवि किशन 'बिग बॉस 18' में आज से बतौर होस्ट नजर आएंगे। ऐसी चर्चा है कि उन्होंने बिग बॉस से सलमान खान को रिप्लेस कर दिया है। खास बातचीत के दौरान रवि किशन ने बताया कि सलमान खान बहुत बड़े लीजेंडरी हैं।

उनको कोई रिप्लेस नहीं कर सकता है। आइए जानते हैं कि बातचीत के दौरान रवि किशन ने बिग बॉस को लेकर और क्या कहा। ऐसा नहीं है। पहले तो मैं उन्हें प्रणाम करता हूं। वो बहुत बड़े लीजेंडरी हैं। मेरे बहुत अच्छे मित्रों में से हैं। उनको कोई रिप्लेस नहीं कर सकता है। उनका बहुत बड़ा मुकाम है। सलमान खान ही बिग बॉस के होस्ट हैं।

# अजय की दहाड़, रणवीर का अंदाज व अक्षय का कैमियो से भरपूर : सिंघम अगेन



**मुंबई।** रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स की लेटेस्ट और मल्टीस्टारर फिल्म सिंघम अगेन रिलीज हो गई है। फिल्म की लेंथ 2 घंटे 24 मिनट है। क्राइम ड्रामा जॉनर वाली इस फिल्म को 5 में से 3.5 स्टार रेटिंग दी है। फिल्म की कहानी क्या है? फिल्म की स्टोरी रामायण की कहानी से प्रेरित है। कहानी की शुरूआत कश्मीर से होती है।

डीसीपी बाजीराव सिंघम, उमर हाफिज (जैकी श्रॉफ) को पकड़ता है। सिंघम (अजय देवगन) की पत्नी अवनी (करीना कपूर) को जुबैर (अर्जुन कपूर) नाम का एक खूंखार अपराधी किडनैप कर लेता है। जुबैर और उमर के बीच एक कनेक्शन होता है, जिसकी वजह से यह बदले का खेल बन जाता है। जैसे भगवान श्रीराम मां सीता को रावण के चंगुल से बचाने के लिए लंका कूच करते हैं। इसी तरह डीसीपी बाजीराव सिंघम भी पत्नी अवनी को बचाने के लिए जुबैर के ठिकाने पर पहुंचता है। इस लड़ाई में सिंघम का साथ देने सूर्यवंशी (अक्षय कुमार), सिंबा (रणवीर सिंह), सत्या बाली (टाइगर श्रॉफ) और शक्ति शेट्टी (दीपिका पादुकोण) आती हैं। सिंघम अपनी पत्नी को कैसे उस चंगुल से बचा पाता है, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी पड़ेगी। स्टारकास्ट की एक्टिंग कैसी है? एक बार फिर से बाजीराव सिंघम के रोल में अजय देवगन छा गए हैं। उनकी डायलॉग डिलीवरी कमाल की है। रणवीर सिंह का फनी अवतार दर्शकों को खूब गुदगुदाएगा। टाइगर श्रॉफ का यहां भी हाई एक्शन सीक्वेंस देखने को मिला है। अक्षय कुमार का कैमियो भी प्रभावशाली है। सबसे अंत में चुलबुल पांडे (सलमान खान) भी आते हैं। उनका कैमियो फिल्म को और अधिक बड़ा बना देता है। कैसा है फिल्म का डायरेक्शन? रोहित शेट्टी ने फिल्म को विजुअली काफी रिच बनाया है।

सिंबा यानी रणवीर सिंह का विलेन जुबैर की टेरिटरी जलाने का सीक्वेंस ताली बजाने पर मजबूर कर सकता है। हनुमान जी ने जिस तरह मां सीता को बचाने के लिए लंका दहन किया था, यह सीन देख वही याद आएगा। कुछ-कुछ सीन्स जरूर थोड़े बचकाने लगते हैं। सीरियस मोमेंट पर कुछ सीन्स क्रिंज लगे हैं। बाकी रोहित शेट्टी ने फिल्म को ज्यादातर क्रिस्प रखने का प्रयास किया है, जिसकी वजह से दर्शक बोर नहीं होंगे।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com